CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK01 User: cci Time: 01-28-2026 23:02 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 29 जनवरी 2026 > माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 24 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत 5 की मौत

▶देखें अंदर

अर्जी खारिज कर SC बोला- फ्रॉड का एक और तरीका

▶देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

दादा

भावपूर्ण श्रद्धांजली

(1959 - 2026)

भारतीय जनता पार्टी, महाराष्ट्र प्रदेश

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-28-2026 21:36 Color:

आज जिम्मेदारी से बचकर आप कल के दायित्व से नही भाग सकते।

– अब्राहम लिंकन

किसकी लापरवाही

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसा और बारामती में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान का क्रैश होना - ये दो बिल्कुल अलग घटनाएं दिख सकती हैं, लेकिन दोनों ने ही देश को स्तब्ध कर दिया है और दोनों कई सवाल छोड़ गई है। अहमदाबाद केस की जांच अब भी जारी है और हर कुछ दिन ऐसी बातें सामने आती हैं, जिनसे मदद के बजाय उलझन ज्यादा होती है। वहीं, बारामती हादसा शुरू से कई गंभीर कमियों की ओर इशारा कर रहा है।

विजिबिलिटी की कमी । DGCA की ओर से दी शुरुआती जानकारी से साफ है कि विमान के पायलट को रनवे नहीं दिख रहा था। पहली बार लैंडिंग की कोशिश नाकाम हुई, तो विमान ने हवा में फिर से चक्कर लगाया। दूसरी बार भी शुरुआत में रनवे नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ देर बाद कहा गया कि रनवे दिखने लगा है। इसके कुछ क्षणों बाद ही भयानक हादसा हो गया।

बारामती विमान हादसा

खतरनाक स्थितियां । DGCA के मुताबिक, क्रू ने मेडे कॉल नहीं दी। विमानन क्षेत्र में मेडे वह चेतावनी है, जो अति गंभीर स्थिति में जारी की जाती है। अगर आखिरी वक्त में हालात पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं थे तो मेडे कॉल क्यों नहीं दी गई? दूसरी चिंता फ्लाइंग कंडीशन को लेकर है। बारामती में ट्रैफिक सर्विस और सूचनाएं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया नहीं, फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशंस की तरफ से उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे एयरफील्ड को अन-कंट्रोल्ड कहते हैं और आमतौर पर यहां सुविधाएं कम होती हैं। तो जब विजिबिलिटी का संकट था और दो बार रनवे नहीं दिखा, क्या लैंडिंग के जोखिम को नजरअंदाज किया गया?

अधूरी जांच । अजित पवार जिस विमान में सवार थे, वह VSR Ventures का है। सितंबर 2023 में इसी कंपनी का एक विमान मुंबई एयरपोर्ट पर हादसे का शिकार हो गया था। तब गनीमत रही कि उसमें किसी की जान नहीं गई। हालांकि उस दुर्घटना की अंतिम जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं हुई, जबकि ज्यादातर कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। ऐसे मामलों में देरी का मतलब है किसी और दुर्घटना को रोकने के लिए मिलने वाले समय को गंवा देना।

हर हादसा सबक । कंपनी के दोनों विमान अलग हैं और एक हादसे को दूसरे से नहीं जोड़ा जा सकता। यहां मकसद किसी पर दोष डालना भी नहीं। लेकिन, इस क्षेत्र में हर हादसा एक सबक होता है, जिससे सीख लेकर आगे कई हादसों को टाला जा सकता है। जब राजनीतिक तौर पर इतनी बड़ी क्षति हुई है, 5 जानें गई हैं, तब यह कहने भर से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती कि सेफ्टी जांच में सब सही मिला था।

गुस्ताख़ी माफ़

कतार पे चर्चा

'भई, ये आजकल कतार पर बवाल क्यों मचा हुआ है?' मियां फिरकी ने दुआ सलाम के ऐन बाद सवाल दाग दिया। उन्होंने जिस अंदाज में बड़े करीने से पान जमाने के बाद ये मसला उठाया, उससे अंदाजा लग गया कि आज भौजाई ने उन्हें नमक तेल की चिंता से मुक्त कर दिया है और वह पूरी फुरसत में हैं।

अखिलेश प्रताप सिंह

'अपना कुछ नहीं मियां। इधर तो क्या आगे, क्या पीछे, सबको लाइन सीधी रखनी है। मसला खास लोगों की अगली और पिछली कतार का है।' 'इसमें खफा होने की क्या बात है? पीछे बैठना तो हौसले वालों का काम है। याद तो तुम्हें भी होगा? अपन कैक्वेंचर जो गदर काटते थे किलास में, वैसा जिगरा दिखा पाए कभी, वो अगली कतार वाले?' मियां ने जवाब में सवाल भी कर दिया।

'मामला हौसले का नहीं, कद और सम्मान का है', मैंने समझाने की कोशिश की। 'ये कद क्या कला है भई, इसका कद् बनाना है क्या? हम पिछली कतार वालों ने कभी इसकी परवाह की? ये नए नए लोग हैं। इन्हें क्या मालूम कि हमारी सफ का वकार क्या है।' मियां एकदम हत्थे से उखड़ गए। पान की पीक को स्वच्छ अभियान के हवाले करते हुए उनने कहा, 'कतार की फिक्र कमजोर दिल वाले किया करते हैं।' 'फिर भी एक सलीका तो होता ही है, जिसका खयाल रखना चाहिए। वरना अव्यवस्था फैल जाए।' मैंने बुद्धिजीवी वाली मुद्रा में कहा। 'देखो, ऐसा है कि ये तुम गोल गोल मुंह बनाकर सलीका और व्यवस्था तो मत ही समझाओ। लड़ना ही है तो अगली और पिछली में किसी तरह फिट होने के लिए नहीं, बल्कि कतार तोड़ने के लिए लड़ो क्योंकि कतार तोड़ने वालों ने ही इस दुनिया को बदला है।'



मियां पूरे मूड में आ चुके थे। उन्हें और छेड़ना ठीक नहीं था। उनने भी पान की दूसरी गिलौरी जमाते हुए कहा, 'कतार का चक्कर ही बुरा है। जो अगली में आ जाते हैं, वे भूल जाते हैं कि कभी वे भी पिछली कतार में थे।'

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

सच्चा शिक्षक

सत्येंद्र नाथ बोस 1916 से 1921 तक कलकत्ता यूनिवर्सिटी में विज्ञान विभाग के एचओडी थे। एक दिन एम.एससी. के छात्र परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग लेकर उनके पास गए और कहा कि तैयारी के लिए उन्हें और समय चाहिए। बोस ने पूरे धैर्य और गंभीरता से उनकी बात सुनी। गहन विचार के बाद उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'मैं आपकी कठिनाइयों को समझता हूं, लेकिन परीक्षा तिथि बदलने का कोई ठोस और न्यायसंगत कारण नहीं है।' यह उत्तर छात्रों को रास नहीं आया। उन्होंने हड़ताल और अनशन की धमकी दी। ऐसे दबाव के क्षण में भी बोस विचलित नहीं हुए। मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा, 'पढ़ाई के लिए पूरा समय पहले से मिलता है, उसे अनुशासन के साथ जीवन में उतारना चाहिए। परीक्षा निकट आने पर अतिरिक्त समय की मांग करना उचित नहीं। मैं अपना पद छोड़ सकता हूं, पर अनुचित दबाव के आगे नहीं झुक सकता।' उनकी यह दृढ़ता छात्रों के लिए आईना बन गई। वे समझ गए कि न्याय, अनुशासन और सत्य से बड़ा कोई तर्क नहीं होता। आत्मचिंतन के बाद छात्रों ने बिना दबाव के परीक्षा तिथि स्वीकार की और निर्धारित समय पर परीक्षा दी। यह घटना सिखाती है कि एक सच्चा शिक्षक विद्यार्थियों को सही मार्ग कैसे दिखाता है।

Subrato Dhar

अजित पवार के जाने से महाराष्ट्र में आई सियासी शून्यता, बन सकते हैं नए समीकरण

अजित दादा बिन कैसी होगी राजनीति

अजित पवार के अचानक चले जाने से महाराष्ट्र की राजनीति पर दूरगामी असर होंगे। सवाल, एनसीपी, पवार घराना, मराठा राजनीति, आरक्षण, चीनी लॉबी, सहकारिता क्षेत्र - सभी प्रभावित होंगे इस हादसे से। कभी बारामती और पवार घराने के इर्दगिर्द घूमने वाली महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में दिखाई नहीं देती।



गंगाधर ढोबले

नेतृत्व का संकट | राज्य में इस समय 'ट्रिपल इंजन' सरकार चल रही है। अजित दादा के रूप में उसका एक इंजन फ्टरी से उतर गया है। विधानसभा में अजित गुट के 41 विधायक हैं, जबकि एकनाथ शिंदे के 57 और BJP के 132 विधायक। बहुमत का आंकड़ा 145 का है। जाहिर है कि सरकार पर अजित दादा के चले जाने का असर नहीं होगा, लेकिन उनके गुट में नेतृत्व शून्यता की स्थिति पैदा होगी।

टकराव और अवसर

- NCP अजित गुट के भीतर हो सकता है पद का संघर्ष
- पवार परिवार में एकजुटता की उम्मीद, पर मुश्किलें भी
- मराठा राजनीति बदलेगी, BJP के लिए बनेगा मौका

मुश्किल प्रश्न | अजित की NCP अभी BJP और शिंदे सेना के साथ महायुति में है। अब तक दो उपमुख्यमंत्री थे, उनके जाने के बाद एक पद खाली हो गया। अजित गुट इस पद का दावेदार अवश्य बना रहेगा। यहां अभी कोई सर्वमान्य चेहरा उभरता नहीं दिख रहा, फिर भी छगन भुजबल जैसे कुछ नेता अपना दावा ठोक सकते हैं। इससे आपस में संघर्ष पैदा होगा। यह संघर्ष गुट को कहां ले जाएगा, कितने गुट में बने रहेंगे या कहीं और चले जाएंगे या गुट महायुति में बना रहेगा या नहीं - ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब देना आज मुश्किल है। राजनीति में सब कुछ संभव और जायज होता है।

तीन चेहरे | एक संभावना यह बनती है कि शरद पवार गुट और अजित पवार गुट - दोनों आपस में मिल जाएं। इस तरह के प्रयोग हाल के चुनाव में हुए हैं। यह प्रयोग आगे चला तो एकीकृत NCP का नेतृत्व कौन करेगा, यह सवाल बना ही रहेगा। इस पर पवार परिवार में तीन नाम उभर सकते हैं- एक शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले, दूसरी अजित दादा की पत्नी सुनेत्रा और तीसरे उनके पुत्र पार्थ।

अभी थिलथ मुश्किल | सुप्रिया सुले के पास अभी अपने पिता शरद पवार के गुट का नेतृत्व है। उनके कारण ही अजित पवार हट गए और NCP दो टुकड़ों में बंट गई। सुप्रिया अभी सांसद हैं। उनकी भाभी सुनेत्रा बारामती से लोकसभा चुनाव हार गई थी, लेकिन बाद में राज्यसभा सांसद बन गईं। दोनों ननद-भौजाई सौम्य स्वभाव की हैं। अजित के पुत्र पार्थ, मावल से लोकसभा का चुनाव हार गए थे। राजनीति में उनका वजूद अभी जमा नहीं है। नेतृत्व को लेकर असहमति के चलते दोनों गुटों का एक होना तत्काल संभव दिखाई नहीं देता। इसलिए अजित गुट का अस्तित्व अभी बना रह सकता है और उनमें आपस में नेतृत्व के मतभेद टालने के लिए तात्कालिक तौर पर सुनेत्रा को प्रमुख बनाया जा सकता है। अजित और शरद गुट एक होते हैं या नहीं, लेकिन BJP फायदे में ही रहेगी। शिंदे गुट भी ताकतवर बना रह सकता है।

मराठा बिखरे हुए | मराठा राजनीति में भी अजित के जाने से पैदा हुई शून्यता भर पाना मुश्किल है। मराठा वैसे भी कई गुटों में बिखर चुके हैं। NCP दो गुटों में बंटी है - शरद पवार और अजित पवार गुट। वहीं, पृथ्वीराज चव्हाण और दिवंगत विलासराव देशमुख से जुड़े नेता अब भी कांग्रेस के साथ हैं। दूसरी ओर अशोक चव्हाण गुट और पद्मसिंह पाटील गुट BJP से जुड़े हैं। सुनेत्रा, पद्मसिंह पाटील घराने से ही हैं। उनके कारण ही अजित दादा BJP के करीब आ गए थे।

आरक्षण आंदोलन | अजित पवार के कारण मराठा आरक्षण आंदोलन पर अंकुश रहा, लेकिन अब वह जोर पकड़ सकता है। ऐसा लग रहा है कि जो इस आंदोलन को सक्षम नेतृत्व देगा, वही आगे मराठों का नेतृत्व करेगा। पर इससे मराठों और छगन भुजबल के नेतृत्व में OBC के बीच टकराव बढ़ सकता है। इसका सत्ता के गलियारों पर भी असर पड़ेगा।

नया टकराव | महाराष्ट्र की सहकारिता चीनी मिलें मराठों की राजनीति का केंद्र रही है। शरद पवार को अजित ने ही वहां चुनौती दी थी। अजित जैसे ताकतवर नेता के नहीं रहने से शरद पवार वहां अपने पैर फिर से जमा सकते हैं, लेकिन उनकी उम्र आड़े आएगी। पहले जैसी सक्रियता नहीं रहेगी। इसलिए वहां पैर पसारने का BJP को अवसर मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो पश्चिम महाराष्ट्र में BJP हावी हो सकती है। शिंदे की सेना वहां BJP को रोकने की कोशिश अवश्य करेगी। इसलिए मराठों और BJP में संघर्ष का नया मैदान उभर सकता है। 2029 के चुनाव तक ऐसी स्थिति बन सकती है। राजनीति में किसी के जाने से रिक्तता तो आती ही है, लेकिन यही रिक्तता नए संघर्ष भी पैदा करती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कांटे की बात

अमेरिका की खोज पर अब पछता रहे कोलंबस

UGC की ओर से सरकारी कॉलेजों और प्राइवेट यूनिवर्सिटियों में समता समिति बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों को सामान्य वर्ग के जातिवादी मानसिकता के लोग ही अपने विरुद्ध भेदभाव और साजिश मान रहे हैं। यह उचित नहीं है।

– मायावती, BSP अध्यक्ष

असंभव संवाद

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच बरसों की बातचीत के बाद आखिरकार मुक्त व्यापार समझौता हो गया। कभी भारत की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलंबस इस डील पर EU पदाधिकारियों से क्या कहते, जानने के लिए चलना होगा उनके समय में।

AI Image

डील की खबर मिलते ही कोलंबस का चेहरा एक पल के लिए चमका और फिर तुरंत ही बुझ गया। 'क्या आप इस समझौते से खुश नहीं हैं?' 'खुशी तो तुम्हारे वक्त के हिस्से आई है। मैं अफसोस में डूबा हूं कि अगर कैलकुलेशन में गलती न हुई होती तो सवा पांच सौ साल पहले ही समुद्र के रास्ते भारत पहुंच गया होता और क्या पता यह डील 500 साल पहले हो गई होती। तब यह उपलब्धि भी मेरे हिस्से आती।' 'हां, लेकिन आपने अमेरिका का रास्ता तो खोज लिया।' 'और अब उसी का गम है। तुम लोगों को नहीं पता, पर तुम्हारी सारी खबर हमें है। अमेरिका को खोजने के लिए मिली इज्जत अब शिकायतों में बदल गई है। काश। उस दिन रास्ता न भटका होता।' 'काश! पर भारत जाकर पता चला - होनी को कौन टाल सकता है।'

जनता जंक्शन इरफान

आर्थिक तंगी में है बापू का घर 'मणि भवन'

भारत की आजादी में मुंबई ने महती भूमिका निभाई, जिसका केंद्र बिंदु 'मणि भवन' रहा है। अंग्रेजों के जमाने में कॉम्बे इंप्रूवमेंट ट्रस्ट ने गांवदेवी एरिया विकसित किया, तब रेवाशंकर जकेरी ने लामबर्नम रोड पर प्लॉट लेकर 1912 में इमारत बनाई। गांधीजी के परमसनेही जकेरी ने उन्हें इमारत सौंपी, नाम था 'मणि भवन'। 1917 से 1934 तक बापू यहां रहे और टेरेस से जनता को संबोधित किया करते थे। यहीं से असहयोग आंदोलन, सत्याग्रह और स्वदेशी आंदोलन को दिशा मिली। लेकिन अफसोस की बात यह कि हेरिटेज ग्रेड-1 का दर्जा लिए 100 सालों से अधिक पुरानी बापू की यह धरोहर आज आर्थिक तंगी में है। करीब 50 वर्षों से मणिभवन में सेक्रटरी और यहां एग्जेक्यूटिव सेक्रेटरी मेघश्याम टी. आलगांवकर बताते हैं कि गांधी स्मारक निधि ने 1971 में 10 लाख रुपये दिए थे, जिसके ब्याज से इमारत की देखरेख होती है। 1996, 2005 और 2014 में सरकार से कुछ राशि जरूर मिली, लेकिन साल-संभाल के हिसाब से वह अपर्याप्त है।

सर्वेश पाठक

आमची मुंबई

30 जनवरी को कंसर्ट । अपने विद्यार्थी जीवन में मणिभवन से जुड़ी और अब ओवरऑल जिम्मेदारी निभा रहीं प्रेसीडेंट डॉ. कृपा नच्चर बताती हैं कि 1955 में इमारत को गांधी स्मारक और संग्रहालय का दर्जा मिला। 1959 में मार्टिन लूथर किंग यहां आए, तो लौटने को तैयार नहीं थे। तब यहां दिखावरजी केयर टेकर थे। दो मंजिला इमारत में लकड़ियों की कोकणी और गुजराती कारीगरी देखने लायक है। यहां बापू का कमरा, चरखा एवं व्यक्तिगत वस्तुएं, दुर्लभ तस्वीरें जस की तस हैं। ऑडिटोरियम में आज भी विद्यार्थी चरखा सीखने आते हैं। कल यानी शुक्रवार, 30 जनवरी को बापू की पुण्यतिथि पर यहां 'म्यूजिक ऑफ द चरखा-हे राम' कंसर्ट होने जा रहा है।

झांकी के जरिए जीवन दर्शन । गांधीजी के करीबी नरसीभाई ईश्वरभाई पटेल की पौत्री और मणिभवन की संयोजिका संध्या मेहता अपने दादाजी का किस्सा सुनाया : दन दिनों यहां लोगों का हुजूम उमड़ता। बापू कहते थे कि सीढ़ियां चढ़ने वाली से अनुरोध करें कि हाथपट्टिका (रेलिंग) संभालकर पकड़ें। 1930 का वह वाकया बापू के सेक्रेटरी महादेव देसाई की डायरी में भी दर्ज है। आज भी लकड़ी की वे सीढ़ियां और बुडन रेलिंग जस की तस है। यहां पहली मंजिल पर झांकियां में गांधीजी का पूरा जीवन-दर्शन झांकी के जरिए समझाया गया है। बगल के हॉल में फोटो लाइब्रेरी है। तब की मूल तस्वीरें संजोए रखने को एक्रेलिक किया गया है, ताकि टमोइट का खतरा नहीं हो।

संजोई गई हर सामग्री । आलगांवकर के अनुसार काठियावाड़ी से कश्मीरी, फिर सादगीभरी वेशभूषा के साथ गांधी टोपी वाले बापू के बदलते व्यक्तित्व की साक्षी इस इमारत हर सामग्री जतन से संजोई गई है। यहां से जुड़े लोग सिर्फ मजबूत इच्छाशक्ति और बापू के जीवन-दर्शन को अपनी ताकत बनाकर इसे संजोने में अपने दिन-रात एक किए हुए हैं।

ख़ुशनसीब को ही मिलते हैं संस्कार देने वाले माता-पिता

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

हर सुबह एक छोटी-सी प्रार्थना जरूर करें। कहें- हे प्रभु! मेरे पैर अपनों के पैर बन जाएं। मेरी आंखें अंधों की आंखें बन जाएं। मेरे हाथ बेसहारों के लिए सहारा बन जाएं। दुख और शोक में संतप्त आंसू बहाते लोगों के लिए सांत्वना देने में मेरी जीभ हमेशा काम आए। किसी गरीब और रोगी की सेवा में मेरा पसीना बहे, कोई अतिथि कभी मेरे दरवाजे से भूखा-प्यासा न जाए। हे प्रभु! अपने इस बालक को हमेशा इस लायक बना कर रखना। प्रभु! मेरा प्रणाम स्वीकारें।

जन्मदाता मां-बाप तो कुत्ते और गधे के बच्चों को भी मिल जाते हैं, लेकिन संस्कार-दाता मां-बाप किसी खुशनसीब औलाद को ही मिलते हैं। वे पुत्र बड़े खुशनसीब हैं, जिन्हें बचपन में मां-बाप ने उनकी अंगुली पकड़कर सिर्फ चलना ही नहीं सिखाया, बल्कि मंदिर जाना भी सिखाया। अपने बच्चों को सिर्फ कंधों और गोद में मत बिठाइये, बल्कि उन्हें संस्कार की पाठशाला में भी दाखिल कराइए। अपने बच्चे के सुख की चिंता तो कोई भी मां कर लेती है। मां तो वह है, जो अपनी संतान के सुख के साथ अच्छे संस्कारों की भी चिंता करती है। दुनिया में बुढ़ापा है, लेकिन क्यों? क्योंकि अच्छे लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे। अच्छे लोग एकांतवासी होने जा रहे हैं। अपनी प्रतिष्ठा और नाम को बचाए रखने के लिए लोग बुरे लोगों के लिए कुर्सी खाली कर रहे हैं। याद रखना- कुर्सी कभी खाली नहीं रहती। अच्छे लोग उस पर नहीं बैठेंगे तो स्वाभाविक है बुरे लोग उस पर कब्जा कर लेंगे और फिर संचालन की डोर उनके हाथों में होगी। इस देश में आज यही हो रहा है। परिणाम सबके सामने है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

मेरा ख्याल है कि अब शादी के समय लड़का और लड़की की कुंडली मिलाने की जगह लड़की और उसकी होने वाली सास की कुंडली मिलानी चाहिए। कारण कि इन दोनों का ही दिन-भर आमना-सामना होता है। लड़का-लड़की की कुंडली क्या मिलाना, वे तो यूं ही मिल जाएंगे। सुखी गृहस्थी के लिए वर-वधू को शादी के समय सिर्फ यही एक संकल्प लेना चाहिए कि मैं आग बन तो तू पानी बन जाना और तू अंगार बनेगी तो मैं जलधार बन जाऊंगा।

(साभार : डायमंड बुक्स)

कड़वे प्रवचन

5000 साल पुरानी कहानी बताएगा भाला

अभिषेक मिश्र

दक्षिण तमिलनाडु में खुदाई के दौरान मिले एक भाले ने इतिहासकारों को रोमांचित कर दिया है। आज के घरों के दरवाजे जितना लंबा यह भाला लगभग पांच हजार साल से धरती में दफन था। खोजकर्ताओं को उम्मीद है कि इसके साथ उस वक्त की कई कहानियां भी सामने आएंगी।

सबसे लंबा औजार । यह भाला चेन्नै से 600 किमी और तूतुकुड़ी जिले के शिवगलाई से करीब 80 किलोमीटर दूर बसे तिरुमलपुरम गांव में मिला है। शिवगलाई वही गांव है, जहां पुरातात्विक शोधों से पता चला है कि 3345 ईसा पूर्व यानी आज से करीब 5,300 साल पहले लौह युग की शुरुआत हुई होगी। पुरातत्वविदों के मुताबिक, यह भारत में अब तक पाया गया लोहे का सबसे लंबा औजार है।

हथियार या परंपरा । 8 फीट लंबे इस भाले के इस्तेमाल को लेकर फिलहाल दो थियरी हैं। अनुमान है कि इसे किसी खास लड़ाकू योद्धा के लिए बनाया गया होगा, जैसे किसी कबीले का सरदार। वह इसी से अपनी संपत्ति और पवित्रियों की रक्षा करता होगा। एक अनुमान यह भी है कि इसे किसी खास व्यक्ति की मौत के बाद उसके साथ दफनाए जाने के लिए गढ़ा गया हो। दरअसल, कई सभ्यताओं में मरने वाले के साथ उसकी प्रिय चीजें भी दफनाने का रिवाज था।

टाइम मशीन

दो भाले मिले । तिरुमलपुरम में खुदाई में एक कलश भी मिला है। 8 फीट लंबा भाला इसके पास ही था। साथ में 6.5 फीट लंबा एक और भाला मिला। इन दोनों को आपस में 'X' आकार में रखा गया था। खुदाई करने वाले वसंत कुमार ने बताया कि कलश में सोने भी थे। इसके आसपास लोहे की कई वस्तुएं थीं। लंबे वाले भाले का सिरा गोल है, जिससे लगता है कि शायद इसे पकड़ने के लिए बनाया गया होगा। इसलिए कहा जा रहा है कि लड़ाकू योद्धा इसका इस्तेमाल करते होंगे।

खंजर और तलवारें । बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) में लौह युग की विशेषज्ञ और पुरातत्व विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर विभा त्रिपाठी का कहना है कि प्राचीन योद्धा इन भालों का इस्तेमाल करते होंगे, क्योंकि जहां ये दफनाए गए थे, वहां से खंजर, तलवारें, चाकू भी मिले हैं। पांच हजार साल बाद भी ये सुरक्षित कैसे रहे? प्रोफेसर विभा इसकी वजह स्थानीय परिस्थितियां बताती हैं। उनके मुताबिक, इस इलाके की शुष्क जलवायु से लोहे के औजार संरक्षित रहते हैं।

चैंबर में सुरक्षित । विभा त्रिपाठी ने बताया कि भारत में वस्तुओं के संरक्षण की स्थिति अलग-अलग है। इन सामान को जमीन में चैंबर बनाकर रखा गया होगा, क्योंकि यहां लोहे का संरक्षण बेहतर तरीके से हो सकता है। गंगा के मैदानी इलाकों में मिट्टी में नमी होती है, जिससे लोहे में तेजी से जंग लगती है। कभी-कभी तो जंग की वजह से पुरातत्वविदों को लोहे का सिर्फ निशान मिल पाता है, बाकी सामान बचता ही नहीं।

रिसर्च की जरूरत । पुणे के डेक्कन कॉलेज में प्राचीन इतिहास के प्रोफेसर रहे आर.के. मोहंती का मानना है कि यह भाला आम युद्ध के लिए नहीं, किसी खास रस्म या प्रदर्शन के लिए बनाया गया होगा। उनके अनुसार, यह उस व्यक्ति की सामाजिक हैसियत और रुतबे को दिखाने का तरीका भी हो सकता है, जिसे वहां दफनाया गया था। दोनों विद्वानों का कहना है कि इस खोज पर और गहराई से वैज्ञानिक जांच होनी चाहिए, ताकि दुनिया भर में इसे सही तरीके से स्वीकार किया जा सके और यह समझा जा सके कि इस इलाके में लोहे की तकनीक कैसे आगे बढ़ी।

रीडर्स मेल

जायज चिंता

28 जनवरी का संपादकीय 'संतुलन की जरूरत' पढ़ा। किसी भी नए कानून का उद्देश्य होना चाहिए बेहतर और संतुलित समाज बनाना। सुप्रीम कोर्ट ने UGC को नए नियम बनाने के निर्देश दिए थे। मकसद उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना था, लेकिन रेगुलेशंस जिस रूप में लागू हुए हैं, उससे एक वर्ग में असुरक्षा और आशंका दिखती है। नया कानून कुछ मामलों में अस्पष्ट है, जैसे फर्जी शिकायत करने पर क्या सजा मिलेगी? सरकार को लोगों के सभी सवालों का जवाब देना चाहिए।

योगराज धूपर, इंमैल से

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कान एक गुड 'वायरस', दूसरों को भी हंसाए
मुस्कुराना संक्रामक है। जब आप किसी को मुस्कुराते हुए देखते हैं तो आपके दिमाग की खास कोशिकाएं (मिरर न्यूरॉन्स) एक्टिव हो जाती हैं। ये आपको भी मुस्कुराने के लिए उकसाती हैं।

विचार

अपनी मुस्कान से दुनिया बदलो, दुनिया को अपनी मुस्कान बदलने मत दो। क्योंकि जो इंसान मुश्किल हालात में भी मुस्कुराता है, वही सच्ची ताकत का मालिक होता है। – *जॉर्ज बर्नार्ड शॉ*
(George Bernard Shaw)

ज़रा हंस लें

दो आलसी कंबल ओढ़कर सो रहे थे। तभी एक चोर आया और कंबल लेकर भाग गया। **पहला आलसी** पड़े-पड़े बोला: 'पकड़ो-पकड़ो!' **दूसरा आलसी:** 'रहने दे जब तकिया लेने आएगा तब पकड़ लेंगे...'

कविता

जीत होगी तेरी दमदार

सत्य के पथ पर हो अग्रसर,
बढ़े जा तू कर्मों के रथ पर,
अपने सपनों को दे विस्तार,
हौसलों की बुलंद उड़ान भर।
निराशा को पूर्णत: नकार कर,
आत्मविश्वास का कर संचार,
परिश्रम की तीव्र हुंकार भर,
लक्ष्य विजय श्री साकार कर।
ईश्वर को कर प्रतिदिन नमस्कार,
रोम-रोम में 'आनंद' प्रवाह कर,
साथ लेकर चल अपना परिवार,
खुद में खुशियों का उत्साह भर।
अपनी प्रतिभा पर कर विचार,
तुझमें बसा अनुपम कलाकार,
कदमों को दे दिशा संग रफ्तार,
तू है सक्षम सुंदर सृजनकार।
मीठी वाणी प्रेम की रसधार,
गुणवान को पूजता है संसार,
ज्ञान कौशल को बना आधार,
फिर जीत होगी तेरी दमदार।

– मोनिका डागा 'आनंद', NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

सिग्नल पर ताली नहीं, अब तैनाती है...

ट्रांसजेंडर्स को पुलिस की पहल से मिली नौकरी, भीख मांगना छोड़ पहनी वर्दी

Lakumalla.Sainath@timesofindia.com

■ **हैदराबाद:** कभी ट्रैफिक सिग्नलों पर भीख मांगने वाली स्वाति, भानुप्रिया और टी. निशा आज उन्हीं सिग्नलों पर ट्रैफिक संभाल रही हैं। यह बदलाव हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस की पहल से संभव हुआ, जहां दिसंबर 2024 में 39 ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक असिस्टेंट बनाया गया। एक साल से अधिक समय में इनका कहना है कि सबसे बड़ा बदलाव लोगों के व्यवहार के साथ-साथ आत्मसम्मान में आया है। चंद्रायनगुट्टा थाने की 26 वर्षीय स्वाति बताती हैं कि 'मैडम' कहे जाने पर गर्व होता है। वर्दी ने उन्हें पहचान और अपनापन दिया है। पहले मजाक उड़ाने वाले अब सम्मान करते हैं। मुश्किल हालात, पढ़ाई, सर्जरी और भीख मांगने के बाद सितंबर 2024 की भर्ती उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बनी।

Photos: Anil

मियापुर जंक्शन के पास ट्रैफिक संभालती स्वाति

'अब सिर्फ जी नहीं रहे हैं'

संतोष नगर ट्रैफिक थाने की भानुप्रिया डर के कारण घर छोड़ हैदराबाद आईं, बस स्टैंड पर रहीं, सर्जरी के लिए विजयवाड़ा गईं, भीख मांगी। अब वर्दी से सम्मान मिला। महाकाली थाने की बीटेक टी. निशा कहती हैं, नौकरी ने नजरिया बदला, परिवारों से टूटे रिश्ते फिर जुड़े, दोबारा बातचीत शुरू।

- ■ अधिकारियों के मुताबिक, 350 और ट्रांसजेंडर लोगों की भर्ती की योजना तैयार की गई है।
- ■ इनमें से 100 ट्रांसजेंडर को हैदराबाद में ट्रैफिक असिस्टेंट के रूप में तैनात किया जाएगा।
- ■ भर्ती से जुड़ा प्रस्ताव फिलहाल सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है।
- ■ दिसंबर 2024 में 39 ट्रांसजेंडर को ट्रैफिक असिस्टेंट के रूप में भर्ती किया गया था।
- ■ इनमें से 38 ट्रांसजेंडर इस समय हैदराबाद में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

ड्यूटी के दौरान चुनौतियां भी

कभी-कभी ट्रैफिक सिग्नलों पर इन्हें गाड़ी ड्राइवरों की बदसलूकी का सामना भी करना पड़ता है। निशा और भानुप्रिया बताती हैं कि चालान काटने या फोटो लेने पर कुछ लोग ताने मारते हैं या धमकाते हैं। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी ऐसे मामलों में तुरंत हस्तक्षेप करते हैं। चंपापेट सिग्नल के पास पान दुकान चलाने वाले पुल्ला रेड्डी कहते हैं कि शुरुआत में थोड़ा अलग लगा, लेकिन अब बिल्कुल सामान्य है। वे मजबूती से ड्यूटी करते हैं और लोग उनकी बात मानते हैं। वर्दी बहुत फर्क डालती है।

आगे बढ़ने के सपने

अब यह नौकरी इनके लिए नई राहें खोल रही है। स्वाति और भानुप्रिया ओपन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रही हैं और सब-इंस्पेक्टर या सरकारी कर्मचारी बनना चाहती हैं। निशा भी पुलिस में जाना चाहती है। ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह पहल स्थायी होनी चाहिए।

जिनकी पेंटिंग्स को सरकारी पोस्टकार्ड के लिए भी चुना गया

81 साल की मैसूर शैली की 'शिल्प गुरु' जिन्होंने पूरी रामायण पेंटिंग्स में उतारी

Jahnavi@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु:** जिस उम्र में ज्यादातर लोगों को काम की रफ्तार धीमी करने की सलाह दी जाती है, उस उम्र में भी 81 साल की प्रभा मल्लेश कैनवास के सामने पूरी एकाग्रता और स्थिर हाथों से काम कर रही हैं। बेंगलुरु की यह मैसूर शैली की पेंटर पिछले 5 दशकों से लगातार कला साधना में जुटी हैं और उनके नाम अब तक 600 से अधिक पेंटिंग्स दर्ज हैं। उनका मानना है कि कला ज्यादा से ज्यादा घरों तक पहुंचनी चाहिए। उनके परिवार ने उनकी कला यात्रा को डॉक्यूमेंट किया और इसे 'स्टेप्ड इन गोल्ड- द टाइमलेस आर्ट ऑफ मैसूर पेंटिंग' के रूप में संग्रहित किया।

प्रभा का कला से जुड़ाव चिकमगलूरु जिले के एक गांव से शुरू हुआ। बचपन में उन्होंने अपनी मां को स्केच बनाते देखा, पिता से पौराणिक कथाएं सुनीं और दादा के घर के कला संग्रह को करीब से देखा। संग्रह में राजा रवि वर्मा की पेंटिंग्स भी शामिल थीं, जो उनके मन में धीरे-धीरे बसती चली गईं। शादी के बाद बेंगलुरु आने के बाद उनका औपचारिक जुड़ाव कर्नाटक चित्रकला परिषद से हुआ।

TOI

प्रभा मल्लेश को मैसूर दशहरा अवॉर्ड, कर्नाटक राज्य पुरस्कार, सीकेपी ऑल इंडिया एग्जिबिशन अवॉर्ड, नैशनल अवॉर्ड और शिल्प गुरु अवॉर्ड मिल चुका है। शिल्प गुरु अवॉर्ड उन्हें साल 1999 और 2013 में राष्ट्रपति ने दिया था। उनकी दो पेंटिंग्स को कर्नाटक सरकार ने सरकारी भारतीय पोस्टकार्ड के लिए भी चुना था।

ब्रिटेन-अमेरिका में मिली सराहना

मैसूर शैली की पेंटिंग अपनी नाजुक रेखाओं, बारीक ब्रशवर्क, गोल्डन पत्तियों और देवी-देवताओं व पौराणिक कथाओं पर आधारित चित्रों के लिए जानी जाती है। प्रभा ने इस शैली को अपनाया लेकिन उसमें हल्के रंग, भावपूर्ण चेहरे और थ्री-डी गहराई भरकर अपनी अलग पहचान बनाई। उन्हें नंजुड्डा राव और सुब्रमण्य राजू का मार्गदर्शन मिला। प्रभा की प्रेरणा मंदिर की मूर्तियों, पुरानी तस्वीरों और यादों से आती है। उन्होंने पूरी रामायण को चित्रों में उतारा है। भारत के बाहर ब्रिटेन और अमेरिका में उनकी कला को सराहना मिली। उन्होंने पैलेस की एक सीरीज बनाई, जिसमें राजा, रानी, दरबारी महिलाएं और नर्तकियों को दर्शाया। इस दौरान उन्होंने मैसूर शैली की मूल पहचान बनाए रखी।

ज़मीन से निकला 5000 साल पुराना भाला

Ragu.Raman@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** दक्षिणी तमिलनाडु के सूखे मैदानों से 5,000 साल पुराना एक प्राचीन लोहे का भाला मिला है, जो भारत के अतीत की कहानी को और गहराई से बयान करता है। 8 फीट लंबे इस भाले को आग में ढालकर बनाया गया था और सावधानी से जमीन में दफन किया गया। माना जा रहा है कि इसे कभी किसी योद्धा ने मवेशियों और संपत्ति की रक्षा के लिए इस्तेमाल किया होगा या यह किसी ताकतवर व्यक्ति के लिए तैयार औपचारिक हथियार हो सकता है।

पुरातत्वविदों ने यह भाला चेन्नै से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तिरुमलापुरम गांव से खोजा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह अब तक भारत में आयरन एज से मिला सबसे लंबा लोहे का उपकरण है, जिससे यह साबित होता है कि इस इलाके में उन्नत आयरन टेक्नॉलजी पहले से विकसित थी। खुदाई के दौरान एक दफन कलश के पास दो भाले 'एक्स' के आकार में रखे मिले, जिनमें से एक 8 फीट और दूसरा 6.5 फीट लंबा था। कलश में सोने की वस्तुएं भी मिली हैं।

आयरन एज की विशेषज्ञ और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की रिटायर्ड प्रफेसर विभा त्रिपाठी का कहना है कि इसे प्राचीन योद्धाओं ने इस्तेमाल किया होगा। पुणे के डेक्कन कॉलेज के पूर्व प्रफेसर आर के मोहंती के अनुसार, यह भाला किसी खास व्यक्ति की सामाजिक स्थिति और ताकत दिखाने के लिए भी बनाया गया हो सकता है।

NBT जन्मदिन मुबारक

राज्यवर्धन सिंह राठौर

29 जनवरी 1970 को जन्मे राज्यवर्धन सिंह ने 2004 ओलिंपिक में शूटिंग में सिल्वर मेडल जीता था। वे पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं, फिलहाल राजस्थान सरकार में मंत्री हैं।

संजीव गोयनका

29 जनवरी 1961 को जन्मे बिजनेसमैन संजीव गोयनका RPSG ग्रुप के चेयरमैन हैं। गोयनका IPL टीम 'लखनऊ सुपर जायंट्स' (LSG) के मालिक भी हैं।

एस.एम. आरिफ



बैडमिंटन कोच एस.एम. आरिफ का जन्म 29 जनवरी 1944 को हुआ। पद्म श्री, द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिल चुका है। उन्होंने साइना नेहवाल और गोपीचंद को ट्रेन किया है।

प्रताप सिंह बाजवा

कांग्रेस के सीनियर लीडर और पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा का जन्म 29 जनवरी 1957 को हुआ। वह राज्यसभा सांसद के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

मां-पिता के एक 'काश' को बेटे ने यूं बना दिया हकीकत

■ NBT रिपोर्ट, बेंगलुरु

अक्सर कहा जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के सपनों के लिए पूरी जिंदगी मेहनत करते हैं, लेकिन रायचूर के सिंधनूर से आई यह कहानी रिश्तों की इस तस्वीर को उलट देती है। यहां एक बेटे ने अपने माता-पिता की उस छोटी-सी ख्वाहिश को पूरा किया, जो उन्होंने सालों पहले यूं ही बातों-बातों में कही थी। यह कहानी है सिंधनूर के रहने वाले अब्दुल शरीफ साब की। बेंगलुरु में एक प्राइवेट रियल एस्टेट फर्म में काम करने वाले अब्दुल ने अपने अम्मी-अब्बू के सपने को सच करने का फैसला किया। उनके वालिद शरीफ साब और मां सजादी बेग ने कभी कहा था कि वे अपने शहर सिंधनूर को आसमान से देखना चाहते हैं। अब्दुल ने इसे दिल से लगा लिया और चुपचाप पैसे जोड़ने लगे। 17 जनवरी को आखिर वह पल आया, जब उन्होंने हेलिकॉप्टर बुक कर माता-पिता को सिंधनूर लेकर शहर का बादबार एरियल टूर कराया।

'खुशी के आगे ₹6 लाख कुछ नहीं'

इस सपने को पूरा करने में अब्दुल ने करीब 6 लाख रुपये खर्च किए। अब्दुल ने कहा कि जब मैंने अपने माता-पिता का सपना पूरा किया और उनके चेहरों पर जो खुशी देखी, उसके सामने यह खर्च बहुत मामूली लगता है। हालांकि, अब्दुल का इरादा पब्लिसिटी का बिल्कुल नहीं था। लेकिन जब शहर में हेलिकॉप्टर उतरा, तो लोगों की भीड़ जुटना लाजिमी था। जहां हेलिकॉप्टर लैंड हुआ, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। वहां का नजारा किसी त्योहार जैसा हो गया था। बच्चे और शहर के लोग इस नजारे को देखने के लिए इकट्ठे हो गए।

IDBI BANK — आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838

(1) बैंक के सीबीएस के साथ टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के इंटीग्रेशन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म एप्लीकेशन के लिए आरएफपी
(2) रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और इंटेलिजेंट प्रोसेस ऑटोमेशन (आईपीए) के एक व्यापक सॉल्यूशन की सप्लाई, इम्प्लीमेंटेशन और मैनेजमेंट के लिए आरएफपी

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट/सुधार/तारीखों का विस्तार/स्पष्टीकरण/बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

MMRC — मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का एक संयुक्त उद्यम)
[illegible] मुंबई- 400051

प्रणाली एवं परियोजना विभाग में पदों के लिए भर्ती विज्ञापन - ०१/२०२६

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एम.एम.आर.सी.एल), भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का एक संयुक्त उपक्रम, कोलाबा-बांद्रा-सीप्झ (SEEPZ) मेट्रो लाइन-3 का कार्यान्वयन कर रहा है।

[illegible] (Regular) / प्रतिनियुक्ति (Deputation) / अनुबंध (Contract) [illegible] https://corporate.mmrcl.com/ पर 'Careers' टैब के अंतर्गत जाएं।

[illegible] मुंबई - 400051 [illegible]

स्थान: मुंबई

हस्ताक्षर/-
(अश्विनी भिडे, भा.प्र.से.)
प्रबंध निदेशक
मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-15-2026 दिनांक: 22.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सागमा - वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सतना-मानिकपुर खंड में लंबी ट्रेनों को समायोजित करने के लिए सागमा स्टेशन की अप लूप लाइन के विस्तार से संबंधित शेष P.Way का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 72,83,723/-, **बयाना राशि रुपये:** 1,45,700/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 17/02/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तक:** 17/02/2026, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-16-2026 दिनांक: 23.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर सेक्शन के तहत अलग-अलग ट्रैक रिन्यूअल कामों के अंतर्गत सिंगल शॉट फ्लैशबट वेल्डिंग के साथ 52Kg/60Kg/90UTS/R-260 रेल की इन-सीटू वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 1,50,16,609/-, **बयाना राशि रुपये:** 2,25,100/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 17/02/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तक:** 17/02/2026। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

विज्ञापन संख्या: 16/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
बीईएमएल लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
18 फ़रवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
27 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
चिकित्सा निदेशक का कार्यालय
लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली-110002
रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति, 2021 के तहत सीजीएचएस दरों पर किडनी, लीवर और हेमेटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण (एचएससीटी) सेवाएं प्रदान करने के लिए अस्पतालों के पैनल में शामिल होने के लिए।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई), मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और एसोसिएटेड लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली, भारत सरकार की राष्ट्रीय दुर्लभ बीमारी नीति, 2021 के तहत सीजीएचएस/राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित पैकेज दरों पर किडनी, लीवर और हेमेटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान करने के लिए पात्र और योग्य अस्पतालों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

इच्छुक अस्पतालों को निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा और इस विज्ञापन के 14 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करना होगा।

विस्तृत ईओआई दस्तावेज उपलब्ध है: : https:lnjp.delhi.gov.in/lnjp/expression-interest-eoi

चिकित्सा निदेशक
लोक नायक अस्पताल
DIP/Shabdarth/Classified/0423/25-26

VACANCIES FOR EMPLOYMENT ON CONTRACTUAL BASIS AT EARLY INTERVENTION CENTRE & CENTRAL MI ROOM, COLABA, HQ MG &G AREA

1. Early Intervention Centre & Central MI Room at HQ MG &G Area, Colaba Mumbai invites applications to engage the following on contractual basis at HQ MG &G Area, Colaba, Mumbai for the period of 01 (One) year subject to performance of candidates.

Ser No.	Appointment	Minimum	No of Vac	Fixed Remuneration
1.1	Paediatric Physiotherapist (Lady)	Bachelor/ Masters Degree	01	40,000/-

2. For additional details, please contact Brig Med, HQ MG & G Area, Colaba, Mumbai at Tel No 460004-6162 and Mobile No 9888279929. Preference will be given to Ex Servicemen.
3. Last date of receipt of application is **15 Feb 2026**. Brief / CV / Resume along with self attested photocopies of testimonials in support of Educational Qualifications and Work Experience will be submitted to Brig Med, HQ MG & G Area, Colaba, Mumbai - 400005. Any application received after **15 Feb 2026** will not be accepted.
4. **Interview, Date, Timing & Venue:** Candidates must reach HQ MG & G Area (Medical Branch), Colaba, Mumbai 400005 at 0900hrs on **01 Mar 2026** for the interview to be held between 0930-1500 hrs. Candidates must bring all original certificates / documents / degree / work experience and Discharge book / PPO service records. No TA/DA is admissible. Only candidates meeting the Qualitative Requirements may apply.

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
निविदा सूचना क्रमांक: ई-निविदा/2026/04, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए, मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., ई-निविदा सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है: (1) ई-केजीपी-वेस्ट-03-2026,** डीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में (i) बालीचक-खड़गपुर: टीआरआर(पी)-5.555 टीकेएम, खड़गपुर-टाटा: टीआरआर(पी)-1.664 टीकेएम, (ii) बालीचक-खड़गपुर: टीआरआर(एस)-8.527 टीकेएम, (iii) बालीचक-तीमपुरा: टीएफआर-7.1 टीकेएम, (iv) बालीचक-टाटा: टीबीआर-8.587 टीकेएम और (v) खड़गपुर-टाटा: टीटीआर-115 सेट के कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 3,42,14,311.05, **बयाना राशि:** रु. 3,21,100/-, **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-04-2026,** डीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में सेस को चौड़ा करना, क्रिब एप्रोच में सुधार, बैलास्ट रिटेनिंग वॉल, सेस/बैंक वाटर ड्रेन का निर्माण आदि। **निविदा मूल्य:** रु. 2,67,99,925.31, **बयाना राशि:** रु. 2,84,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00 (प्रत्येक के लिए), **खुलने की तिथि:** 18.02.2026 (प्रत्येक हेतु), **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 18 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 04.02.2026 से 18.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **"www.ireps.gov.in"** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1108)

पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस ⇌ जयपुर स्पेशल ट्रेन के फेरों का विस्तार करेगा

ट्रेन सं.	प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य	चलने का दिन	तक विस्तारित
09706	बांद्रा टर्मिनस – जयपुर	सोमवार	30.03.2026
09705	जयपुर – बांद्रा टर्मिनस	रविवार	29.03.2026

समय, ठहराव और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं

ट्रेन सं. 09706 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग 29.01.2026 से सभी PRS काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी।

WESTERN RAILWAY
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें: facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

भाकृअनुप–भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी संस्थान
ICAR-INDIAN INSTITUTE OF AGRICULTURAL BIOTECHNOLOGY
गढ़खटंगा, रांची - 834 003/Garhkhatanga, Ranchi - 834 003
Website: http://iiab.icar.gov.in

विज्ञापन / Advertisement

भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर-आईआईएबी) ने कलाकृति के निर्माण और स्थापना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) और संस्थान में एटीएम की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ईओआई आमंत्रित की है। योग्य और इच्छुक कंपनियां विस्तृत विज्ञापन के लिए संस्थान की वेबसाइट http://www.icar-iiab.res.in/ पर जा सकती हैं।

Indian Institute of Agricultural Biotechnology (ICAR-IIAB) has invited Expression of Interest (EOI) for Creation and Installation of an Artwork and EOI for Installation, Operation and Maintenance of ATM in the Institute. Eligible and interested firms may access Institute's website http://www.icar-iiab.res.in/ for detailed advertisement.

SRI SHANMUKHANANDA
FINE ARTS & SANGEETHA SABHA (Regd.)
श्री षण्मुखानंद फाइन आर्ट्स एंड संगीत सभा (रजिस्ट.)
श्री षण्मुखानंद चैरिटेबल कम्युनिटी हेल्थकेयर हॉस्पिटल
प्लॉट एफ, भाऊदाजी रोड एक्सटेंशन, नॉर्थ इंडियन एसोसिएशन के पास, शालिनी भवन के सामने, सायन माटुंगा एस्टेट, मुंबई - ४०००२२
डायलिसिस टेक्नीशियन ट्रेनिंग स्कूल
'डायलिसिस टेक्निशियन' म्हणून करिअर करू इच्छिणाऱ्या उमेदवारांकडून ६ महिन्यांच्या डिप्लोमा कोर्ससाठी अर्ज मागवण्यात येत आहेत.

एतद्द्वारा २५ वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित हैं जिनकी न्यूनतम योग्यता एच.एससी. विज्ञान विषयों के साथ हो और जो 'डायलिसिस टेक्नीशियन' के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। ६ महीने के डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए अधिकतम २५ छात्रों का नामांकन होगा। पहली बैच अप्रैल २०२६ से शुरू होगी। फैकल्टी में नेफ्रोलॉजिस्ट और वरिष्ठ डायलिसिस टेक्नीशियन शामिल हैं। बेसिक कंप्यूटर लिटरेसी वांछनीय है लेकिन अनिवार्य नहीं है। सभा के डायलिसिस सेंटर में ऑन-जॉब ट्रेनिंग दी जाएगी, जो देश के वेस्ट ज़ोन में सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट है, जिसमें सालाना ३२००० डायलिसिस प्रक्रियाएं होती हैं। सफल उम्मीदवारों को 'ट्रेनी टेक्नीशियन' के पद पर एक साल के लिए ₹ १८०००/- के एकीकृत वेतन के साथ नियुक्त किया जाएगा। सभा अन्य अस्पतालों में पोस्ट-क्वालिफिकेशन जॉब के लिए भी सुविधा प्रदान करेगी।
कोर्स की फीस ₹ ५३०००/- है, जिसमें से केवल ₹ ३०००/- ही प्रवेशित छात्रों को देना होगा। समान योग्यता वाले उम्मीदवारों में, महिला आवेदकों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक उम्मीदवार २८.२.२०२६ तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म www.shanmukhananda.com से डाउनलोड किया जा सकता है और भरा हुआ फॉर्म cao.secchc@gmail.com पर ईमेल या ऊपर दिए गए पते पर पोस्ट किया जा सकता है।

वर्ल्ड कप में हम फेवरिट के तौर पर उतरेंगे और सेमीफाइनल तक जरूर पहुंचेंगे। लेकिन, टीम इंडिया कितनी भी मजबूत क्यों न हो, एक खराब दिन सबकुछ बिगाड़ सकता है। एक खराब दिन आपकी पूरी मेहनत पर पानी फेर सकता है। -राहुल द्रविड़, पूर्व कप्तान, भारत

28

टी20 इंटरनैशनल जीते थे भारत ने साल 2022 में। यह एक साल में ICC के पूर्ण सदस्य देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरे स्थान पर भी भारत (24) का ही 2024 का प्रदर्शन है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मेंस टी20I रैंकिंग्स में सूर्यकुमार यादव किस पोजिशन पर है?
A) 7 B) 8 C) 9 D) 10
2. लोरेंजो मुसेटी किस देश के टेनिस प्लेयर है?
A) इटली B) सर्बिया C) ऑस्ट्रेलिया D) स्विट्जरलैंड

कल के जवाब
1. C) दीपक हुड्डा
2. C) इगा श्वियांतेक

लकी WINNER

1. संतोष चौर, द्वारका, दिल्ली
2. राज कुमार, ग्रेटर नोएडा, यूपी
3. गोविंद अग्रवाल, दहिसर, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

न्यूजीलैंड ने चौथा टी20I मैच किया अपने नाम, ओपनर टिम सीफर्ट ने खेली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी

बड़े लक्ष्य के आगे नहीं चली भारतीय बैटिंग

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 सीरीज, चौथा मैच

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन के अनफिट होने पर बोलिंग डिपार्टमेंट को मजबूत करने के इरादे से प्लेइंग इलेवन में एक अतिरिक्त बोलर रखने की टीम इंडिया की रणनीति कीवी बैटर्स के खिलाफ काम नहीं आई। विशाखापत्तनम में खेले गए टी20I सीरीज के चौथे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 50 रनों से शिकस्त देकर अपनी जीत का खाता खोला। भारतीय टीम पहले तीनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुकी है, लेकिन इस मैच में जीत के साथ अब स्कोर 3-1 का हो चुका है। न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट (62 रन, 36, बॉल, 7 फोर, 3 सिक्स), डेवोन कॉन्वे (44 रन, 23, बॉल, 4 फोर, 3 सिक्स) और डेरिल मिचेल (39* रन, 18 बॉल, 2 फोर, 3 सिक्स) की धुआंधार पारियों की बदौलत बोर्ड पर सात विकेट पर 215 रन टांग दिए। हर्षित राणा सबसे महंगे रहे जिन्होंने चार ओवर में बगैर किसी विकेट के 54 रन लुटाए।

शिवम का संघर्ष नहीं आया काम : जवाब में भारतीय टीम शिवम दुबे (65 रन, 23 बॉल, 3 फोर, 7 सिक्स) की तूफानी पारी के बावजूद लक्ष्य से काफी दूर रह गई। भारतीय पारी 18.4 ओवर्स में 165 रनों पर सिमट गई। शिवम ने सिर्फ 15 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं, रिंकू सिंह ने 39 जबकि ओपनर संजू सैमसन ने 24 रनों का योगदान दिया। बाकी तमाम भारतीय बल्लेबाज नाकाम रहे। सात भारतीय बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए। शिवम की पारी का अंत रन आउट के रूप में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से हुआ जब हर्षित राणा ने शॉट खेला और गेंद बोलर मैट हेनरी के हाथों से छूकर दूसरे सिरे पर स्टंप से टकरा गई। क्रीज से बाहर खड़े शिवम आउट हो गए। अपनी पारी के दौरान शिवम ने स्पिनर ईश सोढ़ी द्वारा डाले गए पारी के बारहवें ओवर में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए कुल 29 रन ठोक डाले।

आगाज रहा बेहद खराब: बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। भारत की उम्मीदों का सबसे बड़ा दारोमदार अभिषेक शर्मा पर था, लेकिन वह पेसर मैट हेनरी द्वारा डाले गए पारी के पहले ओवर की पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना ही आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (8) भी अपनी पारी ज्यादा आगे नहीं बढ़ा सके और जैकब डफी ने अपनी ही बॉल पर उनका कैच पकड़कर भारत को दूसरा झटका दे दिया। फॉर्म के लिए लगातार संघर्ष कर रहे दूसरे ओपनर संजू सैमसन (24) ने फिर निराश किया।

'प्लेयर ऑफ द मैच' टिम सीफर्ट

3 तीसरे बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के टी20 इंटरनैशनल में सौ छक्के लगाने वाले। उनसे पहले कॉलिन मुनरो और मार्टिन गप्टिल यह मार्क पार कर चुके हैं

15 बॉल पर फिफ्टी जमाई शिवम दुबे ने। यह भारत के लिए टी20I में तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है। ICC फुल मेंबर्स देश के प्लेयर्स के बीच यह संयुक्त तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है

सीफर्ट की 25 गेंदों में फिफ्टी

सीफर्ट ने सिर्फ 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। पावरप्ले के भीतर ही वह 21 गेंदों में 46 रन तक पहुंच चुके थे। यह भारत के खिलाफ टी20I में किसी कीवी बैटर का संयुक्त रूप से फास्टेस्ट फिफ्टी है। इससे पहले रॉस टेलर और केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 25 गेंदों में फिफ्टी जड़ चुके हैं। न्यूजीलैंड ने पहले विकेट के लिए जोरदार साझेदारी करके भारतीय बोलर्स को बैकफुट पर डाल दिया था, लेकिन फिर कुलदीप, बुमरा और अर्शदीप ने विकेट चटकाकर न्यूजीलैंड की पारी पर लगाम कस डाली। एक समय न्यूजीलैंड के खाते में 8.1 ओवर्स में 100 रन थे और 13.4 ओवर तक उनका स्कोर 137/4 हो गया। केवल 35 गेंद में मेहमानों ने 37 रन के एवज में चार विकेट गंवा दिए। पावरप्ले के बाद सीफर्ट की रफ्तार भी धीमी पड़ गई थी और वह 15 गेंदों में सिर्फ 16 रन ही जोड़ सके थे, जिससे दबाव बना और टीम ने लगातार विकेट गंवाए।

स्कोरकार्ड

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे कॉ रिंकू बो कुलदीप 44, टिम सीफर्ट कॉ रिंकू बो अर्शदीप 62, रचिन रविंद्र कॉ ऐड बो बुमरा 2, ग्लेन फिलिप्स कॉ रिंकू बो कुलदीप 24, मार्क चैपमैन कॉ राणा बो बिश्नोई 9, डेरिल मिचेल नॉट आउट 39, मिचेल सैंटनर रन आउट 11, जैक फोक्स कॉ रिंकू बो अर्शदीप 13, मैट हेनरी नॉट आउट 6 **एक्सट्रा:** 6 **टोटल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन **विकेट:** 1-100, 2-103, 3-126, 4-137, 5-152, 6-163, 7-182 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-33-2, हर्षित राणा 4-0-54-0, जसप्रीत बुमरा 4-0-38-1, रवि बिश्नोई 4-0-49-1, कुलदीप यादव 4-0-39-2

भारत: अभिषेक शर्मा कॉ कॉन्वे बो हेनरी 0, संजू सैमसन बो सैंटनर 24, सूर्यकुमार यादव कॉ ऐंड बो डफी 8, रिंकू सिंह एलबीडब्ल्यू बो फोक्स 39, हार्दिक पंड्या कॉ फोक्स बो सैंटनर 2, शिवम दुबे रन आउट 65, हर्षित राणा कॉ रचिन बो सोढ़ी 9, रवि बिश्नोई नॉट आउट 10, अर्शदीप सिंह कॉ सैंटनर बो सोढ़ी 0, जसप्रीत बुमरा कॉ सोढ़ी बो सैंटनर 4, कुलदीप यादव कॉ सीफर्ट बो डफी 1 **एक्सट्रा:** 3 **टोटल:** 18.4 ओवर्स में 165 रन पर ऑल आउट **विकेट:** 1-0, 2-9, 3-55, 4-63, 5-82, 6-145, 7-157, 8-157, 9-162, 10-165 **बोलिंग:** मैट हेनरी 3-0-24-1, जैकब डफी 3.4-0-33-2, जकारी फोक्स 3-0-29-1, ईश सोढ़ी 4-0-46-2, मिचेल सैंटनर 4-0-26-3, ग्लेन फिलिप्स 1-0-7-0

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

राणा बन गए 'रन लुटाओ मशीन'

भारतीय पेसर हर्षित राणा इस मैच में भारत की ओर से सबसे महंगे बोलर रहे। यह पहली बार नहीं है जब वह इतने महंगे साबित हुए हैं। उन्होंने नौ टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं और इनमें से चार में उन्होंने प्रति ओवर 13 रन से अधिक दिए हैं। टी20I करियर में उन्होंने 10.6 रन प्रति ओवर के हिसाब से खर्च हैं। इस फॉर्मेट में सौ से ज्यादा गेंद डालने वाले भारतीय बोलर्स में सबसे खराब इकॉनमी वाली लिस्ट में वह दूसरे स्थान पर हैं। इसमें प्रसिद्ध कृष्णा (11.00 इकॉनमी) पहले पर है। हर्षित के बाद उमरान मलिक (10.48) और उमेश यादव (9.33) हैं।

सूर्य चमके तो रैंकिंग्स में चढ़े

■ **एजेंसियां, दुबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद बुधवार को आईसीसी की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग्स में बल्लेबाजों के वर्ग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए। सूर्य ने नंबर एक रहे सूर्यकुमार ने इन मैच में 32, नाबाद 82 और नाबाद 57 रन बनाए जिससे वह रैंकिंग्स में आगे बढ़ने में सफल रहे। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग्स में टॉप पर बने हुए हैं, जबकि तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। तिलक चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग्स में फिर से प्रवेश किया है। शिवम दुबे (58वां) और रिंकू सिंह (13वां) को भी अपने अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

क्रिकेट कनेक्ट

सूर्यकुमार यादव

ऑस्ट्रेलियाई टीम पाक पहुंची

लाहौर: मिचेल मार्श की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार को लाहौर पहुंच गई, जहां वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20I सीरीज खेलेगी। यह सीरीज ऐसे समय में आयोजित की जाएगी जब अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया टीम पैट कमिंस समेत अपने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के बिना लाहौर पहुंची है।

पंड्या, अर्शदीप X फैक्टर: रोहित

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैंपियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'जसप्रीत बुमरा और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिए बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नई गेंद से स्विंग कराने में माहिर हैं और शुरुआती विकेट लेते हैं। वह नई गेंद से और डैथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं। शुरुआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत हैं।'

उन्होंने कहा, 'अर्शदीप नई गेंद को स्विंग कराके बाएं हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकते हैं और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकते हैं। वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी भारत के लिए अहम साबित होंगे।'

हार्दिक के बारे में रोहित ने कहा, 'हार्दिक जब भी टीम में होते हैं तो उनकी भूमिका बड़ी होती है। वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी में निरंतरता से खेलते हैं। टीम दबाव में होती है तब उनकी बल्लेबाजी अहम होती है। अगर 15 या 16 ओवर में हमारा स्कोर 160 है और हार्दिक क्रीज पर हैं तो वह 210 या 220 तक ले जा सकते हैं।'

एक्सपर्ट की राय

टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा

मुंबई ने जीती विजय मर्चेंट ट्रॉफी

मुंबई ने बुधवार को राजकोट में अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत लिया। महाराष्ट्र के खिलाफ खेले जा रहे फाइनल मैच में मुंबई ने पहली पारी में 494 रन बनाकर 113 रन की बढ़त ले ली, जो अंत में निर्णायक साबित हुई। मुंबई के लिए अर्जुन गडोया ने 105 रन बनाए जबकि अद्वैत भट्ट ने 5 और कार्तिक कुमार ने 4 विकेट लिए।

फटाफट खबरें

जेमिमा पर जुर्माना

■ **वडोदरा:** विमिंस प्रीमियर लीग में धीमी ओवर गति के कारण दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान की गई। दिल्ली कैपिटल्स यह मैच तीन रन से हार गई थी, जिससे टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर फिसल गई।

मोईन की वापसी

■ **नई दिल्ली:** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे। उन्होंने 2026 सीजन के लिए वॉर्सेस्टर के साथ वाइटैलिटी ब्लास्ट का करार किया है, जिसे 2027 तक बढ़ाया जा सकता है। मोईन ने कहा कि हेडिंग्ले में खेलना उन्हें हमेशा पसंद रहा है। प्रबंधन ने उनके अनुभव, नेतृत्व को अहम बताया।

नोगुएरा चेन्नैयिन से जुड़े

■ **चेन्नै:** चेन्नैयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग सीजन के आगे तक स्पेनिश मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा से करार किया है। नोगुएरा के पास करीब 400 पेशेवर मैचों का अनुभव है और वह पहले एफसी गोवा, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेल चुके हैं।

प्रग्नानंदा पहली जीत

विज्क आन जी: भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्नानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टाटा स्टील चेस मास्टर्स के नौवें दौर में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, डी गुकेश को जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

सेमीफाइनल में चैंपियन सिनर की भिड़ंत रेकॉर्डधारी जोकोविच से

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** लगातार दो बार के चैंपियन यानिक सिनर और 25वें ग्रैंडस्लैम की तलाश में जुटे नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में आज एक-दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी हैट्रिक से अब सिर्फ दो जीत दूर हैं। बुधवार को उन्होंने अमेरिका के आठवीं वरीय बेन शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

फेडरर को छोड़ा पीछे: दूसरी ओर, रेकॉर्ड दस बार के चैंपियन जोकोविच को किस्मत का साथ मिला। सर्बियाई दिग्गज पहले दो सेट गंवाने के बाद लगभग बाहर होने की कगार पर थे, लेकिन पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी दाहिने पैर में चोट के कारण मुकाबला पूरा नहीं कर सके। मुसेटी ने शुरुआती दो सेट 6-4, 6-3 से अपने नाम किए थे, लेकिन तीसरे सेट में 3-1 से पीछे रहते हुए उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। इस जीत के साथ जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में सर्वाधिक जीत के मामले में रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया। फेडरर ने इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में कुल 102 मैच जीते हैं, जबकि जोको 103 के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। चौथे दौर में वॉकओवर मिलने के बाद यह जोकोविच का दूसरा वॉकओवर है। आज पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा।

स्वितेक का सपना टूटा: विमिंस सिंगल्स में एलिना रिबाकिना और छठी वरीय जेसिका पेगुला ने अंतिम चार में जगह बनाई। रिबाकिना ने वर्ल्ड नंबर-2 इगा स्वितेक को 7-5, 6-1 से हराकर उनके करियर ग्रैंडस्लैम के सपने पर पानी फेर दिया। वहीं पेगुला ने हमवतन अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 से मात दी।

वर्ल्ड नंबर दो यानिक सिनर

50 वीं ग्रैंडस्लैम जीत है यह सिनर की हार्ड कोर्ट पर। उन्होंने 60 मैच में 50 जीत दर्ज की। उनसे बेहतर सिर्फ रोजर फेडरर (59 मैच में 50 जीत) का रेकॉर्ड है

जू के जानवरों जैसा हो रहा है बर्ताव: स्वितेक

ऑस्ट्रेलियन ओपन में कोको गॉफ के बाद स्वितेक ने भी कैमरों की असीमित मौजूदगी पर सवाल खड़े किए हैं। स्वितेक ने कहा, 'सवाल यह है कि हम टेनिस खिलाड़ी हैं या चिड़ियाघर के जानवरों की तरह हैं, जहां उनकी टॉयलेट करते समय भी निगरानी की जाती है, आप जानते हैं ना?' हाल ही में पहचान पत्र भूल जाने पर स्वितेक को सुरक्षा जांच में रोके जाने और कोको का क्वॉर्टर फाइनल में हार के बाद रैकेट तोड़ने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसपर उन्होंने आपत्ति जताई थी। इस मामले में जोको ने कहा, 'मुझे हैरानी है कि नहाते समय हमारे पास कैमरे नहीं होते। शायद अगला कदम ये हो।'

सहजा को वाइल्ड कार्ड

■ **मुंबई:** भारत की टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली को मुंबई ओपन WTA टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। सहजा ने बिली जीन किंग कप एशिया ओशियाना ग्रुप में भारत के दूसरे स्थान पर रहने में अहम भूमिका निभाई थी।

मनोरंजन

FARNAZ

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr) राशि का स्वामी मंगल प्रमुख दसवें कर्म भाव लग्न भाव में मकर राशि का होकर संचार कर रहा है। कहावत व्यय भाव में मीन राशि का शनि वक्री मार्गी है, तो भी उत्तम राज योग का सृजन कर रहा है। आज आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। हो सकता है कुछ आकस्मिक लाभ भी हो जाए।

TAURUS (20 Apr - 20 May) आपकी राशि का स्वामी शुक्र अष्टम आयु भाव केंद्र में चंद्र के साथ मार्गी है। चंद्रमा आज द्वितीय भाव में राज्य से सम्मान दिलाएगा। द्वितीय कोष भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति, देवता गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना जागृत करेगा। आप अपने किये कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे।

GEMINI (21 May - 21 Jun) राशि का स्वामी बुध मकर राशि का होकर अष्टम शत्रु विष केंद्र भाव में विराजमान होकर द्वादश को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। चंद्रमा मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। इस राशि के चंद्रमा में भाइयों से विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करें।

CANCER (22 Jun - 22 Jul) आपकी राशि पर मिथुन राशि का बृहस्पति सर्वत्र विजय विभूति सफलता का देने वाला है। आज चंद्रमा में द्वादश भाव में मनोर्थ सिद्धि कारक है। पुराने किसी महान सत्तारूढ़ पुरुष की कृपा से मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है। पास पास मत पूर्व खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात मिल जाएगी।

LEO (23 Jul - 22 Aug) आज दिन भर प्रतिद्वंद्वी के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात आशा से अधिक लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास दोबारा प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। मीन राशि वाला कोई पारिवारिक व्यक्ति हित साधने का प्रयास करेगा उससे सावधान रहें।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep) काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मजबूती भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct) पैसे तो आप इस प्रकार के काम करते रहते हो जो दूसरों के लिए जोखिम भरे होते हैं। लेकिन यह सब आपके परिजनों के लिए अस्वीकार है और आपके कार्य क्षेत्र के रिश्तों से उनका कोई लेना देना भी नहीं है। आप यही सोचकर आगे बढ़े कि किसी संकट में फंस जाते हैं तो क्या कर सकते हैं।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov) आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शाम तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुश्किलें कम कर पाएंगे। रात का समय किसी सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रम में व्यतीत होगा।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec) जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसका निदान आज करना है। क्योंकि जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।



स्मृति मंथाना

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan) आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप टिम्बर व्यवसाय करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं और कार्यों की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगते हैं। इसलिए अपने काम पर ध्यान दें।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb) आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ ऐसे काम कर रहे हैं कि आप फालतू कामों में उलझे हैं। आपको अपनी पोजिशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। व्यय बढ़ सकता है ध्यान रखें।

PISCES (19 Feb - 20 Mar) जितना भी हो सके आज आप अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक कमी नहीं है। संतान के विवाह के योग बन रहे हैं।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मिथुन राशि का बृहस्पति और सिंह राशि का केतु कुंभ का राहु मंगल का मिश्रित फल आपके वर्ष पर प्रभाव डालता रहेगा। कई बार आप व्यर्थ की आशंका पालकर भी दुखी हो जाएंगे। जनवरी शेष से फरवरी के महीने तक अगर आपने अपने काम को समय पर पूरा नहीं किया तो कहीं पर भी विश्वास घात हो सकता है। अपने से अधिक शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता या संघर्ष करना अच्छा नहीं होगा। मार्च अप्रैल में स्वास्थ्य खराब रह सकता है। इसलिए अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। मई से जून में किसी मंगल कार्य, विवाह शादी की योजना बनेगी। जुलाई से लेकर अगस्त के महीने में सार्थक यात्रा और देशाटन के योग हैं। इसलिए पहले ही योजना बनाकर घूमने निकलें। धार्मिक स्थानों पर जाएंगे तो आपके लिए और शुभ होगा। सितंबर से अक्टूबर में अपने व्यक्तिगत ज्ञान व मनोरंजन पर व्यय करना लाभप्रद रहेगा। पूरे वर्ष थोड़ी मेहनत से ही सुख शांति और धन की प्राप्ति होती रहेगी। पुराने किसी भी मित्र से अगर संबंधों में खटास आ गई है तो उससे रिश्ते दोबारा मधुर हो जाएंगे। आपको अपने अंदर बदलाव लाना पड़ेगा। नवंबर महीने से दिसंबर में विशेष अच्छे परिणामों के लिए बृहस्पतिवार पीले फल, मिष्ठान का दान करते रहें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 30 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 10, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, द्वादशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 17, शव्वाल 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 30 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। द्वादशी तिथि पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 28 मिनट तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। वैधृति योग शाम 4 बजकर 59 मिनट तक के बाद विष्कुंभ योग का आरंभ। बालव करण पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट तक के बाद तैतिल करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार जया एकादशी व्रत, भीष्म-द्वादशी है।

सुडोकू

9		7	6			5		4
	8		7					2
				5	9		6	
5						1		
1	6						3	8
		3						6
	7		2	9				
4					7		2	
2		9			1	6		5

TELEVISION

big magic

09:00	बबलू डबलू	14:30	हम पांच
10:00	बद्दुथ बुद्धबक	15:00	अजब देश की गजब कहानी
11:00	रुद्र के रक्षक	16:30	प्यार मोहब्बत हैपी लकी
11:30	अलादीन	19:30	रुद्र के रक्षक
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00	चीख
13:30	भ से भडे		

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-28-2026 21:52 Color:

फटाफट खबरें

राजस्थान: बस में लगी आग, यात्री बचे

■ भाषा, जयपुर: राजस्थान में बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में बीकानेर जा रही स्लीपर बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारा लदे एक ट्रक से टकरा गई, जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा बुधवार सुबह 5.15 बजे हुआ। जयपुर से आ रही बस में सवार 40 यात्रियों को आपातकालीन द्वार से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में बस चालक जख्मी हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर भेजा गया है।

भोपाल एम्स में चेन छीनने वाला अरेस्ट

■ भाषा, भोपाल: मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक इमारत की लिफ्ट से एक महिला कर्मचारी की चेन छीनने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील मीणा एक निजी कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार, विलासिता पूर्ण जीवन जीने और आर्थिक तंगी की वजह से युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया।

गैंगरेप केस: सपा नेता को किया बरी

■ NBT न्यूज, अयोध्या: थाना पूरा कलंदर इलाके में भदरसा कस्बे के बहुचर्चित गैंगरेप मामले में पाक्सो प्रथम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता मोईद खान को सभी आरोपों से बरी कर दिया है,जबकि उसके नौकर राजू खान को दोषी ठहराया है। मामला जुलाई 2024 का है। तब नाबालिग के साथ गैंगरेप का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने मोईद खान की बेकरी और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई भी की थी।

शंकराचार्य ने छोड़ा मेला, बोले- दुखी मन से जा रहा

किया दावा: प्रशासन ने स्नान का प्रस्ताव भेजा था

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेले से दुखी मन से विदा लेने का ऐलान किया। बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि वह आस्था और श्रद्धा के साथ मेले में आए थे, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन गईं कि बिना स्नान किए लौटना पड़ रहा है। प्रयागराज हमेशा से शांति, विश्वास और सनातन परंपराओं की भूमि रही है और यहां से इस तरह लौटना उनके लिए बेहद पीड़ादायक है।

शंकराचार्य ने कहा, 'हमने अन्याय को अस्वीकार किया है और न्याय की प्रतीक्षा करेंगे। आज शब्द साथ नहीं दे रहे, स्वर बोझिल है। प्रयागराज की धरती पर जो कुछ घटित हुआ उसने हमारी आत्मा को झकझोर दिया है। संगम में स्नान किए बिना विदा ले रहे हैं। आज हम यहां से जा रहे हैं, लेकिन अपने पीछे सत्य की गूंज छोड़कर जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मंगलवार शाम और प्रातः काल प्रशासन ने हमारे मुख्य कार्याधिकारी को एक प्रस्ताव भेजा था। इसमें कहा गया था, 'आप जब जाना चाहेंगे, हम आपको ससम्मान स्नान कराने के लिए तैयार हैं। सभी अधिकारी मौजूद रहकर पुष्पवर्षा करेंगे, लेकिन इसमें उस दिन की घटना के लिए क्षमा याचना नहीं की गई थी। हमें लगा यदि हम स्नान कर लेंगे और पुष्प वर्षा करवा लेंगे तो उस दिन की बात अधूरी रह जाएगी।' स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जो असली मुद्दा है, जिसके लिए दस दिन तक हम फुटपाथ पर बैठे रहे। इतना लंबा समय दिया, लेकिन दस-ग्यारह दिन बीत जाने के बाद जब जाने का निर्णय लिया तब प्रशासन की ओर से ऐसा प्रस्ताव सामने आया। इसलिए हमने स्वीकार नहीं किया, अगर प्रशासन का आग्रह स्वीकार करके स्नान कर लेता तो अपने भक्तों के साथ न्याय नहीं कर पाता।



'जो मुगलों के समय मे हुआ, वही आज हो रहा'
शंकराचार्य ने कहा कि जो मुगलों के समय में हुआ वही आज हो रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री का बयान आया है कि संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, माघ मेले में संतों को उनकी चोटी और शिखा पकड़कर घसीटा और पीटा गया। यह सरकार का दोहरा चरित्र उजागर करता है।

UGC के विरोध में 30 को सभा करेंगे धर्माचार्य

■ एनबीटी न्यूज, मथुरा: UGC के नए नियमों के विरोध में वृंदावन के कथावाचक और धर्माचार्य भी शामिल हो गए हैं। बुधवार को वृंदावन स्थित श्रीराधाकांत मंदिर में UGC के विरोध में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी से बिना देर किए बदलावों को वापस लेने की मांग उठाई गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव महाराज ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय निश्चित रूप से हिंदू समाज को विखंडित कर देगा और यह विखंडन सनातनी समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर देगा। महंत मोहिनी शरण महाराज ने कहा की लाखों कार्यकर्ताओं की कुर्बानी के बाद बीजेपी सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि सत्ता में लाने में जिस वर्ग का सबसे विशेष योगदान रहा, जिस वर्ग ने अपने खून पसीने से पार्टी को सींचा, आज उसी के राह में जिस प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है वह निश्चित रूप से उन कार्यकर्ताओं की आत्मा को कष्ट पहुंचा रहा है। आचार्य मृदुल कांत शास्त्री और राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि हमारी नजर में ना कोई सवर्ण है, ना कोई पिछड़ा और ना कोई दलित। हम लोगों ने सदैव जो भी कार्यक्रम किए हैं, वह सर्वजातीय और हिंदू समाज की एकता के लिए किए गए हैं। चाहे सर्वजातीय सामूहिक विवाह हो या सर्वजातीय होली मिलन समारोह या बागेश्वर धाम सरकार की हिंदू सनातन एकता पदयात्रा में बढ़ चढ़कर योगदान देना। लेकिन उत्पीड़न वादी कहकर सवर्णों का शोषण करने की जो साजिश की जा रही है वह हिंदुत्व की एकता और राष्ट्रवाद के लिए परम आघात है। बैठक में मौजूद धर्माचार्यों ने कहा कि यूजीसी के विरोध में 30 जनवरी को सर्वजातीय सभा का आयोजन किया जाएगा।

बिहार: 2 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी

■ भाषा, मुजफ्फरपुर: बिहार के मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिलों की दो अदालतों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि दोनों परिसरों को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया गया। मुजफ्फरपुर के नगर पुलिस अधीक्षक मोहिबुल्लाह अंसारी ने कहा कि दोपहर के समय ईमेल के जरिए धमकी मिली थी। यह अफवाह निकली है। ईमेल के स्रोत का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समस्तीपुर में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न पासवान ने कहा कि बुधवार को दोपहर धमकी भरा ईमेल मिला। इसके बाद अदालत परिसर को खाली कराया गया। इससे न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में पटना, अररिया और किशनगंज जिलों की अदालतों को भी बम की धमकियां मिली थीं।

कफ सिरप केस: आरोपी शुभम जायसवाल का पासपोर्ट निरस्त

दुबई में रुकना अवैध कहलाएगा, डिपोर्ट किया जा सकेगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी एसटीएफ ने कोडीन कफ सिरप तस्करी के मास्टर माइंड शुभम जायसवाल का पासपोर्ट निरस्त करवा दिया है, जिसके बाद शुभम का दुबई में रुकना अवैध होगा। लुकआउट सर्कुलर नोटिस जारी होने के बाद अब पासपोर्ट निरस्त होने से शुभम की मुश्किलें काफी बढ़ जाएंगी। अगर आप पहले से ही विदेश में हैं और वहां आपका भारतीय पासपोर्ट निरस्त कर दिया जाता है, तो आप उस देश में अवैध हो जाते हैं। संबंधित देश आपको वापस भारत डिपोर्ट (निर्वासित) कर सकता है। ऐसी स्थिति में सिर्फ इमरजेंसी सर्टिफिकेट के जरिए ही भारत वापस आ सकते हैं। पासपोर्ट निरस्त होते ही उस पर लगे सभी वैध वीजा तकनीकी रूप से बेकार हो जाते हैं।

शुभम

विकास सिंह नरवे के जरिए खुलेंगे सिंडीकेट के कई अहम राज

उधर कफ सिरप तस्करी सिंडीकेट की एक अहम कड़ी विकास सिंह नरवे की गिरफ्तारी के बाद अब इस गैंग से जुड़े कई अहम खुलासे होंगे। ईडी और एसटीएफ दोनों ने ही विकास सिंह की कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी शुरू कर दी है। एसटीएफ की अभी तक की जांच में सामने आया है कि विकास सिंह इस सिंडिकेट का एक मुख्य कनेक्टर और संचालक है। जांच में यह सामने आया है कि विकास सिंह और उसके नेटवर्क ने धनबाद (झारखंड) व वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में अनेक फर्में कूटरचित दस्तावेजों पर बनवाईं। इन फर्मों का उपयोग भारी मात्रा में कोडीन युक्त फैंसीडिल कफ सिरप की खरीद-बिक्री और उसके डायवर्सन के लिए किया गया। विकास सिंह पूरे मॉड्यूल में संपर्क सूत्र, फर्म बनवाने वाला, और धन के लेन-देन की व्यवस्था कराने वाला प्रमुख व्यक्ति है।

इंदौर में गंदे पानी से 29वीं मौत का दावा

62 साल के शख्स ने तोड़ा दम

■ भाषा, इंदौर: इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में 62 साल के शख्स की मौत के बाद परिजनों ने बुधवार को कहा कि उनको दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण जान गंवानी पड़ी है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने महीना भर पहले फैले इस प्रकोप में अब तक कुल 29 लोगों की मौत का दावा किया है। हालांकि, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ में 27 जनवरी को राज्य सरकार की ओर से पेश डेथ ऑडिट रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि भागीरथपुरा में 16 लोगों की मौत का संबंध दूषित पेयजल के कारण फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप से हो सकता है।

परिजनों के मुताबिक, भागीरथपुरा में रहने वाले खूबचंद बंधैया (62) ने उल्टी-दस्त के इलाज के दौरान अपने घर में मंगलवार को आखिरी सांस ली। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। बंधैया के बेटे रोहित ने बताया,'दूषित पानी पीने के कारण मेरे पिता को पिछले 15-20 दिन से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। हम उन्हें भागीरथपुरा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां उन्हें दवाइयां दी गई थीं। घर में इलाज के दौरान उनकी मंगलवार को मृत्यु हो गई।' रोहित ने दावा किया कि उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों से कहा था कि उनके पिता को अस्पताल में भर्ती कराया जाए, लेकिन उनके घर एम्बुलेंस नहीं भेजी गई।



AI Image

अंकिता मर्डर केस: कांग्रेस ने धामी सरकार को घेरा

पूछा सवाल- CBI को जांच सौंपी या नहीं?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सरकार और सीएम पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच कराने के ऐलान को 15 दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामले की जांच वास्तव में सीबीआई को सौंपी गई है या नहीं।

गणेश गोदियाल ने कहा कि सीएम ने कहा था कि वे अंकिता के माता-पिता से मिलकर उनकी राय जानेंगे और उसी आधार पर आगे कार्रवाई होगी। अंकिता के माता-पिता ने लिखित रूप में तीन मांगें रखीं, हत्यारों को फांसी की सजा, मामले में शामिल वीआईपी को सजा और किसी सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच। बावजूद इसके, सरकार ने पीड़ित पक्ष के आवेदन के बजाय किसी अन्य की एफआईआर के आधार पर सीबीआई जांच की बात शुरू कर दी, जिससे संदेह और गहरा हो गया है। गोदियाल ने आरोप लगाया कि सरकार, काल्पनिक स्थिति के आधार पर जांच कराना चाहती है, जबकि वीआईपी की भूमिका कोई कल्पना नहीं बल्कि सच्चाई है। इस केस में आरोपी खुद नार्को टेस्ट की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार इसका विरोध कर रही है। साफ है कि नार्को टेस्ट होने पर बड़े नेताओं के नाम सामने आ सकते हैं।



UP: 10% अधिक आएगा बिजली बिल, सरचार्ज बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: फरवरी महीने में लोगों को 10 प्रतिशत अधिक बिजली बिल देना होगा। पावर कॉर्पोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क में अब तक की सबसे बड़ी वसूली का आदेश जारी कर दिया है। पाइस फैसले के खिलाफ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कनज्यूमर काउंसिल ने रेगुलेटरी कमिशन में लोक महत्व का प्रस्ताव दाखिल किया है। पावर कॉर्पोरेशन नवंबर में हुए अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिए फरवरी के बिजली बिलों में दस प्रतिशत का का इजाफा किया है। कॉर्पोरेशन का दावा है कि नवंबर 2025 में उसने 5.79 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी, जबकि रेगुलेटरी काउंसिल द्वारा स्वीकृत टैरिफ में यह दर 4.94 रुपये प्रति यूनिट है। इसी अंतर के आधार पर ईंधन अधिभार शुल्क लगाकर अतिरिक्त वसूली का आदेश जारी किए गए हैं।

www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career

विज्ञापन संख्या 11/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड
में
निदेशक (विपणन)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड
(शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत भारत सरकार का एक "मिनी रत्न" श्रेणी-I सीपीएसई)
भा.वि.प्रा. विज्ञापन संख्या 10, 12 व 14/2025/सीएचक्यू
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में संविदात्मक आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) की ओर से, एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड दिल्ली स्थित भा.वि.प्रा. में विभिन्न पदों पर संविदात्मक आधार पर कार्य करने के लिए योग्य पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन, पात्रता मानदंड, वेतन, अनुभव आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.aai.aero और www.edcilindia.co.in पर जाएं।
अधिक जानकारी के लिए कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
ऑनलाइन आवेदन दिनांक 29.01.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से प्रारंभ होंगे और दिनांक 08.02.2026 को समाप्त हो जाएंगे।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
योग्य भारतीय नागरिकों से अनुबंध के आधार पर **सलाहकार (सुरक्षा)** - एक पद और **कनिष्ठ सहयोगी (सुरक्षा)** - दो पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **28/02/2026** है।
शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव, आवेदन प्रारूप आदि के विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (People & Career/ Jobs/ Advertisements)** देखें।
MbPA-46-2025 सचिव

एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड
(एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल), एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, निम्नलिखित पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है:

क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या और कार्य स्थान प्रविष्टि	समेकित मासिक वेतन (सभी समावेशी)
1	कंपनी सचिव	दिल्ली में 1	Rs. 1,20,000/- (सभी शामिल) 2700/- रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ।

विस्तृत अधिसूचना हमारी वेबसाइट
website www.aiesl.in व www.aiahl.in से देखी या डाउनलोड की जा सकती है

Samruddha Minechem Private Limited
PROJECT MANAGER
Samruddha MineChem Pvt. Ltd. is seeking a highly experienced and results-driven Project Manager to lead the erection, installation, and commissioning of our new, large-scale Rock Phosphate Beneficiation/ Processing Plant. This is a critical leadership role responsible for steering the project from foundational construction to successful operational handover, ensuring adherence to safety, quality, budget, and timeline standards.
Role: Lead erection, installation, and commissioning of a large-scale Rock Phosphate Beneficiation / Processing Plant, ensuring safety, quality, budget, and timelines.
Key Responsibilities:
- Project planning, scheduling & cost control (Primavera P6/ MS Project)
- Vendor contracts, site logistics & statutory/environmental compliances
- Technical coordination with engineering teams
- End-to-end plant erection: civil, mechanical, piping & E&I
- On-site team, contractor & subcontractor management
- Enforce Zero Harm safety & QA/QC standards

Qualifications & Experience:
- B.E. /B. Tech in Mechanical, Chemical, or Civil Engineering
- 10-15 years in industrial plant erection (Phosphate/Cement/Chemical)
- Minimum 5 years in mining/mineral processing/fertilizer plants
- EPC project experience; expertise in Mechanical Erection, Beneficiation Plant, Crusher / Ball Mill installation

JR LAW OFFICER
Key Responsibilities:
- Drafting, reviewing & vetting legal documents and contracts
- Legal research and statutory compliance
- Assistance in litigation, due diligence & case management
- Liaison with external counsel and government authorities

Qualifications & Experience:
- LLB from a recognized University/Institute
- 1-2 years' experience in corporate law, compliance, or litigation
- Proficiency in English & local language

Interested candidates may please send their updated resume to
jobs@samruddha.net with the post applied for, in the subject.
Samruddha MineChem Pvt. Ltd. offers a competitive salary package, a dynamic work environment, and the opportunity to be at the forefront of a major industry project.

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
ncrtc
(भारत सरकार एवं सहभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)
(रिक्तियों की सूचना संख्या 01और 02/2026)
एनसीआरटीसी निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

पद का नाम	वेतनमान (₹) और सगकक्ष	रिक्तियों की संख्या	भर्ती का तरीका
सहायक प्रबंधक / मानव संसाधन	50,000-1,60,000 (आईडीए) ई 2	03 (यूआर)	तत्काल नियुक्ति
सहायक प्रबंधक / परिवहन योजनाकार	50,000-1,60,000 (आईडीए) ई 2	02 (यूआर)	नियमित अनुबंध

यह एक सांकेतिक विज्ञापन है। अनुभव, पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया एनसीआरटीसी की वेबसाइट www.ncrtc.in के करियर अनुभाग पर जाएं।
हस्ता/-जीजीएम/एचआर

www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career

One Team One Suroj
UNLEASHING POTENTIAL
SUROJ

TO INNOVATE, EXCEL, SUCCEED,
JOIN OUR TEAM.

SUROJ BUILDCON PVT. LTD. is built upon unwavering moral and ethical principles, centered on honesty and trust. We specialize in a diverse range of sectors, including Data center, Aviation, industrial, institutional, infrastructural, petrochemical, and EPC projects, with a broad presence across India.

We are currently on the lookout for dedicated and accomplished construction professionals to enhance our team's capabilities in Gujarat, Maharashtra, Karnataka, Madhya Pradesh, Delhi, Odisha, Telangana, and Andhra Pradesh.

- **Project Manager:** BE/DCE-Civil above 20 years of experience in RCC Buildings and Industrial construction.
- **Asst. Project Manager:** BE/DCE-Civil with 16-20 years of experience in RCC Buildings and Industrial construction.
- **Resident Engineer:** BE/DCE-Civil with 12-16 years of experience in RCC Buildings/Industrial construction.
- **Senior Engineer:** BE/DCE-Civil with 10-12 years of experience in Finishing/RCC buildings/Industrial construction.
- **Site Engineer/ Jr. Engineer** BE/DCE-Civil with 3-10 years of experience in Finishing/RCC buildings/Industrial construction.
- **Quantity Surveyor-Estimation & Costing/Billing:** BE/DCE-Civil with 4-12 years of experience in estimation, costing & client billing.
- **Senior Engineer/Engineer - Quality:** BE/DCE-Civil with 3-12 years of experience in the construction industry.
- **Site Supervisor/Foreman - Shuttering/Reinforcement:** HSC/Graduate/ITI with 10-15 years of experience in RCC Buildings/Industrial Construction and has experience in Formwork, Shuttering and Steel Reinforcement.
- **Site Supervisor/Foreman - Civil/Finishing:** HSC/Graduate/ITI-with 10-14 years of experience in Finishing/RCC Buildings/Industrial construction in their respective fields.
- **Land Surveyor:** ITI- with 5-15 years of experience in Industrial construction. Having knowledge of AutoCAD and Total Station.
- **Engineer - MEP (Electrical/Mechanical):** BE/Diploma-Mechanical or Electrical with more than 6 years of experience in Electrical, ELV, FAS, HVAC, Fire Fighting and Process Planning for Industrial and commercial projects. Should manage/handle subcontractors/client engineers in day-to-day activities.
- **Lead/Executive - Safety/EHS (Project):** Graduate/Degree or Diploma in Engineering with safety qualification, preferably ADIS, with 10-15 years of experience in industrial construction.
- **Officer - Safety/EHS (Project):** Graduate/Degree or Diploma in Engineering with safety qualification, preferably ADIS, with 5-10 years of experience in industrial construction.

Walk-in Interview on Sunday, 1st February 2026 between 10 AM to 4 PM in Thane
Get your CV, stamp-size photo, education and experience certificates along with salary proof & last 3 months' bank statement.
VITS SHARANAM, Eastern Express Highway, Service Road, Near New RTO, Teenhath Naka, Thane (W)-400604

In case you are unable to attend for the interview, please send your CV and the required information to cv@suroj.in or you can apply on https://www.suroj.in/career.php
www.suroj.in
Follow us on

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-28-2026 23:21 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब मिला पहली पेट्रोल-कार का पेटेंट

आज ही के दिन 1886 में कार्ल बेंज ने 'Benz Patent-Motorwagen' के लिए पेटेंट हासिल किया था। यह दुनिया की पहली सफल पेट्रोल से चलने वाली गाड़ी थी, जिसने घोड़ा-गाड़ी के युग को खत्म कर निजी परिवहन की नींव रखी। UNESCO ने इस पेटेंट को विश्व धरोहर का हिस्सा माना है। इसमें 0.75 हॉर्सपावर का इंजन था। इसकी पहली लंबी दूरी की यात्रा कार्ल बेंज की पत्नी बर्था बेंज ने की थी।

NBT

नवभारत टाइम्स। मुंबई

Front Page-2

गुरुवार, 29 जनवरी 2026, पेज 10

कार में मिलेगी होटल वाली फीलिंग

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में कारें सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि इंटेलिजेंट और पर्सनल स्पेस होंगी। कारें पूरी तरह ड्राइवर लेस होंगी और आपस में बात करेंगी। सफर शांत, सुरक्षित और टेंशन-फ्री होगा। अंदर का अनुभव होटल या ऑफिस जैसा होगा, जहां रोशनी, म्यूजिक और तापमान मूड के हिसाब से बदलेंगे। कारें क्लीन एनर्जी पर चलेंगी। ये दिखने में आज जैसी नहीं, बल्कि पॉड जैसी आधुनिक संरचनाएं होंगी। आगे चलकर कारें आराम और अनुभव की पहचान बनेंगी।



AI Images

SPEED News

ई-कॉमर्स कंपनी Amazon 16 हजार

कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी ने कहा, इनकी जगह AI लेगा। ये तीन महीनों में दूसरी बड़े स्तर की छंटनी हो रही है।

साउथ कोरिया की पूर्व फर्स्ट लेडी को 20

साल की जेल की सजा सुनाई गई है। साउथ कोरिया की अदालत ने किम कियॉन को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाया।

पाकिस्तान में 70 हजार लोग पलायन

कर गए। ये अफगान सीमा से सटे इलाके में रह रहे थे। पाकिस्तानी तालिबान पर कार्रवाई की आशंका में लोगों ने कदम ये उठाया।

स्वीडन स्कूलों में मोबाइल बैन करेगा

ताकि स्टूडेंट ज्यादा फोकस से पढ़ाई कर सकें। बैन 9वीं क्लास तक के स्टूडेंट्स के लिए होगा।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

फटाफट खबरें

जस्टिस पर टिप्पणी में SC का नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन पर कथित तौर पर जाति, धर्म आधारित टिप्पणियां करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मामला मदुरै के थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर 'कार्तिगई दीपम' से जुड़ा है।

धार्मिक विवाद पर मध्यस्थ नियुक्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लंबे समय से चले आ रहे धार्मिक विवाद के समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने बुधवार को पूर्व जस्टिस संजय किशन कौल को तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्री देवराजस्वामी मंदिर में अनुष्ठानों के निर्वहन को लेकर विवाद को सुलझाने के लिए प्रधान मध्यस्थ नियुक्त किया।

निगरानी कमिटी का कार्यकाल बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की घटना से जुड़े मानवीय पहलुओं की निगरानी के लिए गठित जस्टिस गीता मित्तल की अगुवाई वाली तीन मेंबरों की समिति का कार्यकाल जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मंजूरी दी। कोर्ट सलाहकार एडवोकेट विभा मखीजा ने बताया कि अब तक समिति 42 रिपोर्ट दे चुकी है।

कार्ति की चुनौती पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित चीनी वीजा मामले में निचली अदालत के भ्रष्टाचार और साजिश का आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की ओर से दाखिल याचिका पर बुधवार को सीबीआई से जवाब मांगा।

SC पर नज़र या कमिटी? UGC पर क्या फैसला लेगी सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यूजीसी नियमों को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट में एक के बाद एक कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं और कोर्ट में अब बहुत जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। इस समय सरकार के पास क्या-क्या विकल्प है, इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि विकल्पों की तो कमी नहीं है लेकिन सरकार अभी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेगी। सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई का इंतजार होगी। कोर्ट के दिशा- निर्देशों के बाद ही नियमों में संशोधन, बदलाव समेत दूसरे मुद्दों पर स्थिति साफ हो सकती है।

यूजीसी नियमों में बदलाव को लेकर हो रहे विरोध के बाद बीते मंगलवार को सरकार की ओर से कहा गया था कि यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में आई है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के पास अभी सबसे बेहतर विकल्प यही है कि वह सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई का इंतजार करें और उसके आधार पर कोई फैसला लें।

PTI

विरोध तेज: बुधवार को नए UGC नियमों के खिलाफ देश की कई हिस्सों में विरोध हुए। लोगों ने इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

नियमों पर होल्ड, कमिटी का विकल्प

विशेषज्ञों का कहना है कि नए नियमों पर हो रहे विरोध के मद्देनजर सरकार के पास एक विकल्प यह भी है कि अभी नये नियमों को होल्ड पर रख दिया जाए, लेकिन इसकी संभावना कम ही है। कारण है कि सुप्रीम कोर्ट में इसपर मामले पर सुनवाई होनी है। वहीं सरकार अपनी ओर से कोई भी बदलाव करती है तो फिर नए सिरे से हंगामा शुरू हो सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, एक तीसरा विकल्प यह भी है कि नियमों के खिलाफ जो भी मुद्दे उठाए गए हैं, उनको एड्रेस करने के लिए एक कमिटी बना दी जाए, जो सभी हितधारकों से बात करे।

मायावती बचाव में, बोलीं, विरोध ठीक नहीं

भाषा, लखनऊ : बीएसपी प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नए नियमों का बचाव करते हुए कहा कि इस कदम का विरोध बिल्कुल भी उचित नहीं है। हालांकि, उन्होंने आग्रह किया कि सामाजिक तनाव से बचने के लिए नियमों को विचार-विमर्श के बाद लागू किया जाना चाहिए था। मायावती ने 'X' पर पोस्ट कर कहा कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव के निराकरण के लिए समता समिति बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों का केवल जातिवादी मानसिकता वाले सामान्य वर्ग के लोग ही विरोध कर रहे हैं। इसे भेदभाव और षड्यंत्र मानना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह भी मानना है कि इस प्रकार के नियमों को लागू करने से पहले सभी को विश्वास में लिया जाना चाहिए था, जिससे सामाजिक तनाव पैदा नहीं होता। सरकारों और सभी संस्थानों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

बातचीत पर ट्रंप ने फिर चेताया, ईरान का टाइम खत्म हो रहा है

■ एएफपी, पैरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान को चेतावनी दी कि सैन्य हस्तक्षेप को रोकने के लिए उसका टाइम खत्म हो रहा है। ट्रंप ने सोशल मिडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते पर बातचीत की जरूरत है। अगला हमला इससे कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, अगर वे बातचीत को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो धमकियां बंद करनी होंगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन का कहना है कि अगर अमेरिका हमला करता है तो ईरान अभूतपूर्व तरीके से जवाब देगा।

इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की। इस दौरान क्राउन प्रिंस ने कहा कि सऊदी अरब अपनी धरती से ईरान पर हमले की इजाजत नहीं देगा।

FILE

'अल-मलिकी PM तो इराक को मदद नहीं'

■ एपी, वॉशिंगटनः अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इराक को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में लौटते हैं, तो अमेरिका इराक को दिया जा रहा समर्थन खत्म कर देगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब इराक के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' ने कुछ दिन पहले अल-मलिकी के नामांकन का समर्थन किया है। यह फ्रेमवर्क शिया दलों का सबसे प्रभावशाली समूह माना जाता है।

नूरी अल-मलिकी

अगले हफ्ते US जा सकते हैं विदेश मंत्री जयशंकर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले हफ्ते अमेरिका जा सकते हैं। इस विजिट के दौरान वे क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल बैठक में शामिल हो सकते हैं। अहम खनिजों पर होने वाली ये बैठक वॉशिंगटन डीसी में होगी। यह अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मेजबानी में होने वाली पहली हाई लेवल बैठक होगी।

'क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल' बैठक का मकसद दुनिया भर के साझेदार देशों को एक मंच पर लाना है, ताकि अहम खनिजों की सप्लाई चेन सुरक्षित करने के लिए सहयोग बढ़ाया जा सके। इनमें लिथियम, कोबाल्ट, निकल जैसे जरूरी मटीरियल शामिल हैं, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियों से लेकर डिफेंस सिस्टम्स की बुनियाद हैं।

FILE

अहम खनिजों पर बैठक में हिस्सा लेंगे

मिनियापोलिस फायरिंग: Apple के CEO कुक की ट्रंप से चर्चा

Minneapolis

■ एपी, मिनियापोलिस/वॉशिंगटन

Apple के सीईओ टिम कुक ने मिनियापोलिस फायरिंग पर दुख जताया है, जिसमें फेडरल इमिग्रेशन एजेंटों की कार्रवाई में दो लोगों की मौत हुई। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, कुक ने राष्ट्रपति ट्रंप से हालात पर चर्चा कर तनाव कम करने और गरिमा-सम्मान के आदर्शों पर टिके रहने की बात कही।

उधर, अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने मंगलवार को मिनियापोलिस स्थित इक्वाडोर के दूतावास में बिना अनुमति घुसने की कोशिश की। दूतावास कर्मियों ने उन्हें दरवाजे पर रोक दिया।

FILE

वेनेजुएला में US दूतावास?

ट्रंप के प्रशासन ने संसद को बताया है कि वह वेनेजुएला में बंद अमेरिकी दूतावास को दोबारा खोलने की दिशा में कदम उठा रहा है। कर्मचारियों की एक टीम वहां भेजी जाएगी, जो सीमित राजनयिक काम संभालेगी।

छात्रों को पोस्टल बैलेट की सुविधा, SC सुनेगा अर्जी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि छात्र मतदाताओं को विशेष रूप से उन मतदाताओं को, जो अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र से बाहर शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित है उन्हें डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) की सुविधा प्रदान की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को इसपर नोटिस जारी किया है।



राहुल-कनिमोई मिले, सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं

Hemwati.Rajaura1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : कांग्रेस नेता राहुल गांधी और डीएमके संसदीय दल की नेता कनिमोई के बीच बुधवार को दिल्ली में हुई मुलाकात हुई। हालांकि, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के अहम मुद्दे पर अंतिम सहमति नहीं बन सकी। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में दोनों नेताओं ने उन राजनीतिक और संगठनात्मक मसलों पर चर्चा की, जिन्हें आगे सुलझाया जाना है। हालांकि, सीट बंटवारे को लेकर कोई ठोस बातचीत नहीं हुई और न ही कांग्रेस को मिलने वाली सीटों की संख्या पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने कनिमोई से कहा कि सीट डिस्कशन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा चुनी गई टीम बातचीत करेगी। डीएमके फिलहाल कांग्रेस के लिए सीटों की संख्या में बड़ा इजाफा करने के पक्ष में नहीं दिख रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को डीएमके गठबंधन के तहत 25 सीटें दी गई थीं, जबकि इस बार डीएमके पहले ही कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट देने की प्रतिबद्धता जता चुकी है। कांग्रेस की ओर से यह बात पहले ही साफ की जा चुकी है कि अगर अगला विधानसभा चुनाव जीतकर गठबंधन दोबारा सत्ता में लौटता है, तो वह सरकार में हिस्सेदारी की मांग करेगी। हालांकि डीएमके की तरफ से अब तक इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, डीएमके अध्यक्ष, सीएम एम.के. स्टालिन और राहुल गांधी के बीच रिश्ते बेहतर माने जाते हैं, लेकिन अभिनेता विजय की पार्टी के गठन से राज्य में नए समीकरण बन रहे हैं।



राहुल गांधी और कनिमोई

हेल्थ सर्विस की क्वॉलिटी में खामी: लैंसेट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: द लैंसेट आयोग की नागरिक-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली पर आई रिपोर्ट ने भारत की सेहत व्यवस्था की एक साफ और चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने शिशु और मातृ मृत्यु दर घटाने तथा औसत आयु बढ़ाने में प्रगति की है, लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और जवाबदेही में बड़ी खामियां बनी हुई हैं। आयोग के अनुसार भारत की स्वास्थ्य प्रणाली अब भी मरीज की बजाय अस्पतालों और ढांचे के इर्द-गिर्द घूम रही है। लैंसेट ने यह रिपोर्ट 24 जनवरी को पब्लिश किया है।

जवाबदेही सबसे बड़ी कमजोरी: लैंसेट आयोग के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या कमजोर जवाबदेही और प्रोत्साहन की कमी है। खासकर ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की गैरहाजिरी आम है। कई बार स्टाफ मौजूद होने के बावजूद इलाज में जरूरी गंभीरता नहीं दिखाई जाती। मौजूदा व्यवस्था में बेहतर काम करने से डॉक्टरों को न तो अतिरिक्त संसाधन मिलते हैं और न ही बेहतर वेतन। ऐसे में मेहनत करने की प्रेरणा कमजोर पड़ जाती है। रिपोर्ट बताती है कि इसी वजह से कई सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस पर ज्यादा ध्यान देते हैं और सरकारी केंद्रों में केवल सीमित सेवाएं देते हैं। नतीजा यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग भी मजबूरी में महंगे निजी अस्पतालों का रुख करते हैं, जिससे जेब पर भारी बोझ पड़ता है।

कैथल में कार हादसा, 3 की मौत

■ NBT न्यूज, कैथल: **हरियाणा में नेशनल हाइवे** 152डी के पास कुरुक्षेत्र रोड पर मंगलवार की देर रात हुए हादसे में पिता-पुत्र और माता की मौत हो गई। कार के आगे अचानक पशु आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। कार में चार लोग सवार थे। मृतकों के अलावा दंपति का 19 वर्षीय हनुमंत भी कार में सवार था। उसे चोटें आई हैं। उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मारे गए लोगों में चिरंजीव कॉलोनी के देवराज, उसकी पत्नी उषा और बेटा सचिन शामिल हैं।

चिरंजीव कॉलोनी के राजीव ने बुधवार को बताया कि उनके पिता देवराज का शाहबाद के एक अस्पताल में टांगों में सूजन की बीमारी का इलाज चल रहा था। 15 दिन से दाखिल थे। मंगलवार शाम को ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

स्कूलों-अदालतों को दी गई बम धमकी

■ पीटीआई, चंडीगढ़/अहमदाबाद: चंडीगढ़ के 26 स्कूलों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिले, जिसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को एहतियातन बाहर निकाला गया और पुलिस ने गहन जांच की। छत्तीसगढ़ की तीन जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस ने परिसर खाली कराया और गहन तलाशी ली। इसी तरह, अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया। अहमदाबाद ग्रामीण अदालत को भी उड़ाने की अज्ञात धमकी से बुधवार को इलाके में हड़कंप मच गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और जिला प्रशासन ने तत्काल सतर्कता बढ़ा दी।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष में तकरार

जी राम जी पर की नारेबाज़ी, जेपी नड्डा बोले- मांफी मांगे विपक्ष

■ NBT रिपोर्ट/भाषा, नई दिल्ली

विपक्ष ने बुधवार को संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' का विरोध करते हुए नारेबाजी की। सरकार ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने विपक्ष को निशाने पर लिया।

रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्यों ने अपने आचरण से देश को शर्मिंदा किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान नारे लगाकर सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, बिरसा मुंडा, भूपेन हजारिका, गुरु तेग बहादुर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का भी अपमान किया। नड्डा ने कहा कि जिस तरह से इन लोगों ने संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचाया, वह बेहद निंदनीय है। उन्हें संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने जैसे ही संबोधन शुरू किया, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने जी राम जी अधिनियम' के खिलाफ नारे लगाए और इसे वापस लेने की मांग की। जब अपने अभिभाषण में मुर्मु ने नए कानून का उल्लेख किया तो विपक्षी सदस्य फिर से नारे लगाने लगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और कानून के प्रति विरोध जताया। इस पर राष्ट्रपति एक पल के लिए रुकीं, फिर उन्होंने संबोधन जारी रखा।

PTI

सत्र के पहले दिन संसद में राष्ट्रपति, पीएम, केंद्रीय मंत्री और सांसद

> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण राष्ट्र की संवैधानिक परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारत के भविष्य के स्पष्ट विजन को रेखांकित करता है। 'विकसित भारत' की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिंब है। -नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी

बजट सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बजट सत्र के पहले दिन I.N.D.I.A. ब्लॉक के फ्लोर लीडरों की बैठक हुई। इसमें कई विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। तय हुआ कि सत्र में जी राम जी, विशेष गहन पुनरीक्षण, विदेश नीति समेत कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सभी विपक्षी दलों ने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनरेगा को से खत्म किए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विपक्ष मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करेगा। कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह संसद में जी राम जी, एसआईआर, विदेश नीति और अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया है कि जी राम जी अधिनियम और एसआईआर जैसे विषयों पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। विपक्ष के आक्रामक रुख और सरकार की सख्त प्रतिक्रिया को देखते हुए सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ बुधवार को संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई। राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा। भारत ने अपने संसाधनों के बल पर आतंकियों के अड्डों को ध्वस्त किया था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र पर भी काम हो रहा है। मुर्मु ने विकसित भारत का संकल्प, भारत की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी का अभियान, एकता के लिए प्रयास पर सांसदों से एकमत होने का आह्वान किया। उन्होंने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल समेत कई महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि इन सबका मत रहा कि लोकतंत्र में विषयों पर मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन कुछ विषय मतभेदों से परे हैं। सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबों को सशक्त बनाने का अभियान तेज हुआ है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटाला से मुक्त प्रशासन देने में सफल रही है।

SC बोला, दस्तावेज़ तो कोई भी जाली हो सकता है

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग से उस आवेदन पर जवाब मांगा, जिसमें अदालत के पहले दिए गए निर्देशों 'तार्किक विसंगतियों' (logical discrepancy) की लिस्ट के प्रकाशन को तमिलनाडु तक विस्तारित करने की मांग की गई है। इसी बीच SIR में सत्यापन दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया और कहा कि दस्तावेज तो कोई भी जाली हो सकता है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में सत्यापन दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर सवाल उठाए। टिप्पणी की कि पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया तक निजी एजेंसियों को आउटसोर्स की गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। इनमें अश्विनी उपाध्याय की वह याचिका भी शामिल है, जिसमें सभी राज्यों में मतदाता सूचियों के देशव्यापी पुनरीक्षण की मांग की गई है। अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने SIR प्रक्रिया में सत्यापन के लिए आधार को दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का विरोध किया।



SIR में आधार कार्ड के उपयोग पर की जा रही आपत्तियों पर किया सवाल

SIR पर नवीन और ममता आए आमने-सामने

■ भाषा, कोलकाता : बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को टीएमसी सरकार पर घुसपैठ को संरक्षण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने और वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर निर्वाचन आयोग घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, तो दूसरी ओर ममता सरकार भय का माहौल बनाकर और गलत सूचना फैलाकर एसआईआर प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही है। वहीं, सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर की आड़ में एनआरसी को लागू करने की साजिश रची गई। हुगली के सिंगूर में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि राज्य में कृषि और उद्योग दोनों साथ-साथ फले-फूलेंगे।

CBSE 12वीं की क्वॉलिफिकेशन को मान्यता देगी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने कुछ अंडरग्रैजुएट कोर्सेज में सीबीएसई बोर्ड 12वीं की क्वॉलिफिकेशन को मान्यता देने का फैसला किया है। भारत में 'कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज' (CAS) भी शुरू किया गया है, जहां रिसर्च और इनोवेशन पर फोकस होगा। कैम्ब्रिज और भारतीय छात्र जॉइंट प्रोजेक्ट कर सकेंगे। ब्रिटिश हाई कमिशन की ओर से जारी मीडिया बयान में कहा गया है कि नई पहल UK-इंडिया विजन-2035 के तहत भारतीय छात्रों और रिसर्चर्स के लिए इस ईकोसिस्टम तक पहुंच बढ़ाती है।

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने कहा कि कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का मकसद इनोवेशन, रिसर्च और शिक्षण के क्षेत्र में काम करने पर है। दिल्ली में यूनिवर्सिटी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आए वाइस चांसलर प्रोफेसर डेबोरा प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि यूनिवर्सिटी कुछ ग्रैजुएशन कोर्सेज में सीबीएसई 12वीं क्लास की योग्यता को भी स्वीकार करेगा। सीबीएसई स्कोर के साथ कुछ अतिरिक्त शर्तों को भी पूरा करना होगा। इससे भारतीय छात्रों को कैम्ब्रिज में पढ़ने के बेहतर मौके मिलेंगे।



AI Image

■ इंडिया में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज भी शुरू किया जाएगा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK02 User: cci Time: 01-28-2026 22:56 Color:

अलविदा दादा

चाचा शरद पवार का हाथ पकड़कर अजित पवार ने राजनीति के गुर सीखे थे। 1982 में वे सहकारी शुगर फैक्ट्री के बोर्ड में चुने गए थे।

दादा की राजनीतिः 1980 से 2026 तक

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1991 में बारामती विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर की थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल अजित पवार ने समय के साथ राज्य की राजनीति में मजबूत पकड़ बनाई। वे कई बार विधायक चुने गए और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद पर पहुंचे। वित्त एवं नियोजन मंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के बजट और आर्थिक नीतियों में अहम भूमिका निभाई। अपने लंबे राजनीतिक सफर में अजित पवार ने बारामती क्षेत्र में लगातार प्रभाव बनाए रखा।

28 जून 1991 को मुंबई में राजभवन में शपथ लेने वाले मंत्री सुशील कुमार शिंदे से मिलते अजित पवार।

23 नवंबर 2019 की सुबह अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

एमवीए सरकार में शामिल होने के दौरान अजित।

2024 में अजित पवार एक बार फिर डीसीएम बने।

1980	1991	1991	1995	1992	16	2010	2012	2019	2019	2023
के दशक में चाचा शरद पवार के नेतृत्व में कांग्रेस से अपना राजनीतिक करियर शुरू किया। 1999 में NCP के साथ हुए।	में वे पहली बार बारामती संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसी साल वे अपने चाचा शरद पवार की खाली हुई सीट से विधायक भी बने।	में अजित पवार बारामती से उप चुनाव में रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीत हासिल करने के बाद सबसे युवा विधानसभा सदस्य बने।	में भी विधायक बने। फिर 1999, 2004, 2009 और 2014 में भी जीत दर्ज की। 1991 से 1992 तक सिंचाई और ऊर्जा मंत्री भी रहे।	में शरद पवार जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने, तो अजित मिट्टी संरक्षण, बिजली और योजना के राज्य मंत्री बनाए गए थे।	साल तक (1991) अजित पवार ने पुणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक का नेतृत्व किया। वे सहकारी मामलों के जानकार थे।	में अजित पवार ने पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।	में धन के दुरुपयोग के आरोपों के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री से इस्तीफे की घोषणा की। बाद में उन्हें फिर से पद पर बहाल किया गया।	में जब एनसीपी, शिवसेना और कांग्रेस गठबंधन की कोशिश कर रहे थे, तब अजित ने फडणवीस के साथ डीसीएम की शपथ ली।	में ही अजित पवार उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे। वे 29 जून 2022 तक डीसीएम रहे।	से 28 जनवरी 2026 तक अजित उप मुख्यमंत्री के पद पर हो रहे। इस दौरान महायुति ने 2024 में दोबारा जीत दर्ज की

वित्त की दृष्टि से भी राज्य में पावर लॉस

वित्त मंत्री के रूप में महाराष्ट्र के दिग्गज नेता अजित पवार के काम की प्रशंसा सत्ता पक्ष हो या विपक्ष के नेता, हर कोई करता था। कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने उनके साथ के संस्मरण को याद करते हुए बताया कि अजित दादा स्किल्स को लेकर काफी सकारात्मक थे, क्योंकि लोगों के जीवन पर उसका सीधा असर होता है। प्रोजेक्ट को मंजूर करते हुए वे हमेशा पैसे को सरकार का नहीं खुद का मानते थे। प्रोजेक्ट में दी गई जानकारी के अलावा उनका प्रैक्टिकल ज्ञान भी काफी होता था, जिसके आधार पर सवाल-जवाब के बाद ही फाइल आगे बढ़ती थी। वहीं, अजित दादा के साथ बतौर वित्त सचिव काम कर रहे ओपी गुप्ता कहते हैं कि यह अजित दादा का ही सक्षम प्रभाव था कि महाराष्ट्र जीडीपी समेत हर पैरामीटर में आगे रहा। गौरतलब है कि देश के वित्तीय केंद्र के रूप में महाराष्ट्र की पहचान रही है। जिसे बतौर पर वित्त मंत्री बनाए रखने में अजित पवार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब उनके असमय निधन से यह जगह भरना आसान नहीं होगी।

11 बार महाराष्ट्र का बजट पेश कर चुके थे अजित पवार, अनावश्यक खर्च के थे खिलाफ

अजित पवार के जाने के बाद राज्य की वित्त व्यवस्था के सामने कई बड़ी चुनौतियां

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ मुंबई: महाराष्ट्र का 11 बार बजट पेश कर चुके अजित पवार के निधन से देशभर में शोक की लहर है। ऐसे में अगले महीने शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले फडणवीस सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। 9.3 लाख करोड़ के भारी-भरकम कर्ज के तले दबे राज्य को बेहद अनुशासित अजित दादा जैसी दमदार नेतृत्व की कमी खलेगी। अनावश्यक खर्च के खिलाफ रहने वाले अजित पवार के चलते कई अधिकारी बड़ी परियोजनाओं को उनके सामने ले जाने से पहले कतराते थे, क्योंकि उनके तीखे सवाल अक्सर अफसरों को चुप करा देते थे। पवार से पहले सबसे ज्यादा 13 बार बजट पेश करने का रेकॉर्ड शेषराव वानखेड़े के नाम है। यदि वह इस बार अपना पूरा कार्यकाल करते तो वह 15 बार बजट पेश करके रेकॉर्ड बना लेते।

उद्धव ठाकरे सरकार के सत्ता में जाने के बाद एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री काल में देवेंद्र फडणवीस के पास बतौर उपमुख्यमंत्री गृह और वित्त दोनों विभागों की जिम्मेदारी थी। बाद में अजित पवार के शामिल होने के बाद उनका पसंदीदा वित्त मंत्रालय उन्हें सौंप दिया गया। 23 फरवरी से बजट सत्र की शुरुआत से पहले सरकार को नए वित्त मंत्री की नियुक्ति करनी होगी, अन्यथा किसी को इसका प्रभार देना होगा। मार्च के दूसरे सप्ताह में महाराष्ट्र का बजट पेश होगा।

File Photo



नए वित्त मंत्री के सामने होगा बड़ा चैलेंज

नए वित्त मंत्री के सामने चुनौतियों का पहाड़ लगा हुआ है। राज्य पर पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले करीब 1.5 लाख करोड़ का कर्ज बढ़ चुका है। हालांकि, सरकार का दावा है कि आरबीआई के प्रावधानों के मुताबिक, कुल कर्ज राज्य की कुल ग्रॉस इनकम का 25% से ज्यादा नहीं होना चाहिए। अभी यह, 18.52 प्रतिशत है। इसी तर्ज से दादा अक्सर बचत करते थे। वैसे फिस्कल डेफिसिट भी 2023-24 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीएसपी) का 2.77% था, जो कि बढ़कर 2024-25 में 2.93% हो गया। हालांकि, 2025-26 में यह 2.76% पर आ गया। महाराष्ट्र सरकार द्वारा करीब 50,000 करोड़ रुपये लाड़ली बहना योजना पर खर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में नए वित्त मंत्री के सामने खर्च को नियंत्रण करने के साथ ही कमाई के नए स्रोत खोजने की भी चुनौती होगी।

अजित पवार बजट के वास्तविक उपयोग को जानने में रुचि रखते थे। मैंने 2 करोड़ की लागत से एक राशन कार्ड ऑफिस बनवाया, उन्होंने उसकी फोटो देखकर पूरी सुविधा को समझा। वो हर काम का बजट, उसकी प्लानिंग, उसमें लगने वाले समय से न केवल प्रोजेक्ट पर फैसला लेते थे, बल्कि उसी से वो उस व्यक्ति की भी ड्रेडिंग कर देते थे।

राईस शेख, विधायक, भिवंडी

अजित पवार अनुशासन प्रिय थे। समय के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन भी उनके विशेष गुण में शुमार था। कोई नाराज हो या खुश, वो उसकी ज्यादा परवाह नहीं करते। लाड़ली बहना योजना के लिए वो हर महीने पैसे जरूर जारी कर दिया करते थे। उनकी बैठकें भी तय समय पर ही शुरू होती थीं।

डॉ. अनूप कुमार यादव, संचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग

जाने-माने नेता, जिनका निधन प्लेन क्रैश में हुआ

संजय गांधी

कांग्रेस नेता- इंदिरा गांधी के पुत्र, 23 जून 1980 को विमान दुर्घटना में निधन।

माधवराव सिंधिया

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केंद्रीय मंत्री- 30 सितंबर 2001 को विमान हादसे में मृत्यु।

जी.एम.सी. बलयोगी

तत्कालीन लोक सभा स्पीकर- 3 मार्च 2002 को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन।

ओम प्रकाश जिंदल

हरियाणा के पूर्व मंत्री- 3 मार्च 2005 को हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया।

वाई.एस. राजसेखर रेड्डी

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री- 2 सितंबर 2009 हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु।

डोरजी खांडू

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री- 30 अप्रैल 2011 हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन।

विजय रुपाणी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री- 12 जून 2025 फ्लाइट दुर्घटना में निधन।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत से मैं अत्यंत व्यथित हूं। उनका निधन जनजीवन के लिए एक अपार क्षति है। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति मिले।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री, कर्नाटक

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की दुखद विमान हादसे में असामयिक मौत से मैं स्तब्ध और बेहद दुखी हूं। उनकी अचानक मृत्यु महाराष्ट्र की राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है, जहां उन्होंने अनुभव और दृढ़ संकल्प के साथ सेवा की।

- डी.के. शिवकुमार, उपमुख्यमंत्री, कर्नाटक

आज सुबह विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के अचानक निधन से मैं स्तब्ध और बहुत दुखी हूं। मैं उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति।

- एन चंद्रबाबू नायडू, मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश

विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु पर दुख जताया है। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जी समेत अन्य लोगों की आकस्मिक मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है।

- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

कब-कब रहे वित्त मंत्री

2010 से 2014

इस अवधि में अजित पवार ने वित्त मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी।

30 दिसंबर 2019-29 जून 2022

उद्धव ठाकरे सरकार में उन्होंने वित्त और नियोजन मंत्री के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

14 जुलाई 2023 से 28 जनवरी, 2026

2023 में महाराष्ट्र में महायुति सरकार में वित्त बने थे। इसके बाद 2024 में नई सरकार में फिर वित्त मंत्री बनाए गए।

जब नाराज होकर दादा ने दे दिया था इस्तीफा

अजित पवार के साथ काम करने वाले नेताओं ने साझा कीं अपनी यादें

■ टीम एनबीटी, मुंबई : राज्य के 6 बार उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार ने कई मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया था। इसमें कांग्रेस के पृथ्वीराज चव्हाण भी शामिल थे। अजित पवार को याद करते हुए चव्हाण ने कहा कि एक बार नाराज होकर अजित ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन 15-20 दिन बाद उन्हें मन कर दोबारा मंत्रिमंडल में लाया गया। चव्हाण ने कहा कि समय के साथ राजनीतिक मतभेद जरूर हुए और दोनों अलग-अलग खेमों में चले गए, लेकिन अजित पवार के नेतृत्व, कार्यकुशलता और लोकप्रियता को वह हमेशा सम्मान की नजर से देखते हैं। चव्हाण ने कहा कि अजित बेहद मेहनती और अनुशासित नेता थे, हमेशा मीटिंग में पूरी तैयारी के साथ आते थे। समय के पाबंद थे और सुबह सात बजे से ही लोगों से मिलना शुरू कर देते थे। अजित पवार ने लंबे समय तक वित्त विभाग संभाला और कई बजट पेश किए। इस बार भी वह महाराष्ट्र का नया बजट पेश करने की तैयारी में जुटे हुए थे।

चुनाव के बाद एक्सरसाइज शुरू करने वाले थे दादा

बरामती से विधायक दिलीप सोपाल 1985 से अजित दादा को जानते थे और दादा के करीबी नेताओं में शामिल रहे हैं। अजित पवार को याद करते हुए सोपाल ने कहा कि मैं दादा से करीब 10 साल बड़ा हूं, लेकिन हमारे बीच दोस्ती का धागा दोनों के मिलनसार स्वभाव और सादगी की वजह से मजबूती से बुना गया था। करीब डेढ़ घंटे तक दिल से दिल की बातें करने के बाद सोपाल से दादा ने कहा "अो दिलीपराव, इन चुनावों की वजह से कसरत रुक गई है, अब जिला परिषद चुनाव खत्म होने पर मैं इसे फिर से शुरू करूंगा।"

File Photo

जब मेरा रुका फंड दादा ने दिलवायाः जीशान बांद्रा (ईस्ट) से विधायक रहे जिशान सिद्दीकी के पवार परिवार से घरेलू संबंध हैं। अजित पवार के बेटे पार्थ जिशान के दोस्त हैं। बारामती जाते हुए जीशान ने बताया कि मैं जब विधायक था, तो मुझे फंड मिलने में कई दिक्कतें होती थीं। कुछ लोग मुझे फंड देने में रोड़े अटका रहे थे। जब मैं दादा के पास पहुंचा, तो उन्होंने सीधे मुख्य सचिव को फोन किया और कहा कि इस बच्चे को फंड मिलने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जब मेरे पिता बाबा सिद्दिकी की मौत हुई, तो दादा ने मुझे बहुत सहारा दिया। उन्होंने कहा कि अब से तेरी पूरी जिम्मेदारी, मेरी होगी। उनके भरोसे के चलते ही मैंने एनसीपी में प्रवेश भी किया था।

प्रत्यक्षदर्शी बोले, हादसे के बाद विमान में आग लगी और एक के बाद एक कई धमाके हुए

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया आखिर हुआ क्या था

'ज़मीन से टकराया और विस्फोट हो गया'

एक महिला ने बताया कि विमान ने हवा में एक चक्कर लगाया। वह थोड़ा अस्थिर और झूलता सा दिखाई दे रहा था। जब विमान उतरने के लिए रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी वह जमीन से जोर से टकराया और विस्फोट हो गया। एक तेज धमाके की आवाज हुई, जो हमारे घर तक सुनाई दी। विस्फोट के बाद विमान के कई हिस्से हवा में उछले और मलबे का कुछ हिस्सा मेरे घर के पास भी गिरा। विमान नीचे गिरने से पहले एक तरफ झुक गया था। हमने विस्फोट देखा और वह बहुत भयावह था।

'हवाई पट्टी से 100 फीट ऊपर था विमान'

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने भी कहा कि ऐसा लग रहा था कि उतरते समय विमान का नियंत्रण बिगड़ गया था। जिस तरह से विमान नीचे आ रहा था, उससे हमें लगा कि वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। वह हवाई पट्टी से लगभग 100 फुट ऊपर था। जैसे ही हम विमान की ओर दौड़े, हमने आग की लपटें देखीं, जिसके बाद लगातार चार से पांच धमाके हुए, जिन्होंने हमें विमान के पास न जाने को लेकर मजबूर किया। आग बहुत भीषण थी। बाद में हमें पता चला कि अजित पवार विमान में सवार थे। वह हमारे लिए चौंकाने वाली बात थी।

'शवों को तुरंत ऐंबुलेंस से भेजा गया'

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी प्रमोद मट्टीकर ने बताया कि विमान हादसे के तुरंत बाद शवों की पहचान करके उन्हें एंबुलेंस में भेज दिया गया, जबकि बचाव व आपात अभियान में मदद के लिए दमकल विभाग के कर्मी लगभग उसी समय घटनास्थल पर पहुंच गए। तेजी से भीड़ को नियंत्रित किया गया। बता दें कि उड़ानों की निगरानी करने वाली 'फ्लाइट रडार' के अनुसार, विमान ने मुंबई से सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी और सुबह लगभग आठ बजकर 45 मिनट पर यह रडार से गायब हो गया।

'विस्फोट हुआ, विमान लपटों से घिर गया'

मौके पर मौजूद एक महिला ने बताया कि बारामती में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हवा में थोड़ा अस्थिर प्रतीत हुआ और जमीन से टकराते ही उसमें विस्फोट हो गया। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दुर्घटना के बाद विमान आग की लपटों में घिर गया और इसके बाद लगातार चार से पांच विस्फोट हुए। बता दें कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार राज्य में पांच फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के प्रचार अभियान के तहत जनसभाओं को संबोधित करने के लिए मुंबई से बारामती जा रहे थे। (भाषा)

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK03 User: cci Time: 01-28-2026 23:18 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 29 जनवरी 2026 > माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 24 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

अजित पवार 22 जुलाई 1959-2026 28 जनवरी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और NCP (AP) प्रमुख अजित पवार का बुधवार सुबह एक विमान हादसे मे निधन हो गया। वह मुंबई से बारामती जाने के लिए विमान से रवाना हुए थे। सुबह 8:45 बजे बारामती उतरते समय विमान क्रैश हो गया। इस हादसे मे अजित पवार और उनके साथ विमान मे मौजूद क्रू मैंबर समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

अलविदा दादा

प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत 5 की मौत

NBT टीम । महाराष्ट्र की राजनीति के दादा अजित पवार (66 साल) नहीं रहे। बुधवार को बारामती में लैंड करते समय उनका विमान खाई में जा गिरा और उसमें आग लग गई। इस हादसे में अजित पवार के अलावा विमान में सवार चार लोगों की भी मौत हो गई। राज्य के उप-मुख्यमंत्री रहे अजित पवार का दाह संस्कार गुरुवार को बारामती में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के नेता शामिल होने वाले हैं।

राज्य सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक छुट्टी और तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है। शोक की अवधि में कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा। पार्टी ने बताया है कि अंतिम संस्कार पूर्वाह्न 11 बजे विद्या प्रतिष्ठान मैदान में होगा।

बुधवार सुबह 8:10 बजे उन्होंने बारामती के लिए मुंबई से विमान में उड़ान भरी थी। वे 5 फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के लिए पुणे जिले में चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। बारामती एयरपोर्ट के निकट हवाई पट्टी के बगल में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आग का गुबार देखा गया। विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें अजित पवार और अन्य 4 लोगों की मौत हो गई। पवार की पत्नी सुनेत्रा (राज्यसभा सदस्य) और दो बेटे पार्थ एवं जय हैं।

विभाग ने घोषणा की कि उपमुख्यमंत्री के निधन के कारण महाराष्ट्र भर में राज्य सरकार के सभी कार्यालय बुधवार को बंद रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देश के विभिन्न दलों के कई अन्य नेताओं ने अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल के अनुसार, दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। विमान में सवार लोगों को अस्पताल ले जाया गया। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार बारामती हवाई अड्डे और मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां दुर्घटनास्थल से अजित पवार के शव को लाया गया था।

पायलट की चूक या GPS स्पूफिंग?

प्लेन क्रैश मामले की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने शुरू कर दी है। हैदराबाद में हो रहे विंग्स इंडिया शो से एएआईबी के डीजी सीधे घटनास्थल पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी पहुंची। सही जानकारी ब्लैक बॉक्स से मिलेगी। फिलहाल कई थ्योरी सामने आ रही हैं। पायलट की गलती या चूक से प्लेन क्रैश हुआ, प्लेन के इंजन फेल हुए, तकनीकी खामी आई, जीपीएस स्पूफिंग जैसा कोई साइबर अटैक हुआ या कोई साजिश? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आएंगे।

विमान में अजित पवार के साथ थे ये चार लोग

कैप्टन सुमित कपूर
पायलट

शांत, जिम्मेदार और कुशल पायलट। चार्टर एविएशन सेक्टर में लंबा अनुभव। बिजनेस जेट उड़ाने में माहिर। कई साल अलग-अलग तरह के विमान उड़ाए। ऑपरेशनल मामलों में समझ मजबूत थी। हर उड़ान से पहले सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखते थे और टीम के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करते थे।

कैप्टन शांभवी पाठक
को-पायलट

मुंबई यूनिवर्सिटी से एयरोनॉटिक्स और एविएशन साइंस में BSc की। न्यूजीलैंड सिविल एविएशन अथॉरिटी का कमर्शियल पायलट लाइसेंस। 'फ्रोजन एटीपीएल' भी पूरा किया, जो पायलट बनने की दिशा में अहम कदम है। फ्लाइट इंस्ट्रक्टर रेटिंग भी थी, यानी दूसरों को ट्रेनिंग देने की योग्यता।

पिंकी माली
क्रू मेंबर, मुंबई

5 साल से प्राइवेट चार्टर्ड फ्लाइट में ड्यूटी दे रही थी। पहले एयर इंडिया में थी। पिता शिवकुमार माली राष्ट्रवादी पार्टी के नेता। मूल गांव जौनपुर, लेकिन परिवार मुंबई में रहता है। शादी को 1 साल भी नहीं हुआ है। करीबियों का कहना था कि पिंकी ने अपने दम पर अपना करियर बनाया था।

विदीप जाधव,
PSO, उम्र 43 साल, कलवा

अजित पवार के सतर्क अंगरक्षक (पर्सनल सिक्युरिटी ऑफिसर)। 2009 से मुंबई पुलिस में तैनात। वहीं से उनके साथ थे। 2 बच्चे (बेटा-बेटी) हैं। कलवा के पास रहते थे। घटना से कुछ समय पहले ही विमान में अजित पवार के साथ खुद की फोटो पत्नी संध्या को भेजी थी।

अजित पवार जनता के नेता थे। महाराष्ट्र के लोगों की सेवा में आगे रहने वाले मेहनती व्यक्तित्व के तौर पर उनका सम्मान किया जाता था। प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ और वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून काबिले तारीफ था। उनका असमय निधन चौंकाने वाला और दुखद है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। **–नरेंद्र मोदी**, PM

मित्र और सहयोगी, उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान दुर्घटना में निधन होना मन को अत्यंत व्यथित और झकझोर देने वाला है। मैंने दमदार और दिलदार मित्र खो दिया है। यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। यह कभी न भर पाने वाला नुकसान है। चार अन्य लोगों की भी मृत्यु हुई है। उनके परिवारों के दुख में भी हम सहभागी हैं।
–देवेंद्र फडणवीस, CM

यह हादसा है, इसमें राजनीति को न लाएं : शरद पवार

पुणे (भाषा) : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को परोक्ष रूप से झिड़की लगाते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि अजित पवार और चार अन्य लोगों को ले जा रहे विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना एक हादसा था और इसे राजनीतिक रंग न दिया जाए। शरद पवार ने पत्रकारों से कहा कि अजित की मृत्यु महाराष्ट्र के लिए बड़ा सदमा है, जिसने एक मेहनती और कुशल नेता खो दिया है। यह क्षति अपूरणीय है। उन्होंने कहा, 'सभी चीजें हमारे हाथ में नहीं होतीं।' NCP (SP) प्रमुख ने कहा, 'कोलकाता से यह अफवाह फैली कि इस घटना में कुछ राजनीति हो सकती है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। इसमें राजनीति का कोई लेना-देना नहीं है। यह दुर्घटना थी। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इसमें राजनीति को न घसीटें।'



महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, CM देवेंद्र फडणवीस, DCM एकनाथ शिंदे ने बुधवार को बारामती में दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

बुधवार को बारामती में डिप्टी सीएम अजीत पवार के विमान दुर्घटना में निधन के बाद परिवार के सदस्यों से मिलते समय भावुक हुईं NCP(SCP) सांसद सुप्रिया सुले।



Kaushik Naik

मुंबई स्थित मंत्रालय पर राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया गया। राज्य सरकार ने 3 दिन का शोक घोषित किया है। शोक की अवधि में कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

Kaushik Naik

मंत्रालय के सामने स्थित NCP (AP) के बाहर अजित दादा को श्रद्धांजलि देने के लिए लगा होर्डिंग। पार्टी दफ्तर के बाहर जहां आम दिन चहल-पहल रहती है, बुधवार दोपहर एकदम सन्नाटा था।

सियासत पर क्या-क्या असर छोड़ गया राजनीति का 'असरदार खिलाड़ी'



NCP पर असर : अब तेज हो सकती है दोनों NCP के विलय की प्रक्रिया

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

कुछ महीनों से दोनों एनसीपी के विलय की चर्चा तेज थी। अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र में बड़े पवार ही एकमात्र बड़ा चेहरा हैं। जाहिर है, अब दोनों पार्टियों में विलय की प्रक्रिया तेज हो सकती है। हालांकि, अजित की जगह इस जाजम को कौन आगे बढ़ाएगा, यह सवाल बाकी है। वैसे, अजित की सांसद पत्नी सुनेत्रा से राजनीतिक केमिस्ट्री बनती थी। बारामती से चुनाव हारने के बाद उन्हें राज्यसभा में भेजकर अजित ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। सीनियर पवार के सामने विलय के बाद महाराष्ट्र और दिल्ली के लिए अलग-अलग चेहरों की जरूरत होगी। उनकी बेटी सुप्रिया, अजित की पत्नी सुनेत्रा, बेटे पार्थ, भतीजे रोहित पवार के रूप में परिवार में इसके विकल्प हैं। पार्टी बनने के बाद से अक्सर सत्ता के साथ रहा परिवार ऐसा संतुलन बिठाने में माहिर है। नए चेहरों के सामने अजित की तरह दमदारी से पार्टी को आगे बढ़ाने की चुनौती होगी। हाल में, पवार को अपने गढ़ पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में शिकस्त मिली थी लेकिन वे जिला परिषद चुनाव में नई ऊर्जा से उतर गए थे।

विलय नहीं होने पर पार्टी का मुखिया कौन होगा?

अजित पवार एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे। विलय नहीं होने पर पार्टी की कमान किसके हाथ में होगी? फिलहाल यह उनके परिवार के सदस्य को दी जा सकती है। वैसे, अजित पवार के परिवार में चार सदस्य हैं। उनकी पत्नी सुनेत्रा, बड़े बेटे पार्थ और छोटे बेटे जय पवार। अजित पवार की पत्नी अक्सर उनके साथ चुनावी रैली में नजर आती थीं। बड़े बेटे पार्थ चुनाव लड़ चुके हैं, हालांकि उन्हें बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, विलय की स्थिति में शरद पवार के हाथों में जिम्मेदारी होगी। हालांकि, बढ़ती उम्र के चलते वह भी परिवार के किसी सदस्य को ही जिम्मेदारी दे सकते हैं।

महायुति सरकार के काम पर प्रभाव?

महाराष्ट्र की सियासत में अजित पवार को बेताज बादशाह की तरह देखा जाता था। अजित अपने 35 साल के सियासी सफर में छह बार डिप्टी सीएम और 8 बार विधायक रहे। महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री थे और उनके पास महत्वपूर्ण वित्त और एक्साइज जैसे महत्वपूर्ण विभाग थे। अब उनका विभाग कौन संभालेगा या मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इसे बजट तक अपने पास भी रख सकते हैं, यह फैसला जल्द लेना होगा। वर्तमान में अजित पवार के बाद पार्टी में छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ जैसे वरिष्ठ नेता कैबिनेट में मौजूद हैं। फिर, धनंजय मुंडे की सरकार में वापसी की संभावना भी बढ़ गई है।

केंद्र की राजनीति पर दादा के जाने का असर

केंद्र की मोदी सरकार को अजित पवार की पार्टी एनसीपी का भी समर्थन है। लोकसभा में महाराष्ट्र में एनडीए को मिली करारी शिकस्त के बावजूद रायगढ़ से सुनील तटकरे चुनाव जीतकर संसद पहुंचे और राज्यसभा में प्रफुल्ल पटेल, सुनेत्रा पवार और नितिन जाधव सांसद हैं ही। दोनों पार्टियों के विलय होने पर केंद्र में एनडीए सरकार के एमपी की संख्या भी बढ़ सकती है, जिसकी उसे काफी जरूरत भी है। संख्या बढ़ने पर केंद्र में मंत्री पद भी मिलना तय है। केंद्र सरकार में मंत्री बनने की स्थिति में परिवार से सुनेत्रा और सुप्रिया सुले के अलावा प्रफुल्ल पटेल का नाम भी शामिल किया जा सकता है।

पावर बैलेंस पर भी असर पड़ना तय

अजित पवार और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच राजनीतिक गणित परफेक्ट था। पुणे महानगरपालिका में दादा ने बीजेपी पर आरोपों की बरसात कर दी थी, लेकिन उन्होंने कभी फडणवीस पर आरोप नहीं लगाए और फडणवीस भी दादा के खिलाफ नहीं बोले। कहते हैं कि एकनाथ शिंदे के साथ सियासी बैलेंस बनाए रखने के लिए ही फडणवीस, अजित पवार को साथ लाए थे। NCP के 41 विधायक हैं। इससे शिंदे की प्रेशर पॉलिटिक्स को कंट्रोल ही नहीं किया गया, बल्कि 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी ने CM की कुर्सी भी कब्जे में ले ली। अब इस सियासी गणित को धक्का लगना तय है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK04 User: cci Time: 01-28-2026 23:09 Color:

अलविदा दादा

14 अप्रैल, 2013 को अजित पवार सूखे से प्रभावित लोगों के लिए गलत भाषा इस्तेमाल करने के बाद कराड में वाई. बी. चव्हाण की समाधि के पास एक दिन के उपवास पर प्रायश्चित स्वरूप बैठे थे।

2019 राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीते थे

अजित पवार 2019 में बारामती विधानसभा सीट से 1,65,265 वोटों से जीते थे। यह इस चुनाव में राज्य में सबसे बड़ी जीत थी। अजित पवार को 1,95,641 वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के गोपीचंद पडलकर को 30,376 वोट मिले थे। जबकि 2024 में उन्होंने 100899 वोटों से जीत दर्ज की थी। उन्होंने एनसीपी एसपी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार को हराया था।पवार परिवार का गढ़ मानी जानी वाली इस सीट पर चाचा और भतीजा के बीच मुकाबला था।वे बारामती से लगातार 7 बार विधायक चुने गए और उनके नाम महाराष्ट्र के 6 बार उपमुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड दर्ज है।

2023 में अजित ने NCP में विभाजन की शुरुआत की और बीजेपी-शिंदे गुट के साथ गठबंधन किया।

अजित लोगों की समस्याएं सुबह सात बजे से ही सुनना शुरू कर देते थे। वे जनता के बीच रहना पसंद करते थे।

Swapnil Shinde

अजित पवार ऐसे बनते चले गए महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा'

बारामती से मुंबई तक थी जूनियर पवार की धाक

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ **मुंबई :** महाराष्ट्र में "दादा" मतलब बड़ा भाई और महाराष्ट्र की राजनीति में "दादा" मतलब अजित पवार होता था। वर्ष 1982 में शुगर फैक्ट्री बोर्ड से राजनीति की शुरुआत करने वाले अजित पवार रेकॉर्ड 6 बार राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में उनका क्या कद था। अजित पवार को शरद पवार से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक 'दादा' कह कर बुलाते थे।

1982 में शुगर फैक्ट्री बोर्ड से राजनीति की शुरुआत की

मुंबई में पत्रकारों के बीच एक बात कही जाती है कि सरकार किसी की भी हो "उपमुख्यमंत्री" तो अजित पवार ही बनेंगे। शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखने वाले अजित पवार पिछले 2 दशकों में महाराष्ट्र की राजनीति में एनसीपी के सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे। अजित पवार अपने आप में एक कार्यशैली थे। तेज फैसले, सुबह से रात तक काम करने की शैली, जनता दरबार और प्रशासन पर मजबूत पकड़ ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति का दादा बना दिया था। मंत्रालय में आईएएस अधिकारी भी अजित पवार की कार्यशैली से परिचित थे। अजित दादा कहते थे कि यदि आदेश दिया गया है, तो कोई अधिकारी उसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, यह मुझे बिलकुल पसंद नहीं है।

राजनीतिक सफ़र

1991 में पहली बार लोकसभा सदस्य बने अजित को केंद्र की राजनीति रास नहीं आई और उसी साल 1991 में विधानसभा में पहुंचे अजित अपने आखिरी समय 2026 तक बिना हारे बारामती से विधायक रहे। पहली बार विधायक बने दादा को राज्य मंत्री बनाया गया और 1999 में पहली बार राज्य में कैबिनेट मंत्री बने। 11 नवंबर 2010 को अजित पहली बार पृथ्वीराज चव्हाण सरकार में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने और 2014 तक रहे। फिर 2019 में चाचा शरद पवार से बगावत कर देवेंद्र फडणवीस के साथ 3 दिन के उपमुख्यमंत्री बने। उद्धव सरकार में भी DCM पद अजित के पास आया। उद्धव सरकार गिरने के बाद अजित ने विधानसभा में नेता विपक्ष की भी जिम्मेदारी निभाई। फिर 2023 में बगावत कर एनसीपी हथियाने के बाद वह एनडीए में शामिल हो गए और शिंदे सरकार में फडणवीस के साथ DCM बने और 2024 में फडणवीस सरकार में भी उपमुख्यमंत्री बने।

19 हजार फीट पर पहुंचा, 2600 फीट पर टूटा संपर्क

यह प्लेन अपनी लास्ट फ्लाइट के दौरान अधिकतम 19 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ा था। इसके बाद जब वह बारामती एयरपोर्ट पर एक बार गो-अराउंड करने के बाद दूसरी बार लैंड करने का प्रयास कर रहा था, तब 2600 फीट की हाइट पर इसका संपर्क एटीसी से टूट गया था। इसके बाद प्लेन क्रैश हो गया। डीजीसीए का कहना है कि इस प्लेन के पायलट ने बुधवार सुबह 8:18 बजे बारामती से संपर्क किया। इसके बाद पुणे अप्रोच ने प्लेन को लैंड करने की परमिशन दे दी। उन्हें पायलट के विवेकानुसार दिखाई दे रहे मौसम संबंधी परिस्थितियों में उतरने की सलाह दी गई। चालक दल ने हवाओं और दृश्यता के बारे में पूछताछ की थी। जिसमें उन्हें बताया गया कि हवाएं शांत हैं और दृश्यता लगभग 3000 मीटर है।

अंतिम बार पायलट ने क्या कहा था

पायलट ने एटीसी से अंतिम बार कहा था कि उन्हें रनवे दिखाई नहीं दे रहा है, रनवे दिखाई देने पर सूचित करेंगे। कुछ सेकंड बाद ही पायलट ने सूचना दी कि उन्हें रनवे दिखाई दे रहा है। इसके बाद सुबह 8:43 बजे प्लेन को रनवे नंबर-11 पर लैंड की अनुमति दे दी गई। पर पायलट की तरफ से कोई रीडबैक यानी एटीसी को जवाब दिया गया। फिर एक मिनट बाद ही 8:44 बजे एटीसी ने रनवे 11 के थ्रेशहोल्ड के पास प्लेन क्रैश हो गया।

> **यदि जांच में तकनीकी खामी उजागर होती है, तो VSR की सभी 17 एयरक्राफ्ट की जांच की जाएगी।**
>
> -वीरेंद्र गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर, वेस्टर्न जोन, डीजीसीए

एयरक्राफ्ट में नहीं थी कोई तकनीकी खामी: VSR

उड्डयन मंत्री ने कहा, हम ट्रांसपेरेंट और अकाउंटेबल तरीके से करेंगे जांच

कंपनी ने कहा, लियरजेट को दुनियाभर में भरोसेमंद एयरक्राफ्ट माना जाता है

■ **प्रिया पांडे/मनीष अग्रवाल, मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार बुधवार सुबह मुंबई से बारामती के लिए रवाना हुए थे। पवार अन्य 4 लोगों के साथ VSR के लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट (रजिस्ट्रेशन VT-SSK) में यात्रा कर रहे थे, लेकिन बारामती पहुंचते ही जेट क्रैश हो गया और उसमें मौजूद क्रू मेंबर सहित सभी यात्रियों की मौत हो गई। ऐसे में जेट में तकनीकी खामी को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। यूनियन मिनिस्टर ऑफ सिविल एविएशन राम मोहन नायडू का कहना है कि हम ट्रांसपेरेंट और अकाउंटेबल तरीके से जांच करेंगे। शुरुआती जांच में पता चला है कि सुबह करीब 8:48 बजे लैंडिंग के समय साइट पर विजिबिलिटी कम थी। इस घटना के बाद से DGCA और AAIB को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने जांच शुरू कर दी है। एयरक्राफ्ट की सामान्यतः लाइफस्पैन नहीं होती है, लेकिन अमूमन 25 साल तक उसे चलाया जाता है।

जांच के बीच VSR प्राइवेट लिमिटेड के मालिक वीके सिंह का कहना है कि एयरक्राफ्ट बहुत अच्छी तरह से मैंटेन किया गया था। उसमें कोई भी समस्या या टेक्निकल खराबी नहीं थी। हमारे पास ऐसे अन्य लियरजेट भी फिट हैं, उनमें भी हमने कभी ऐसी खामी नहीं देखी है। सभी एयरक्राफ्ट फिट हैं। लियरजेट को दुनियाभर में भरोसेमंद एयरक्राफ्ट माना जाता है। रही बात पायलट की, तो पायलट-इन-कमांड कैप्टन सुमित कपूर एक अनुभवी पायलट थे। उनके पास 16 हजार घंटे से ज्यादा का एक्सपीरियंस था और एयरक्राफ्ट ऑपरेटर VSR एविएशन की को-पायलट शांभवी पाठक के पास भी 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था।

सितंबर, 2026 तक चलाया जा सकता था एयरक्राफ्ट

शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि पहली बार कम विजिबिलिटी के कारण जेट ने रनवे 11 पर पहुंचने से पहले गो-अराउंड शुरू किया। दूसरी कोशिश में क्रू ने कन्फर्म किया कि रनवे दिख रहा है, लेकिन सुबह 08:43 बजे फाइनल लैंडिंग क्लीयरेंस का रीडबैक नहीं हो सका। इमरजेंसी सर्विस ने आखिरी क्लीयरेंस के ठीक एक मिनट बाद रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। यह घटना रनवे के बाईं ओर देखने मिली। 2010 में बने इस एयरक्राफ्ट के पास सितंबर, 2026 तक वैलिड एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट (ARC) था। हादसे के बाद एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने आधिकारिक तौर पर मौजूदा जांच अपने हाथ में ले ली है।

2023 में भी हुआ था हादसा

14 सितंबर, 2023 को मुंबई के सीएसएमआर पर VT-DBL लियरजेट लैंडिंग के वक्त हादसे का शिकार हो गया था। विशाखापट्टनम से उड़ान भरने के बाद जब विमान मुंबई पहुंचा, तब तेज बारिश और बेहद कम विजिबिलिटी थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से लैंडिंग अनुमति मिलने के बाद क्रू ने रनवे दिखने पर लैंडिंग जारी रखने का निर्णय लिया। ऑटोपायलट बंद होने के करीब 40 सेकंड बाद कॉकपिट में लगातार स्टिक शेकर्स, स्टॉल वार्निंग और EGPWS अलर्ट बजने लगे। विमान असंतुलित होकर दो टैक्सीवे के पास जमीन से टकरा गया, जिससे उसका ढांचा दो हिस्सों में टूट गया और रुकने से पहले काफी दूर तक घिसटता रहा। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

मुकदमों से विचलित नहीं हुए अजित

बेनामी प्रॉपर्टी केस में बेदाग रहे पवार, कई केसों में क्लीन चिट

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने जिस तेजी से राजनीतिक सफलता पाई, उसी गति से उन्हें कथित घोटालों के आरोपों का सामना करना पड़ा, जो बाद में विवाद का रूप लेकर अदालतों की चौखट तक पहुंचे। कानूनी विवादों के बीच अजित कभी अधीर नहीं दिखे। वे अक्सर कहते दिखे कानून अपना काम करेगा। राजनीति से प्रेरित आरोप अदालत में नहीं टिक सकते। हुआ भी यही, आरोपपत्र तो दायर हुए पर उनके सामने मुकदमा कभी नहीं खड़ा हुआ। बेनामी संपत्ति से संबंधित विवाद में वे बेदाग पाए गए। आयकर विभाग ने इसकी जांच की थी। फिर आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल ने पवार को राहत दी। उन पर पर बेनामी कंपनी चलाने का आरोप था, पर यह आरोप कभी सबूतों की ताकत नहीं पा सका।

इस बीच उपमुख्यमंत्री पवार महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (MSCB) के 25 हजार करोड़ के कथित घोटाले के आरोपों के बाद सुर्खियों में आए। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने यह केस दर्ज किया गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने साल 2019 में बैंक से जुड़े मामले को लेकर पवार के खिलाफ केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। मामला जिन शुगर मिलों ने उक्त बैंक के कर्ज का भुगतान नहीं किया गया था, उनकी औने पौने दाम में नीलामी का था। 2010 में बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल थे। जरंडेश्वर शक्कर कारखाने से पवार का कथित जुड़ाव सामने आया था, मगर EOW अजित को विशेष अदालत में केस को लेकर क्लीन चिट दी।

मनी लॉन्ड्रिंग : नाम का उल्लेख नहीं

ईडी ने भी उक्त केस की 2021 में मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच की थी। ED ने पवार से जुड़ी कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दायर की, लेकिन उसमें पवार के नाम का उल्लेख नहीं किया। स्पार्किंग सॉइल नाम की कंपनी से कथित जुड़ाव का दावा जांच एजेंसी ने किया। पर सीधी भूमिका का कोई सबूत अदालत में नहीं आया। उन पर लगे आरोप हमेशा सुर्खियां बने, लेकिन अदालत में आरोप सबूतों के अभाव में टिक नहीं पाए। हर विरोध को पीसने वाले अजित पवार अदालत की कार्यवाही से हमेशा अविचलित दिखे। लवासा हिल स्टेशन के निर्माण में प्रभाव के अनुचित इस्तेमाल और मंजूरियों को लेकर भी उन्हें अदालत में याचिका के जरिए घेरने की कोशिश हुई, लेकिन हाई कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया।

प्लेन क्रैश के बाद पुलिस के सामने होती हैं कई बड़ी चुनौतियां

AI Image

■ DNA टेस्ट, डेंटल रिकॉर्ड और फिंगरप्रिंट के जरिए मृतकों की पहचान की जिम्मेदारी

■ रेस्क्यू से लेकर सबूतों के संरक्षण और शवों की पहचान तक बरतनी होती है सावधानी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बारामती में हुए प्लेन क्रैश के बाद मौके पर सबसे पहले स्थानीय पुलिस पहुंची। ऐसे हादसे को संभालने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस के कंधों पर ही होती है। रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कैलाश आव्हाड ने बताया, पुलिस सबसे पहले मौके पर स्थिति का आकलन करती है और तत्काल कार्रवाई शुरू करती है। आम नागरिकों और मीडिया को सुरक्षित दूरी पर रखना भी बेहद जरूरी होता है।

वहीं, फॉरेंसिक एक्सपर्ट विवेक राजशिर्के ने बताया, ऐसी घटनाओं में सबूतों का संरक्षण अहम काम होता है, जो पुलिस की जिम्मेदारी होती है। पुलिस पूरे इलाके को सील कर फॉरेंसिक टीम के आने तक किसी भी तरह की छेड़छाड़ को रोकती है। कई बार हादसे में शव बुरी तरह क्षत-विक्षत या जले हुए होते हैं, जिससे पहचान की प्रक्रिया बेहद जटिल हो जाती है। ऐसे मामलों में DNA टेस्ट, डेंटल रिकॉर्ड और फिंगरप्रिंट के जरिए मृतकों की पहचान की जाती है, जिसमें परिजनों से समन्वय जरूरी होता है। यह काम स्थानीय पुलिस करती है।

> **प्लेन क्रैश के बाद ब्लैक बॉक्स की खोज और उसका सुरक्षित संरक्षण सबसे अहम होता है। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से ही हादसे की असली वजह सामने आती है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।**
>
> **- राजेश मोरे**, एविएशन एक्सपर्ट

> **ऐसी घटनाओं में एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीम के आने तक सभी एजेंसियों से तालमेल बनाकर राहत और बचाव कार्य को पुलिस की मदद से ही अंजाम दिया जाता है।**
>
> **- आलोक सिंह**, पूर्व एनडीआरएफ अधिकारी

अफवाहों पर लगाम लगाने में जुटी साइबर पुलिस

AI तकनीक के जरिए बेबुनियाद मैसेज और विडियो पर रखी जा रही नजर

Manish.Jha@timesofindia.com

AI Image

■ **मुंबई :** बारामती प्लेन क्रैश जैसी गंभीर और संवेदनशील घटना के बाद सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की अफवाहों का दौर चल पड़ा है। इसके मद्देनजर महाराष्ट्र साइबर पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। साइबर पुलिस का कहना है कि इस हादसे के तुरंत बाद ही अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बेबुनियाद दावे वायरल होने लगे हैं। कोई इसे आतंकी साजिश बताकर पोस्ट कर रहा है, तो कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से जोड़कर भ्रामक मैसेज-विडियो साझा करने में जुटा है।

ऐसी अफवाहें न सिर्फ जांच को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि लोगों में डर और भ्रम की स्थिति भी पैदा करती हैं। साइबर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बारामती प्लेन क्रैश से जुड़ी किसी भी प्रकार की झूठी, भ्रामक या अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए AI आधारित आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे मैसेज, विडियो और पोस्ट पर रियल-टाइम निगरानी रखी जा सके।

फर्जी पोस्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

साइबर पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए ऐसे कंटेंट की पहचान की जा रही है, जो अफवाह फैलाने, समाज में तनाव पैदा करने या जांच एजेंसियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे मामलों में संबंधित भ्रामक पोस्ट, मैसेज और विडियो को तुरंत हटाने की प्रक्रिया शुरू है। इनमें आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अफवाहों से दूर रहने की अपील की



महाराष्ट्र साइबर पुलिस के डीआईजी संजय शिंत्रे ने बारामती प्लेन हादसे के मद्देनजर लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट जानकारी पर भरोसा न करें और न ही उसे आगे साझा (फॉरवर्ड) करें। प्लेन क्रैश से जुड़ी आधिकारिक जानकारी केवल अधिकृत एजेंसियों और सरकारी स्रोतों से ही प्राप्त करें। तथ्यहीन अफवाह वाली सूचनाओं से दूर रहें। ऐसी भ्रामक जानकारी वाली खबरों पर रोक लगाने की प्रक्रिया जारी है।

मुंबई में NCP की जड़ें जमाने का सपना रह गया अधूरा

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com



■ **मुंबई :** पश्चिम महाराष्ट्र यानी पुणे, बारामती और पिंपरी चिंचवड़ को शरद पवार और अजित पवार यानी पवार फैमिली का गढ़ कहा जाता है, लेकिन महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पवार फैमिली को राजनीतिक रूप से वह रुतबा यानी चुनावों में जनसमर्थन नहीं मिला, जितनी उनको अपेक्षा थी। वर्ष 1999 में गठित एनसीपी ने कांग्रेस के साथ 2014 तक सत्ता में भागीदारी की, लेकिन मुंबई की 36 विधानसभा सीटों और बीएमसी की 227 सीटों पर उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली।

2004 में जब शरद पवार के नेतृत्व में एनसीपी ने सर्वाधिक 71 विधानसभा सीटें जीती थीं, तब एनसीपी ने मुंबई में सिर्फ 4 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसमें नवाब मलिक, सचिन अहीर, संजय दीना पाटील और बशीर पटेल शामिल थे, जबकि गठन के बाद बीएमसी में सबसे अच्छा प्रदर्शन एनसीपी का 2007 के चुनाव में रहा, तब पार्टी ने 14 सीटें जीती थीं। वर्ष 2023 के एनसीपी में विभाजन के बाद हुए 2024 के विधानसभा चुनाव में अजित पवार की एनसीपी सिर्फ एक सीट अणुशक्ति नगर जीत सकी। यहां पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी सना मलिक विजयी हुईं, जबकि नवाब मलिक स्वयं मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा सीट से सपा के अबू असिम आजमी के हाथों हार गए।

कांग्रेस की छाया से बाहर नहीं निकली NCP

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शरद पवार की एनसीपी मुंबई में कभी कांग्रेस की छत्रछाया से बाहर नहीं निकल सकी, जबकि अजित पवार राज्य में बीजेपी के साथ सत्ता में रहने के बावजूद उनके साथ जाकर फायदा नहीं उठा सके। कहा यह भी जाता है कि शरद पवार और अजित पवार ने पार्टी को लेकर जितना ध्यान पश्चिम महाराष्ट्र में दिया, उतना कभी मुंबई या एमएमआर (ठाणे, नवी मुंबई, भिवंडी, कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भाईंदर, वसई-विरार) में नहीं दिया। मुंबई की जिम्मेदारी नवाब मलिक और एनसीपी में रहे गणेश नाइक के कंधों पर नवी मुंबई की जिम्मेदारी छोड़ दी थी। इससे पार्टी का ग्राउंड लेवल पर जनाधार नहीं बन सका। पार्टी में अंतर्कलह बढ़ती गई और नेता लगातार पार्टी छोड़ते रहे, जिससे एनसीपी को मुंबई में काफी नुकसान उठाना पड़ा। वर्ष 2022 में उद्धव ठाकरे से बगावत कर शिवसेना पर कब्जा करने वाले एकनाथ शिंदे ने बीजेपी से गठबंधन कर मुंबई में खुद को मजबूत बनाए रखा, लेकिन 2023 में शरद पवार से अलग होकर और फडणवीस सरकार में शामिल होने बाद भी अजित कभी बीजेपी के साथ मिलकर मुंबई में चुनाव नहीं लड़े।

मुंबई यूनिवर्सिटी ने स्थगित की परीक्षाएं



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद राज्य सरकार द्वारा घोषित शोक के चलते बुधवार को मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों में स्कूल और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। साथ ही, मुंबई यूनिवर्सिटी ने बुधवार को दोपहर में होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

जहां स्कूलों में छुट्टी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए, वहीं मुंबई यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग ने अपने संबद्ध कॉलेजों के लिए निर्देश जारी किया।

राज्य में शोक घोषित होते ही स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थगित की गई परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों, संबद्ध कॉलेजों के प्रिंसिपल और सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (CDOE) के निदेशक को निर्देश दिए हैं कि वे संबंधित स्टूडेंट्स को परीक्षा स्थगन की जानकारी तत्काल दें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश बुधवार को दोपहर में आयोजित होने वाली यूनिवर्सिटी की सभी परीक्षाओं पर लागू होगा।

सुबह की परीक्षाओं में नहीं किया बदलाव

हालांकि, सुबह की परीक्षाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है और वे निर्धारित समयानुसार ही आयोजित की गईं। परीक्षा एवं मूल्यांकन बोर्ड की निदेशक डॉ. पूजा रौंदले ने बताया, स्थगित परीक्षाओं की नई तारीखों को लेकर जल्द ही अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल यूनिवर्सिटी की आधिकारिक घोषणाओं पर ही भरोसा करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-28-2026 23:37 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 29 जनवरी 2026 > माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 24 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सिंगूर में कृषि और उद्योग साथ-साथ बढ़ेंगे: ममता

▶p10

अगले हफ्ते अमेरिका जा सकते हैं जयशंकर

▶p10

अच्छा चलता हूं, अरिजीत ने प्लेबैक को कहा अलविदा ▶▶पेज 5



मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर कंटेनर पलटा, इस वजह से हुआ लंबा जाम ▶▶पेज 4

जी राम जी पर की नारेबाज़ी, जेपी नड्डा बोले- मांफी मांगे विपक्ष ▶▶पेज 10

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 3, 5, 8

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-10

अंतर्ज्ञान

जो खुद को बदल सकता है, उसे दुनिया नहीं बदल सकती। आत्म-नियमन जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह आदतों को स्थिर करता है, मन को बांधता है, लक्ष्य को गति देता है। भावनाओं को शैकना नहीं, उन्हें दिशा देना है। यही आत्म-नियमन है। इस एक गुण में महारत हासिल कर ली, तो जीवन हर दिशा में खिल जाता है। आत्म-नियमन वही पुल है, जो इच्छा और उपलब्धि के बीच बना रहता है। इसके बिना ज्ञान भी अर्थहीन है। जो खुद की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखता है, वह किसी भी परिस्थिति में अपनी ऊर्जा बचाए रखता है। और यही ऊर्जा आगे में आपकी सफलता बनाती है। जिसने खुद को साध लिया, उसने पूरी दुनिया को साध लिया।

WPL आज के मैच

आरसीबी vs यूपी वॉरियर्ज

7:30pm से, वडोदरा में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

इंदौर में गंदे पानी से 29वीं मौत का दावा

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में 62 साल के शख्स की मौत के बाद परिजनों ने बुधवार को कहा कि उनको दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण जान गंवानी पड़ी है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने महीना भर पहले फैले इस प्रकोप में अब तक कुल 29 लोगों की मौत का दावा किया है। ▶▶पेज 9

ब्राजील के राष्ट्रपति फरवरी में आएंगे

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने पुष्टि की है कि वह फरवरी में आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। भारत यात्रा के बाद वह अमेरिका जाएंगे, जहां ट्रंप से मुलाकात करेंगे। भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला के नई दिल्ली में होने वाले एआई शिखर सम्मेलन में भी भाग लेने की संभावना है।

पाक के लिए जासूसी, साढ़े 5 साल की जेल

NIA की विशाखापत्तनम कोर्ट ने जासूसी मामले में एक दोषी को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई है। अल्ताफ हुसैन घांची उर्फ शकील ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के रूप में भारतीय सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किया था। शकील ने कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया है।

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

मुंबई	163976 (+5711)

चांदी .999 टच प्रति किलो

मुंबई	358267 (+13703)

अर्थसार

सेंसेक्स	82,344.68 (+487.20)
निफ्टी	25,342.75 (+167.35)
रुपए-डॉलर	91.8025 (+0.0772)
रुपए	110.0044 (+0.960)

मौसम

कोलाबा	27.6	19.8
सांताक्रूज़	27.8	17.8

सूर्यास्त गुरुवार 6:30 बजे

सूर्योदय शुक्रवार 7:14 बजे

बारामती में आज होगा अजित पवार का अंतिम संस्कार

पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह भी शामिल हो सकते हैं दाह संस्कार में

■ NBT टीम, मुंबई

महाराष्ट्र के डीसीएम और वित्तमंत्री अजित पवार का अंतिम संस्कार आज बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। दाह संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के नेता शामिल हो सकते हैं।

पुणे ग्रामीण पुलिस ने की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

पुणे ग्रामीण पुलिस ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। हजारों पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। एनसीपी (अजित) की ओर से बताया गया है कि अजित पवार का अंतिम संस्कार पूर्वाह्न 11 बजे विद्या प्रतिष्ठान मैदान में होगा।

बुधवार की भोर में अजित पवार मुंबई से बारामती के लिए एक विमान से निकले थे। वह पांच फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के लिए पुणे जिले में घर रैलियों को संबोधित करने वाले थे। बारामती एयरपोर्ट के निकट उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की खबर मिलते ही एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां पर दुर्घटनास्थल से अजित पवार के शव को लाया गया था। महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक सदानंद दाते ने बताया कि अजित पवार के चहने वाले कार्यकर्ताओं का बड़ा हुजूम उमड़ने वाला है जिसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। उपमुख्यमंत्री के निधन के कारण महाराष्ट्र भर में राज्य सरकार के सभी कार्यालय बुधवार को बंद रहेंगे।

जब विमान उतरने के लिए रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी वह जमीन से जोर से टकराया और विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद विमान के कई हिस्से हवा में उछले। विमान नीचे गिरने से पहले एक तरफ झुक गया था।

कभी नहीं भर पाएंगे परिवार के लोगों के जख्म

पिता बोले, बेटी का शव मिल जाए

प्लेन क्रैश में मुंबई के वर्ली की रहने वाली फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की मौत हो गई। पिता शिवकुमार माली ने कहा कि उनकी एकमात्र इच्छा है कि उन्हें बेटी का शव मिल जाए, ताकि वह अंतिम संस्कार कर सकें। माली ने बताया, उन्होंने इस दुखद घटना से एक दिन पहले ही बेटी से बात की थी।

पिंकी माली

'मिलनसार थे सुरक्षा अधिकारी जाधव'

कलवा में उस समय शोक की लहर फैल गई, जब अजित दादा के सुरक्षा अधिकारी विदीप जाधव भी दुर्घटना के शिकार हो गए। एक पड़ोसी ने सुबह की आखिरी मुलाकात को याद करते हुए कहा, ' उन्होंने ड्यूटी पर जाते समय हमेशा की तरह सब हिलाया। कभी सोचा भी नहीं था कि हम उन्हें आखिरी बार देख रहे हैं।'

विदीप जाधव

शांभवी ने लिखा था - गुड मॉर्निंग

विमान को साह-फायलट शांभवी पाठक ने उड़ान भरने से पहले ग्वालियर में दादी को आखिरी संदेश 'गुड मॉर्निंग' भेजा था। दादी मीरा पाठक ने बताया, बुधवार की सुबह विमान में सवार होने से पहले शांभवी ने यह संदेश भेजा था। संदेश देखकर वह हैरत में पड़ गई थी, क्योंकि वह नियमित संदेश नहीं भेजती थी।

शांभवी पाठक

हादसे की याचिकाओं पर सुनवाई को SC सहमत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की नवीनतम याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई, जिसमें आरोप है कि अहमदाबाद में 12 जून को हुई एयर इंडिया विमान हादसे की जांच ने नागरिकों के जीवन के अधिकार, समानता के अधिकार और सत्य सूचना तक पहुंच के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। बुधवार को बेंच को याचिकाकर्ता एनजीओ 'सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि अब तक केंद्र सरकार और विमान दुर्घटना जांच बोर्ड (AAIB) में से किसी ने भी याचिका पर अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। प्रशांत भूषण ने कोर्ट में पायलट संघ की बात सामने रखी। उन्होंने कहा, पूरे पायलट संघ का कहना है कि बोइंग 787 विमान में कोई समस्या है और इसे ग्राउंड किया जाना चाहिए। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि बुधवार को एसआईआर (मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई पूरी हो जाएगी और हम क्षेत्रको इस मामले में एक नजीदी तारीख देंगे।

- अजित पवार ने साढ़े तीन दशकों में जिस प्रकार महाराष्ट्र के हर वर्ग के कल्याण के लिए खुद को समर्पित किया, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। - अमित शाह, गृह मंत्री

- महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और उनके सहयात्रियों के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। इस दुख की घड़ी में संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। - राहुल गांधी, नेता विपक्ष

- महाराष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध अजित दादा जैसे जननेता की असमय मृत्यु महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। - नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

- अजित पवार खुले दिल के थे। उन्होंने राजनीति में अलग राह चुनी, लेकिन रिश्ते को टूटने नहीं दिया। - उद्धव ठाकरे (शिवसेना यूबीटी)

- इस घटना की जांच होनी चाहिए, जिससे ऐसा फिर न हो। यह महाराष्ट्र के लिए दुखद दिन है। -एकनाथ शिंदे, डीसीएम

वो आखिरी 26 मिनट...

PSO विदीप जाधव ने पत्नी को भेजी थी यह आखिरी तस्वीर ▶▶पेज 3

■ भाषा, मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहे विमान को बुधवार सुबह खराब दृश्यता के बाद हवा में एक चक्कर लगाने के बाद एटीसी से उतरने की अनुमति मिल गई थी। लेकिन अंतिम तौर पर मिली अनुमति के बाद विमान ने एटीसी को कोई 'गेड-बैक' या प्रतिक्रिया नहीं दी और कुछ ही क्षण बाद रनवे किनारे पर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने पहले कहा था कि विमान खराब दृश्यता के बीच उतरने की कोशिश कर रहा था।

एटीसी के अनुसार, विमान से सुबह 8 बजकर 18 मिनट पर संपर्क हुआ। इसके बाद, जब विमान बारामती से 30 नॉटिकल मील दूर था, तब उसने संपर्क किया। पायलट को विवेक से 'दृश्य मौसम संबंधी स्थितियों' में नीचे उतरने की सलाह दी गई। उसे बताया गया कि हवाएं शांत हैं और दृश्यता लगभग 3,000 मीटर है। इसके बाद विमान ने आखिरी तौर पर रनवे 11 के करीब आने की सूचना दी। फिर पूछा गया कि क्या क्लाक दल को रनवे दिखाई दे रहा है। नहीं में जवाब मिलने पर कहा गया कि नजर आते ही हम संपर्क करेंगे। कुछ सेकंड बाद, क्लाक दल ने बताया कि उसे रनवे दिखाई दे रहा है। विमान को 8 बजकर 43 मिनट पर उतरने की अनुमति दी गई। 8 बजकर 44 मिनट पर आग की लपटें देखीं।

मंत्री नायडू ने कहा था, विमान खराब दृश्यता में उतर रहा था

8 बजकर 44 मिनट पर देखी गई आग की लपटें

अखिलेश, ममता और खरगे ने की जांच की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अजित पवार के निधन की जांच की मांग की। बनर्जी ने कहा कि यह जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। हमें सिर्फ सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। बाकी सभी एजेंसियां भ्रष्ट हो चुकी हैं। ममता ने संकेत दिया कि अजित अपने चाचा शरद पवार की भतीजी वाली NCP में लौटने की योजना बना रहे थे। ममता की मांग पर खरगे ने कहा कि जांच तो होनी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि वह बड़े लोकप्रिय नेता थे। कई बार उप मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने ठीक ही मांग की होगी। ऐसी जांच हो, जिसमें निष्पक्ष तरीके से पता चले कि यह घटना कैसे हुई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने भी जांच की मांग की है। जांच की मांग पर कंगना रनौत ने 'नीच' करार दिया।

जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए

ममता बैनर्जी

एम. खरगे

अखिलेश यादव

SC में अर्जी- भेदभाव में दिया संरक्षण असमान

UGC नियमों पर SC बोला, हमें जानकारी है, केस सुनेंगे

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने UGC के नए रेग्युलेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई के संकेत दे दिए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच के सामने गुरुवार को वकीलों ने इस मामले को अर्जेंट बताते हुए जल्द लिस्ट करने की मांग की। कोर्ट ने कहा कि हमें भी मामले की गंभीरता का अंदाजा है और याचिका को लिस्ट किया जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि केस नंबर दीजिए और यह सुनिश्चित करें कि अर्जी में मौजूद सभी तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है। वकील ने दलील दी कि UGC के हालिया रेग्युलेशन में ऐसा प्रावधान है, जिससे कुछ वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा मिल सकता है, इसलिए तत्काल सुनवाई जरूरी है। दरअसल, यूनीसी ने यूनिवर्सिटी कैंपस में जाति आधारित भेदभाव से निपटने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा विनियम, 2026 लागू किए हैं। इन नियमों की धारा 3C में जाति आधारित भेदभाव को केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों तक सीमित किया गया है। इसी प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के आर्ट्स फैकल्टी में स्टूडेंट्स ने बुधवार को किया प्रदर्शन

सरकार के पास अब 3 विकल्प

1 **कोर्ट का इंतजार:** सुप्रीम कोर्ट में 3 अर्जी दाखिल हुई है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार करके फैसला ले सकती है।

2 **नियम होल्ड करना:** विरोध को देखते हुए अभी नए नियमों को होल्ड पर रखा जा सकता है। सरकार अभी कोई बदलाव करती है तो फिर नए सिरे से हंगामा शुरू हो सकता है।

3 **कमिटी बनाना:** नियमों के खिलाफ जो भी मुद्दे उठाए गए हैं, उनको देखने के लिए एक कमिटी बना दी जाए, जो सभी हितधारकों से बात करे। इसके बाद सुझाव सरकार को दे।

सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध: मुर्मु

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को संसद के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि मेरी सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने संसद में बताया कि बाबासाहेब अंबेडकर की ओर से दिए गए आदर्श और संविधान में निहित मूल्य आज भी प्रेरणा देते हैं। मुर्मु ने कहा, सामाजिक न्याय का मतलब है कि हर नागरिक को बिना भेदभाव के उसका पूरा हक मिले। इसी वजह से पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। सरकार दलितों, पिछड़ों, आदिवासी और सभी वर्गों के लिए काम कर रही है।

द्रौपदी मुर्मु

'सिक्योरिटी का भुगतान, तभी सलेम को पैरोल'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने गैंगस्टर अबू सलेम से कहा है कि अगर वह पैरोल पर आजमगढ़ जाना चाहता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए साथ जाने वाले पुलिस दल का खर्च खुद वहन करना पड़ेगा। सलेम के भाई अबू हकीम अंसारी का 14 नवंबर 2025 को निधन हो गया था। भाई के शोक में शामिल होने के लिए सलेम ने 14 दिन के अस्थायी पैरोल की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की है। सलेम को मुंबई के 1993 ब्लास्ट केस में दोषी पाया गया था।

सलेम ने याचिका में कहा है कि वो दशक से जेल में बंद है, इसलिए उसे बिना पुलिस दल के पैरोल दी जानी चाहिए। बेंच ने सलेम की वकील से कहा, सलेम को बिना पुलिस दल के पैरोल पर नहीं छोड़ा जा सकता है।

चार दिन की मिल सकती है पैरोल

सलेम की वकील ने कहा कि आजमगढ़ जाने के लिए 26 घंटे का समय लगता है। बेंच ने कहा कि हम यात्रा के दो दिन की अवधि को घटा देंगे, यानी सलेम कुल चार दिन की पैरोल ले सकता है,लेकिन यह सुरक्षा दल के साथ मिलेगी। वहीं, सीबीआई के वकील ने कहा कि वे राज्य सरकार के सलेम को दो दिन की पैरोल देने के फैसले का समर्थन करते हैं। सलेम को पैरोल पर रिहा करने से शांति भंग हो सकती है।

कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हवाई महल बना रहे राज्य

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सड़क के कुत्तों की नसबंदी क्षमता बढ़ाने संबंधी निर्देशों का राज्य सरकारों की ओर से पालन न किए जाने पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि वे सभी हवा महल बना रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि असम को छोड़कर किसी भी राज्य ने सड़क के कुत्तों के काटने का आंकड़ा नहीं दिया है। कोर्ट ने असम में कुत्तों के काटने की घटनाओं के आंकड़ों पर भी हैरानी जताई और कहा कि इन आंकड़ों को देखिए। 2024 में 1.66 लाख घटनाएं हुईं और 2025 में (केवल जनवरी में ही) 20,900 घटनाएं दर्ज की गईं। ये बेहद भयावह है। कोर्ट ने कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

सस्पेंडेड सिटी मैजिस्ट्रेट अलंकार को बरेली से बाहर भेजा

■ पीटीआई, बरेली (यूपी) सस्पेंडेड सिटी मैजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को बुधवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शहर से बाहर ले जाया गया। बरेली में उनके समर्थक पुलिस की गाड़ियों के आगे लेट गए और रास्ता रोक लिया। बरेली के डीएम पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अलंकार अपने परिचित लोगों के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे। अलंकार ने UGC के नए नियमों को काला कानून बताते हुए इस्तीफा दे दिया था।

कलराज ने कहा, नए नियम असंवैधानिक

NBT रिपोर्ट, नोएडा: हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के राज्यपाल रह चुके कलराज मिश्र ने बुधवार को सेक्टर-51 में UGC के नए नियमों को समानता के खिलाफ बताया। उनका कहना है कि यह छात्रों के बीच भेदभाव पैदा कर सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकता है।

अल्पसंख्यक कोटे पर नजर अपर कास्ट के दो कैंडिडेट ने हरियाणा में बनवाए सर्टिफिकेट सुप्रीम कोर्ट में पेश किए

'मेडिकल में दाखिले के लिए बौद्ध धर्म', अर्ज़ी खारिज, SC बोला- फ्रॉड का एक और तरीका

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम मामले में दो अपर कास्ट कैंडिडेट के बौद्ध धर्म अपनाकर पीजी मेडिकल कोर्स में अल्पसंख्यक कोटे से दाखिला लेने की कोशिश पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि फ्रॉड का नया तरीका है और असली अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को हरियाणा के दो कैंडिडेट की याचिका सुन रही थी, जिन्होंने यूपी के मेडिकल कॉलेज में बौद्ध अल्पसंख्यक कोटे से दाखिले की मांग की थी। दोनों ने दावा किया कि उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया है और SDO की ओर से जारी प्रमाणपत्र पेश किए। जब कोर्ट ने पूछा कि वे किस जाति से हैं, तो जवाब मिला- जाट। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप अपर कास्ट से हैं, फिर अल्पसंख्यक कैसे हो गए?

- NEET-PG में 2025 में सामान्य वर्ग से भरा था फॉर्म, बौद्ध अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेज में लेना चाहते थे दाखिला
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 2 हफ्ते में चीफ सेक्रेटरी बताएं, दोनों कैंडिडेट को किस आधार पर जारी हुए अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र



कई सवालों के अब देने होंगे जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव से पूछा है कि अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र जारी करने के स्पष्ट दिशानिर्देश क्या हैं और क्या एक अपर कास्ट का उम्मीदवार बौद्ध अल्पसंख्यक माना जा सकता है? कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि यदि ऐसा संभव नहीं है तो एसडीओ ने प्रमाणपत्र किस आधार पर जारी किया? राज्य सरकार को दो हफ्ते में रिपोर्ट देनी होगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-28-2026 23:19 Color:

अलविदा दादा

"अजित पवार के निधन की खबर से मन सुन्न हो गया। महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास को दिशा और गति देने वाले जन नेता के रूप में अजित दादा का व्यक्तित्व हमेशा याद रखा जाएगा। प्रशासन पर उनकी मजबूत पकड़, काम की तेज रफ्तार और जनकल्याण के प्रति निरंतर समर्पण के कारण उन्होंने जनता के दिलों में जगह बनाई।
–चंद्रशेखर बावनकुले, राजस्व मंत्री

"अजित दादा जैसे ऊर्जावान नेता का इस तरह अचानक जाना पूरे महाराष्ट्र के लिए गहरा आघात है। हमेशा हंसमुख, जिंदादिल और सकारात्मक व्यक्तित्व के अचानक निधन की कल्पना किसी ने नहीं की थी, लेकिन आज यह कड़वा सच स्वीकार करना पड़ रहा है। इस दुख से उबरना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद कठिन होगा।
–छगन भुजबल, कैबिनेट मंत्री (महाराष्ट्र)

अजित पवार की पत्नी सांसद सुप्रिया सुले, उनके बेटे पार्थ पवार और परिवार के अन्य सदस्य बुधवार को बारामती के विद्या प्रतिष्ठान कॉलेज मैदान में दिवंगत उपमुख्यमंत्री के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक श्रद्धांजलि के लिए लेकर पहुंचे।

डीसीएम पवार के निधन से स्तब्ध पार्टी कार्यकर्ता फूट-फूटकर रोते नजर आए।

विमान हादसे में को-पायलट शांभवी पाठक की मौत की खबर सुनकर ग्वालियर में उनकी दादी मीरा पाठक फफक पड़ीं।

हादसे की टाइमलाइन

- 8.10 बजे विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरी
- 8.18 बजे विमान बारामती एटीसी के संपर्क में आया
- 8.43 तक बारामती एयरपोर्ट पर लैंड करना था
- 30 नॉटिकल माइल की दूरी पर विमान ने दोबारा किया संपर्क
- क्रू ने मांगी हवा और विजिबिलिटी की जानकारी
- एटीसी ने कहा हवा शांत है और विजिबिलिटी 3000 मीटर है।
- रनवे 11 पर लैंड करने की अनुमति
- दृश्यता कम होने से गो-अराउंड का निर्देश
- 8.43 बजे दोबारा रनवे-11 पर लैंड करने के निर्देश
- क्रू की ओर से नहीं मिला लैंडिंग का रीडबैक
- 8.44 को रनवे के पास आग की लपटें
- 8.50 को इमरजेंसी स्टाफ पहुंचे घटना स्थल

पहली कोशिश फेल

पायलटों ने विजिबिलिटी कम बताई, बारामती के रनवे-11 पर लैंडिंग की कोशिश, लेकिन रनवे नहीं दिखा।

दूसरी कोशिश

ATC से लैंडिंग क्लियरेंस के बाद दूसरी बार विमान ने आना शुरू किया, पायलट ने कहा कि रनवे दिख रहा है। लैंडिंग की अनुमति मिली, लेकिन पायलट ने अनुमति को दोहराकर कन्फर्म नहीं किया।

रनवे से पहले पलटा

संपर्क टूट गया। विमान ने लोकेशन और स्पीड बताने वाले सिग्नल भेजना बंद किया, जमीन छूने से पहले ही प्लेन रनवे से 100 मीटर पहले जमीन से टकराया।

चश्मे और घड़ी से पहचाना

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया, पुलिस आई और उन्होंने हमसे पानी मांगा। करीब आधे घंटे आग सुलगती रही। चश्मे और घड़ी से हमने पहचाना कि ये अजित दादा ही हैं।

एयरक्राफ्ट फ्लाई करने से पहले प्री चेक है जरूरी

उड़ान पूर्व गहन तकनीकी जांच पर उठ रहे सवाल

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत से एयरक्राफ्ट की उड़ान पूर्व गहन तकनीकी जांच पर चर्चा छिड़ गई है। एविएशन एक्सपर्ट डॉ. अरुण लोहिया का कहना है कि किसी भी एयरक्राफ्ट के उड़ान भरने से पहले प्री फ्लाइट प्रिपरेशन की जाती है। एयरलाइन का ऑपरेशन डिपार्टमेंट उड़ान की योजना बनाता है, जिसमें मार्ग, मौसम, ईंधन की मात्रा, वैकल्पिक हवाई अड्डे और उड़ान का समय शामिल होता है। पायलट्स को फ्लाइट प्लान और NOTAMs की जानकारी दी जाती है, जिसमें रनवे की स्थिति, हवाई क्षेत्र के प्रतिबंध आदि शामिल होते हैं।

इतने प्रकार की जांच का नियम

मौसम की जांच: पायलट और डिस्पैचर-मौसम की स्थिति (METAR और TAF रिपोर्ट्स) की जांच करते हैं, ताकि टेकऑफ, लैंडिंग और रास्ते में मौसम की स्थिति का आकलन हो सके।

विमान की तकनीकी जांच: मेंटेनेंस क्रू द्वारा विमान की पूरी तकनीकी जांच की जाती है। इसमें इंजन, टायर, हाइड्रॉलिक सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों की जांच शामिल होती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि विमान DGCA (Directorate General of Civil Aviation) के मानकों के अनुरूप है। सब सही होने पर अधिकृत एरोनॉटिकल इंजीनियर फिट सर्टिफिकेट देता है और फिर ही पायलट एयरक्राफ्ट को अपने हाथों में लेता है।

ईंधन की जांच: आवश्यक ईंधन की मात्रा की गणना की जाती है, जिसमें रिजर्व ईंधन भी शामिल होता है। ईंधन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की जाती है।

वजन और संतुलन: विमान का कुल वजन (यात्री, सामान, कार्गो, और ईंधन) और उसका संतुलन (Center of Gravity) चेक किया जाता है, ताकि उड़ान के दौरान स्थिरता बनी रहे

बिजली आपूर्ति जांच:–ग्राउंड क्रू विमान को पुशबैक ट्रैक्टर, बिजली आपूर्ति, और अन्य उपकरणों के साथ तैयार करता है।

पायलट और क्रू की प्रक्रिया को प्री-फ्लाइट ब्रीफिंग: पायलट और केबिन क्रू उड़ान की योजना, सुरक्षा प्रक्रियाओं और आपातकालीन प्रोटोकॉल पर चर्चा करते हैं।

विमान की बाहरी जांच (Walk-Around Inspection): पायलट या मेंटेनेंस स्टाफ विमान के बाहरी हिस्सों जैसे पंख, टेल, लैंडिंग गियर, और सेंसर की जांच करते हैं।

कॉकपिट प्री-फ्लाइट चेक लिस्ट: पायलट कॉकपिट में सभी सिस्टम (नेविगेशन, कम्युनिकेशन, इंजन कंट्रोल, और फ्लाइट मैनेजमेंट सिस्टम) की जांच करते हैं। फ्लाइट कंट्रोल, रडार और अन्य मैकेनिकल सिस्टम की कार्यक्षमता चेक की जाती है।

ATC समन्वय: क्लीयरेंस प्राप्त करना, पायलट ATC से स्टार्टअप और पुशबैक की अनुमति मांगते हैं। ATC टेकऑफ के लिए रनवे और उड़ान मार्ग का क्लीयरेंस देता है।

रनवे पर अंतिम जांच: ATC और ग्राउंड स्टाफ रनवे की स्थिति की जांच करते हैं, जैसे कि मलबा, गीला रनवे या अन्य बाधाएं।

अंतिम सिस्टम चेक (Final system check): पायलट टेकऑफ से पहले इंजन, फ्लैप्स, और अन्य सिस्टम की अंतिम जांच करते हैं।

टेक ऑफ: सभी जांच पूरी होने और ATC से अनुमति मिलने के बाद, पायलट विमान को टेक ऑफ करने के लिए विमान की रफ्तार को बढ़ाता है। टेकऑफ के दौरान कॉकपिट क्रू सतर्क रहता है और किसी भी असामान्य स्थिति पर नजर रखता है। टेकऑफ के बाद, विमान ATC के निर्देशों के अनुसार निर्धारित मार्ग पर उड़ान भरता है।

APMC मार्केट भी DCM पवार के शोक में बंद

मसाला, सब्जी और अनाज बाजार में पसरा रहा सन्नाटा, व्यापारियों में शोक की लहर

■ पुरुषोत्तम कनौजिया, नवी मुंबई : महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर मिलते ही नवी मुंबई की एपीएमसी बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद समाचार के बाद एपीएमसी की मसाला मार्केट और दाना मार्केट में कारोबार पूरी तरह ठप रहा। व्यापारियों ने एकमत होकर पूरे दिन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। खबर मिलते ही मसाला और दाना मार्केट में काम करने वाले माथाडी कर्मचारियों में गहरा शोक फैल गया।

बड़ी संख्या में मजदूर काम पर नहीं पहुंचे और उन्होंने अपने यूनियन नेताओं से इस दिन छुट्टी दिलाने का आग्रह किया। हालात को देखते हुए व्यापारियों ने भी अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं। कई व्यापारी और मजदूर मंदिरों में पहुंचकर अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते नजर आए। व्यापारी अमरीश बारोट ने बताया कि अजित पवार का नवी मुंबई की एपीएमसी के व्यापारियों से पुराना और गहरा रिश्ता था।

- मसाला, सब्जी और अनाज बाजार में पसरा रहा सन्नाटा
- बड़ी संख्या में माथाड़ी कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे
- व्यापारियों ने सामूहिक निर्णय लेकर दुकानें बंद की
- मंदिरों में जाकर अजित पवार को श्रद्धांजलि
- एपीएमसी व्यापारियों से रहा पुराना और मजबूत रिश्ता

आषाढ़ी सरकार के कार्यकाल में उप मुख्यमंत्री रहते हुए वह अक्सर एपीएमसी बाजार आते थे। उस समय व्यापारियों और माथाड़ी कर्मचारियों के बीच तनाव रहता था, जिसे उन्होंने सभी पक्षों को एक साथ बैठाकर सुलझाया। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि व्यापारी और माथाड़ी कर्मचारी साथ रहेंगे, तभी दोनों का विकास संभव है। उनकी मध्यस्थता के बाद बाजार में शांति स्थापित हुई।

मसाला बाजार नियंत्रण कक्ष के सचिव संतोष आंहिरे ने कहा कि अजित पवार उनके बड़े भाई जैसे थे। उनके एक निर्देश पर पूरा प्रशासन सक्रिय हो जाता था। माथाड़ी कर्मचारियों को आवास सुविधा दिलाने में उनका अहम योगदान रहा। उनके निधन से न केवल व्यापारियों, बल्कि माथाड़ी कर्मचारियों को भी गहरा नुकसान हुआ है।

ऐसा नेता फिर नहीं होगा

■ NBT न्यूज, सिंधुदुर्ग : पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील ने उप मुख्यमंत्री अजित पवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ऐसा नेता फिर कभी नहीं होगा। उनके निधन से महाराष्ट्र ने एक सहृदयी नेतृत्व खो दिया है। सामान्य लोगों और दीन-दुखियों का दर्द समझने वाला नेता आज हमारे बीच नहीं रहा। कपिल पाटील ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास का एक मजबूत 'पहिया' जैसे निकल गया है। उनका 'दादा' नाम केवल संबोधन नहीं, बल्कि सम्मान और बहुमान का प्रतीक था। उनके निधन से न केवल पवार परिवार, बल्कि पूरे महाराष्ट्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

वसई-विरार भी गमगीन

■ NBT न्यूज, वसई : उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर से वसई-विरार शहर शोक में डूब गया है। पवार के निधन की सूचना मिलते ही बहुजन विकास आघाड़ी के नेता और पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर अपने आंसू नहीं रोक पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने कहा कि अजित दादा सिर्फ एक बड़े नेता ही नहीं, बल्कि अच्छे इंसान भी थे। महाराष्ट्र ने एक ईमानदार और मेहनती जननेता को खो दिया है। ठाकुर ने कहा कि उनके साथ पारिवारिक जैसे संबंध थे। हाल ही में मनपा चुनाव में जीत के बाद उन्होंने अजित पवार से सहयोग की बात की थी, जिस पर उन्होंने सौ प्रतिशत मदद का आश्वासन दिया था। जीत पर उन्होंने बधाई देकर हमारा हौसला भी बढ़ाया। वसई-विरार में सभी दलों में शोक की लहर है और नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बारामती एयरपोर्ट का हादसों से रहा है बहुत पुराना नाता

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बारामती रेलवे स्टेशन से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित बारामती एयरपोर्ट के पास जिस जगह बुधवार सुबह डीसीएम पवार का विमान गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह इलाका पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। एयरपोर्ट एक्सपर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, एयरबेर्ड से सटे क्षेत्रों में 14 मार्च 2008, 29 जून 2013, 5 फरवरी 2019 और 22 अक्टूबर 2023 को भी गंभीर दुर्घटनाएं हुई थीं। लेकिन, गनीमत रही कि इनमें किसी की जान नहीं गई। हालांकि, सोशल मीडिया में वायरल हो रहे विडियो में स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि एयरपोर्ट के आसपास अक्सर छोटे-बड़े हादसे होते ही रहते हैं। यहां पायलट ट्रेनिंग दिलाने वाले दो संस्थान कार्यरत हैं। इस वजह से ट्रेनिंग के दौरान हादसे होते रहते हैं। बता दें कि बारामती एयरपोर्ट का निर्माण 1996 में किया गया था। अक्टूबर 2025 में डीसीएम अजित पवार ने इस एयरपोर्ट को चौबीसों घंटे ऑपरेशनल बनाने के लिए सेफ लैंडिंग पर जोर दिया था। दुर्भाग्य से इसी एयरपोर्ट के पास रनवे 11 के करीब सेफ लैंडिंग नहीं होने के कारण पवार के विमान की लैंडिंग के दौरान आग लग गई और उनकी मौत हो गई।

सेफ लैंडिंग बनाने की योजना पर काम करने वाले डीसीएम ही हुए अनसेफ लैंडिंग का शिकार

क्या डिफेक्टिव रनवे पर लैंडिंग की कोशिश कर रहा था एयरक्राफ्ट?

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : बारामती एयरपोर्ट के निस रनवे नंबर-11 के पास महाराष्ट्र के डेप्युटी सीएम अजित पवार को ले जा रहा चार्टर्ड प्लेन क्रैश हुआ। उस रनवे का हाल तस्वीरें बयां कर रही हैं। वायरल तस्वीरों में रनवे के पास प्लेन क्रैश हुआ नजर आ रहा है। लेकिन रनवे पर भी नजर डालने पर दिखाई दे रहा है कि किस तरह से उसकी ऑथेर पर लगी सफेद पट्टियां, जिन्हें एविएशन सेक्टर में ब्रेस होल्ड मार्किंग कहा जाता है। किस हद तक फेड हुई हैं। जबकि प्लेन के लैंडिंग के वक्त यह सफेद मार्किंग पायलट को रनवे की स्थिति बताने में बेहद जरूरी होती हैं। खासतौर से कम विजिबिलिटी के वक्त।

इस मामले में एविएशन सेक्टर के जाने-माने एक्सपर्ट और सेफ्टी मेटर्स फेडरेशन के फाउंडर अमित सिंह ने एनबीटी को बताया कि किसी भी रनवे के लिए यह ब्रेस होल्ड मार्किंग बेहद काम की होती हैं। प्रत्येक रनवे पर यह किसी भी सूरत में फेड, अस्पष्ट या धुंधली नहीं होनी चाहिए। जबकि, यहां के रनवे में यह केवल फेड नहीं हो रही, बल्कि कई जगह डबल-डबल भी मार्किंग होती दिखाई दे रही हैं। जो कम विजिबिलिटी के वक्त एक पायलट के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं। खासतौर से उस वक्त जब सैकड़ों फुट की ऊंचाई से पायलट रनवे को देखने मैनवल रूप से भी कोशिश कर रहे होते हैं।

तस्वीरों को देखने से साफ है कि यह सफेद मार्किंग न केवल फेड हो गई हैं, बल्कि रनवे की शुरुआत में झाका आकार बेरतीब सा है। जो की एक आदर्श रनवे के लिए गंभीर है। यह कमी या लापरवाही किसकी है? इस पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस तरह के रनवे को डिफेक्टिव कहना गलत नहीं होगा।

इसके अलावा हादसे के बारे में नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने खराब विजिबिलिटी का एक कारण बताते हुए कहा है कि विमान खराब दृश्यता के बीच उतरने की कोशिश कर रहा था। लेकिन, ऐसे में जानकारों का कहना है कि फिर डीजीसीए की तरफ से विजिबिलिटी तीन हजार मीटर क्यों बताई गई? एविएशन एक्सपर्ट अमित सिंह का कहना है कि जिस रनवे नंबर-11 पर यह प्लेन उतरने की कोशिश कर रहा था। वहां सूरज पायलट के सामने था। ऐसे में यह हो सकता है कि पायलट को सूरज की तेज किरणें के सामने पड़ने से रनवे ठीक से दिखाई न दिख हो। दूसरे, एक और बड़ा कारण रनवे का भ्रम भी हो सकता है। जिसमें पायलट को रनवे असल रनवे के पास दिखाई दिख हो और पायलट ने प्लेन को वहां लैंड करने की कोशिश कराई हो। लेकिन जब तक पायलट को यह आभास हुआ हो कि लैंडिंग गलत हो रही है। तब तक देर हो चुकी हो। तस्वीरों को देखने से यह लगता है कि पायलट ने अंतिम समय में रनवे के लेफ्ट साइड में क्रैश हुए प्लेन को लेफ्ट में ले जाने की कोशिश की थी। क्योंकि, राइट साइड में रनवे उंचाई पर है। ऐसे में प्लेन उस वक्त तक रनवे की तरफ नहीं ले जाया जा सकता था। ऐसे में पायलट ने प्लेन को लेफ्ट साइड में लेते हुए फिर से उपर उठाने की कोशिश की हो। लेकिन उस वक्त तक प्लेन इतना नीचे आ गया कि वह क्रैश हो गया।

हादसे में यह भी पता लगना जरूरी है कि आखिर पायलट ने अंतिम समय में एटीसी को जवाब क्यों नहीं दिया। जबकि उसने रनवे दिखाई देने की बात कही थी। इसके बाद प्लेन रनवे पर लैंड न करते हुए पास में क्यों लैंड हो रहा था? इस कंपनी का एक प्लेन 2023 में भी क्रैश हुआ था। हालांकि, इसकी रिपोर्ट एएआईबी ने अब तक जारी नहीं की है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-28-2026 23:45 Color:

■ बीएमसी ने जारी किए वर्क स्टॉप नोटिस
■ सेंसर न लगाने पर सबसे ज्यादा कार्रवाई
■ नियम न माने तो परमिशन रद्द की चेतावनी
■ हाई कोर्ट के आदेश पर बीएमसी की कार्रवाई
■ पर्यावरण विभाग की टीम मैदान में उतरी

AQI उल्लंघन, 1189 साइटें बंद

सभी कंस्ट्रक्शन साइटों का किया गया विजिट

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीएमसी ने एयर पॉल्यूशन फैलाने वाली कंस्ट्रक्शन साइटों पर नकेल कसते हुए 1189 जगहों पर काम पूरी तरह बंद करवा दिया है। जानकारी के अनुसार, बीएमसी की हद में कुल 2703 कंस्ट्रक्शन साइटें हैं, जहां पर काम जारी था। इनमें म्हाडा, एसआरए और निजी बिल्डरों की कंस्ट्रक्शन साइटें शामिल हैं।

बता दें कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिसंबर 2025 में बीएमसी को एयर पॉल्यूशन पर फटकार लगाते हुए निर्देश दिया था कि वह सभी साइटों का विजिट कर एयर पॉल्यूशन पर रोक लगाने के लिए उचित कार्रवाई कर कोर्ट को जानकारी सौंपे। इस मामले में आज यानी कि गुरुवार को सुनवाई होनी है। बीएमसी के पर्यावरण विभाग ने कुल 2703 कंस्ट्रक्शन साइटों का विजिट बुधवार तीन बजे के करीब पूरा किया।

1189 कंस्ट्रक्शन साइटों का काम बंद: बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, जो इन साइट विजिट में शामिल थे, उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई में बीएमसी की हद में कुल 2703 कंस्ट्रक्शन साइटें हैं। इनमें से कुल 1189 साइटों पर एयर क्वॉलिटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बीएमसी प्रशासन ने एयर पॉल्यूशन पर लगाम लगाने के लिए कुल 30 गाइडलाइंस बनाई हैं, जिनका पालन न होने पर प्रशासन आवश्यकता अनुसार कार्रवाई कर सकता है। इनमें एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग सेंसर लगाना, सड़कों की सफाई करना, कंस्ट्रक्शन को सही और नियमित तरीके से डिस्पोज करना और कंस्ट्रक्शन साइट के चारों तरफ 35 फुट ऊंची दीवार बनाना शामिल है। विजिट के दौरान नियमों का पालन न करने की वजह से कुल 1189 साइटों का काम बंद करा दिया गया है और स्टॉप वर्क नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि यदि कंस्ट्रक्शन साइट पर नियमों का पालन नहीं किया जाएगा तो काम तो बंद किया ही जाएगा और उन्हें दी गई बीएमसी परमिशन भी रद्द कर दी जाएगी।

सेंसर न लगाने के हैं अधिक मामले

बीएमसी पर्यावरण विभाग के अधिकारी ने बताया कि 1189 में से करीब 500 वर्क स्टॉप नोटिस उन प्रोजेक्ट्स को दिए गए हैं, जिन्होंने सेंसर नहीं लगाए हैं या फिर सेंसर तो लगाया है लेकिन उसकी रीडिंग हेड ऑफिस तक नहीं पहुंच रही है। साथ ही सेंसर सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग के सेंसर में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सीधे काम बंद कर दिया जाएगा। साथ ही प्रोजेक्ट जिस पुलिस स्टेशन की हद में आता है, उसे प्रोजेक्ट की जानकारी दे दी जाएगी और यदि बिना नियमों के पालन के काम दोबारा शुरू होता है तो प्रोजेक्ट के साथ-साथ बीएमसी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

शोक में झुका तिरंगा

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद महाराष्ट्र सरकार ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। मंगलवार को मुंबई में मंत्रालय सहित सभी सरकारी इमारतों पर फहराया जाने वाला तिरंगा आधा झुका दिया गया। राज्य सरकार से जुड़े सभी कार्यालयों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं, साथ ही जरूरी बैठकें और सरकारी कामकाज साधारण ढंग से किए गए। इसके अलावा अजित पवार के मुंबई के आवास देवगिरि और नागपुर के विजयगड सहित पार्टी कार्यालय में मातम पसरा रहा। PTI

CSMT मुंबई


नवी मुंबई मनपा

Aniruddhasingh Dinore

HC नागपुर बेंच

Aniruddhasingh Dinore

RBI नागपुर

PTI

देवगिरि (आवास), मुंबई

Aniruddhasingh Dinore

विजयगढ (आवास), नागपुर


DCM के PSO की मौत से विटावा में सन्नाटा

अजित दादा के साथ विमान हादसे का शिकार बने PSO जाधव | ठाणे के कलवा परिसर में माता-पिता के रहते थे विदीप जाधव

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे

डीसीएम अजित पवार के साथ विमान हादसे में मौत का शिकार हुए उनके निजी सुरक्षा रक्षक (पीएसओ) विदीप जाधव (43) ठाणे के कलवा परिसर में रहते थे। मुंबई पुलिस में कार्यरत जाधव की मौत से कलवा स्थित विटावा के सूर्या नगर क्षेत्र में मातम छा गया। वहां की साईं कृष्ण विहार इमारत के बी-विंग के एक फ्लैट में जाधव अपने माता-पिता, पत्नी संध्या (38), बेटी नेत्रा (14) और बेटे अद्वित (9) के साथ रहते थे। पड़ोसियों के अनुसार जाधव बेहद शांत स्वभाव के थे। जाधव की ससुराल (संध्या का मायका) भी कलवा के खारेगांव में है।

स्थानीय नजदीकी सूत्रों के मुताबिक मंगलवार की रात जाधव ससुराल में आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह साढ़े 5 बजे उन्हें मुंबई ड्यूटी पर पहुंचना था, इसलिए वह तड़के 4 बजे खारेगांव से ही सीधे मुंबई निकल गए था। कुछ घंटे बाद जाधव की मौत की खबर लगने से उनके परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा, माता-पिता, पत्नी और बच्चे सभी तत्काल बारामती रवाना हो गए।

4 साल से अजित पवार के PSO थे जाधव : मूल रूप से सातारा के फलटण तालुका के तरड गांव निवासी जाधव के पिता दिलीप जाधव मुंबई के 'कर्मवीर भाऊराव पाटील' में बतौर लिपिक काम कर रिटायर हुए थे। दिलीप जाधव एनसीपी के कार्यकर्ता हैं, जबकि विदीप की पत्नी संध्या कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल के मेडिकल विभाग में कार्यरत है। 2009 में मुंबई पुलिस में भर्ती हुए विदीप विगत 4 साल से अजित पवार के निजी सुरक्षा रक्षक थे। परिवार के निकटजनों के मुताबिक बहुत कम लोगों को ही पता था कि विदीप अजित पवार के बॉडीगार्ड हैं। अधिकांश लोग यही जानते थे कि वे पुलिस विभाग में सेवारत हैं।

विमान से ही पत्नी को भेजी थी पवार के साथ फोटो

बताया गया है कि PSO विदीप जाधव ने घटना से कुछ समय पहले ही विमान में बैठे अजित पवार के साथ खुद की फोटो को पत्नी संध्या को भेजी थी। संध्या ने उक्त फोटो पड़ोसी को शेयर की थी और हादसे के बाद उक्त फोटो सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर वायरल हुई। लेकिन किसी को पता नहीं था कि दोनों की यह अंतिम फोटो होगी। विदीप की मौत की खबर के बाद विटावा के सूर्यानगर में सन्नाटा पसरा है। विदीप को श्रद्धांजलि देने वाले बैनर सूर्यानगर में लग गए हैं।

यूं अपनों का काम झट से पूरा कराते थे अजित दादा

सोचा न था, उन्हें अंतिम बार देख रहे हैं

■ राजकुमार सिंह, मुंबई

संस्मरण

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन से स्तब्ध उनके समर्थक जगह-जगह श्रद्धांजलि दे रहे हैं, मुंबई में उन्हें कैंडल जलाकर याद किया गया।

मंगलवार को मंत्रालय में अजित दादा मुस्कराते हुए हाथ दिखाते चले जा रहे थे, तब इसका रत्ती भर भी एहसास नहीं था कि उन्हें अंतिम बार देख रहे हैं। जब भी उनसे मुलाकात हुई, वे बड़ी विनम्रता से हाथ जोड़कर मुस्कराते हुए स्वागत करते थे। एक बार जो उनसे मिल ले, वह उनका हो जाता था। जब भी उनके पास कोई काम लेकर आता था, वे तुरंत संबंधित अधिकारी को कॉल कर पूरी जानकारी लेते थे। काम होना है, तो उसके पेपर तत्काल आगे बढ़ा देते और अगर काम नहीं होने की स्थिति में स्पष्ट बोल देते कि यह काम नहीं हो सकता। ऐसे स्पष्ट वक्ता थे अजित दादा पवार।

एक बार मुझे याद है कि वे राजस्व मंत्री थे। मुंबई में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा था। दोपहर में उनके केबिन के सामने से गुजर रहा था कि देखा दादा की केबिन में बहुत भीड़ जमा है। उस भीड़ में मैं भी शामिल हो गया। इतने में दादा अपने अंदाज में वहां आए। उन्होंने एक-एक का नाम लेकर पूछा कि यहां क्यों आए हो और क्या काम है? भीड़ में खड़े एक सज्जन ने दादा को बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित काम है। दादा ने राजस्व विभाग के सचिव को बुलाने का आदेश दिया। संयोग से सचिव विधान भवन में ही थे। सचिव के आने से पहले दादा ने सभी से मजाक मस्ती में बात करते रहे। साथ ही उनके परिवार के बारे में पूछ रहे थे। सचिव के आते ही दादा ने कहा कि, देखिए ये सब हमारे गांव से आए हैं। इनका आपके विभाग से संबंधित काम है। सचिव ने पूरी बात बात सुनने के बाद बड़ी विनम्रता से कहा कि, सर यह काम नहीं हो सकता क्योंकि नियम कानून में नहीं बैठता। सचिव की बात पूरी होती कि दादा ने कहा, 'देखिए नियम कानून में बिठाने के लिए ही तो आपको सचिव पद पर बिठाया गया है, इसलिए आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इनके काम को नियम-कानून के दायरे में लाकर पूरा करें'। इस पर सचिव ने बिना देरी कहा कि यस सर। यह सुनते ही वहां पर उपस्थित लोग तालियां बजाने लगे। तब तक सचिव महोदय का चेहरा लाल पड़ चुका था।

दादा गपशप के लिए भी जाने जाते थे। आमतौर पर दादा, रात में जल्द सो जाते, लेकिन एक बार एनसीपी का सम्मेलन कर्जत में हो रहा था जब दादा रात एक बजे तक पत्रकारों से गपशप करते रहे। मुंबई में जब रहते तब मंत्रालय में वह सुबह नौ बजे तक पहुंच जाते थे। उनके जल्द आने पर अधिकारी भी परेशान रहते थे। दादा की एक बड़ी खासियत यह थी कि जिन्हें जितने बजे बुलाते थे, उनसे उतने बजे मिलते थे। समय के एकदम पाबंद थे।

मुंबई महापौर का टलेगा चुनाव

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की प्लेन दुर्घटना में मौत हो जाने से बुधवार को सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा हुई। इस वजह से मुंबई के महापौर का चुनाव में और देरी होगी। पहले पांच फरवरी तक चुनाव होने के आसार थे, लेकिन अब यह चुनाव और आगे खिसक गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नगरसेवकों का कोकण डिविजन में रजिस्ट्रेशन किया जाना है। इसके साथ ही उन्हें इसके दस्तावेज बीएमसी म्युनिसिपल सेक्रेटरी को जमा करने है। लेकिन यह सारी प्रक्रिया टल गई।

मुंबई महापौर के चुनाव में होगी देरी: इस दुर्घटना से अगले तीन दिनों तक पार्टियों द्वारा किसी भी प्रकार का काम काज न किए जाने की बात कही गई है। इससे शुक्रवार तक न तो बीजेपी और न ही एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नगरसेवक कोकण डिविजन में अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे। शनिवार और रविवार को कोकण आयुक्त कार्यालय बंद होने की वजह से रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा। ऐसे में मुंबई महापौर का चुनाव और आगे खिसकने की बात कही जा रही है। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार का मुंबई महापौर का चुनाव एक आईएएस अधिकारी की देख-रेख में संपूर्ण होगा। सभी पार्टियों का रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद ही मुंबई महापौर चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बीजेपी और शिंदे सेना का रजिस्ट्रेशन बाकी

CCTV बना परीक्षा बोर्ड का सिरदर्द

स्कूलों में आर्थिक संकट के बीच नए फैसले से मुसीबत

■ कक्षा की गोपनीयता पर सवाल ■ छात्रों पर मानसिक दबाव की आशंका ■ बोर्ड से मदद की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान कक्षाओं में सीसीटीवी अनिवार्य करने का फैसला अब स्टेट बोर्ड के लिए चुनौती बन गया है। शिक्षा विभाग और स्कूल-जूनियर कॉलेज प्रबंधन की बैठक में इस व्यवस्था को लेकर कई समस्याएं सामने आई हैं। कई स्कूलों ने सीसीटीवी लगाने में आर्थिक दिक्कत बताई है, वहीं कुछ ने कक्षा की गोपनीयता भंग होने की बात कही है।

बारहवीं की लिखित परीक्षा में अब सिर्फ 13 दिन शेष हैं, ऐसे में बिना सीसीटीवी वाले परीक्षा केंद्रों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा विभाग के सर्कुलर में निर्देश दिया गया है कि जिन परीक्षा केंद्रों में अब तक कक्षाओं में सीसीटीवी नहीं लगे हैं, वे परीक्षा से पहले यह व्यवस्था नॉन सैलरी ग्रांट से करें। इस पर प्रिंसिपलों का कहना है कि स्कूल के प्रवेशद्वार, परिसर और कार्यालय में पहले से कैमरे लगे हैं, लेकिन कक्षा के भीतर कैमरे लगाना शिक्षा व्यवस्था की आत्मा पर सीधा हस्तक्षेप है। एक प्रिंसिपल ने पत्र में लिखा है कि कक्षा केवल परीक्षा स्थल नहीं, बल्कि शिक्षक-विद्यार्थी के विश्वास और संवाद का स्थान है। लगातार निगरानी से विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। प्रबंधन ने मांग की है कि बोर्ड खुद अस्थायी व्यवस्था करे या इसके लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन से सभी हुए अवाक

शोक में डूबा समूचा महाराष्ट्र

NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन की खबर से पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अचानक चले जाने से न केवल राजनीतिक जगत, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में भी गहरा सदमा पहुंचा है। हर वर्ग के लोग इस अपूरणीय क्षति पर दुख व्यक्त कर रहे हैं। लोकभवन, मुंबई में आयोजित शोकसभा में राज्यपाल ने दो मिनट मौन धारण कर दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि दी।

राजनीति में पैदा हुई रिक्तता: लोढ़ा

कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन की खबर अत्यंत दुखद और मन को झकझोर देने वाली है। उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है। जनसेवा के प्रति उनकी निरंतर तड़प, प्रशासन पर मजबूत पकड़ और अनुशासनप्रिय नेतृत्व उनकी पहचान थी।

परिवार का सहारा थे अजित पवार: मलिक

एनसीपी नेता व पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने कहा कि अजित पवार केवल उनके नेता नहीं थे, बल्कि उनके परिवार के लिए भी सहारा थे। जीवन के सबसे कठिन और संघर्षपूर्ण समय में अजित पवार उनके और उनके परिवार के साथ ढाल बनकर खड़े रहे। उन्हें कभी नहीं भूल सकते।

विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय: देसाई

पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि अजित दादा पवार के दुखद निधन से महाराष्ट्र ने एक स्पष्टवक्ता, दृढ़ निर्णय लेने वाले और राजनीति से ऊपर उठकर मित्रता निभाने वाले प्रभावशाली नेता को खो दिया है। राजनीति और समाजसेवा दोनों स्तरों पर काम करते हुए अजित दादा ने हमेशा स्पष्ट रुख अपनाया। वित्त विभाग का नेतृत्व करते हुए उन्होंने राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए।

परिवार का मुखिया खो दिया: तटकरे



अजित पवार की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन से हमने अपने परिवार का मुखिया खो दिया है। यह खबर अत्यंत दुखद और झकझोर देने वाली है। वे हमेशा शिव-शाहू-फुले-आंबेडकर के विचारों पर अडिग रहकर काम करने पर जोर देते थे।

हमने अपना मजबूत सहारा खोया: प्रफुल्ल पटेल



पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन से हमने अपना मजबूत सहारा खो दिया है। उनका जाना हमारे लिए एक बड़ी व्यक्तिगत क्षति है। करीब 35 वर्षों के राजनीतिक सफर में उन्होंने अनेक कार्यकर्ता तैयार किए और आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों के लिए हमेशा संघर्ष किया।

उनके स्नेही स्वभाव ने दिल जीत लिया था: आदित्य ठाकरे

पूर्व मंत्री और विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्हें अजित पवार के साथ काम करने पांच-छह साल मौका मिला। पहले सरकार में और फिर विपक्ष में रहने के दौरान उनके अनुभव को महसूस किया। विधायी मामलों पर उनकी मजबूत पकड़ और उनके स्नेही स्वभाव ने मेरे जैसे कई लोगों का दिल जीत लिया। विपक्ष में रहते हुए भी मैंने सार्वजनिक रूप से कई बार यह बात कही थी।

महाराष्ट्र ने जनप्रिय नेतृत्व खोया: सपकाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि अजित पवार के असामयिक निधन की खबर अत्यंत चौंकाने वाली और स्तब्ध कर देने वाली है। महाराष्ट्र ने एक साहसी, काबिल और जनप्रिय नेता खो दिया है।

दादा के जाने से दिल को गहरा दुख: पंकजा

पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि दादा के आकस्मिक निधन से मन को गहरी पीड़ा पहुंची है। दादा, आपके साथ किया गया सफर, चर्चाएं और बातचीत कभी नहीं भुलाई जा सकेंगी। आपकी राजनीतिक और बौद्धिक समझ बेहद शानदार थी।

उल्हास नदी में सीवेज जांच पर HC सख्त

सेप्टिक टैंक पर सवाल, STP यूज पर नाराजगी, 438 अवैध निर्माण पर फटकार

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठाणे कलेक्टर को निर्देश दिया है कि वह इस बात की पड़ताल करें कि उल्हास नदी में किस तरह सीवेज का पानी छोड़ा जा रहा है। क्या गंदा पानी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा रहा है या सीधे नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। वह भी जांच करें कि इमारतों के सेप्टिक टैंक और सोकपिट सीवेज लाइन से जुड़े हैं या नहीं। इसके साथ ही कुलगांव-बदलापुर नगरपरिषद क्षेत्र में कितने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्यरत हैं, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की निगरानी के लिए गठित कमिटी अपने उद्देश्य को पूरा करने में विफल रहती है तो उसे भंग करने पर विचार किया जाएगा। यह कमिटी अदालत के निर्देश के तहत बनी थी।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

गंदे पानी पर कोर्ट क्यों हुआ सख्त?

उल्हास नदी में गंदा पानी छोड़ने से जल प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। बदलापुर के नियोजन को बेहतर बनाने के लिए गठित कमिटी के गठित की थी। सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट नहीं हो सका कि सीवरेज का पानी किस प्रक्रिया से नदी में छोड़ा जा रहा है। क्षेत्र के सेप्टिक टैंक ड्रेनेज लाइन से जुड़े है या नहीं, इस पर भी स्थिति साफ नहीं हो पाई।

नगराध्यक्ष के गार्डन में छोड़ें STP का पानी

अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि एसटीपी का पानी नगराध्यक्ष के गार्डन में छोड़ा जाए। इससे उन्हें बेहतर फूल और फल मिलेंगे और यह भी समझ आएगा कि सीवरेज के पानी का उपयोग कैसे किया जा सकता है। इस पर केडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि एसटीपी के पानी का इस्तेमाल कार धोने के लिए भी किया जा सकता है। इस टिप्पणी पर जस्टिस रविंद्र घुगे की बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि किसी विषय की जानकारी नहीं है तो उस पर बयान नहीं दिया जाना चाहिए। मामला एक किसान की जमीन पर ड्रेनेज का पानी छोड़े जाने से जुड़ा था, लेकिन अदालत ने सुनवाई के दौरान इसके दायरे को बढ़ा दिया।

सुनवाई के दौरान 438 अवैध निर्माण सामने आने की बात भी रखी गई। नोटिस के स्वरूप पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की। बेंच ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि संबंधित अधिकारी का तबादला कर दिया जाना चाहिए।

केडीएमसी की ओर से पक्ष रखते हुए एडवोकेट दिनेश अडसुळे ने कहा कि एसटीपी से निकलने वाले पानी को ही नदी में छोड़ा जाता है और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। केडीएमसी के अधिकारी नियमों का पालन कर रहे हैं।

1 फरवरी से WR पर बढ़ेंगी 4 नॉन AC लोकल सर्विस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** वेस्टर्न रेलवे ने 01 फरवरी 2026 से 12-कोच वाली 04 अतिरिक्त नॉन-एसी उपनगरीय ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। इन अतिरिक्त सेवाओं के शुरू होने से पश्चिम रेलवे के मुंबई उपनगरीय खंड पर कुल उपनगरीय सेवाओं की संख्या 1406 से बढ़कर 1410 हो जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार, यह वृद्धि कांदिवली–बोरीवली के बीच छठी लाइन के निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद संभव हो पाई है। छठी लाइन के कमीशन होने के पश्चात बोरीवली और बांद्रा टर्मिनस के बीच सभी बांद्रा टर्मिनस की ओर आने/जाने वाली लम्बी दूरी की ट्रेनों को पाँचवीं एवं छठी लाइन पर स्थानांतरित किया गया है, जिससे परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

2054 तक भिवंडी की प्यास बुझाने की तैयारी

अमृत योजना 2.0 से मिलेगा 100 एमएलडी अतिरिक्त पानी

■ विजयकुमार सिंह भिवंडी

तेजी से बढ़ती आबादी, ऊंची इमारतें और बेतरतीब शहरीकरण के बीच भिवंडी शहर की सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की बन चुकी है। शुद्ध पेयजल की कमी से जूझ रहे भिवंडी वासियों के लिए अब राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने अमृत योजना 2.0 के तहत भिवंडी मनपा के लिए 426 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी जलापूर्ति परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना से शहर को भविष्य में 100 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलेगा और इसे 2054 की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

वर्ष 2011 में भिवंडी की आबादी जहां करीब 7 लाख थी, वहीं 2024 में यह बढ़कर 9.84 लाख तक पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार 2054 तक शहर की आबादी 15.84 लाख हो सकती है, जिसके लिए 273 एमएलडी पानी की जरूरत होगी। मौजूदा आपूर्ति और 15-20 प्रतिशत स्टैंडर्ड लॉस के कारण शहर को वास्तविक रूप से सिर्फ 100 एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है।

24 पानी की टंकियां और दो ट्रीटमेंट प्लांट: इस परियोजना के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में छोटी-बड़ी 24 पानी की टंकियां बनाई जाएंगी। जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के अनुसार इस परियोजना के तहत शहर में छोटी-बड़ी 24 पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें अशोक नगर, एसटी स्टैंड के पास, नारपोली स्थित 72 गाला के पास दो पानी की टंकी, नारली तालाब एवं वराला मंदिर के पास नई पानी की टंकी के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। इन टंकियों की क्षमता 12 लाख लीटर से लेकर 20 लाख लीटर तक होगी।

39 किमी नेटवर्क और 15 किमी मुख्य पाइपलाइन: पिसे डैम से भिवंडी तक करीब 15 किलोमीटर लंबी 1321 मिमी व्यास की मुख्य पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा शहर के भीतर 39 किलोमीटर लंबा वितरण नेटवर्क तैयार किया जाएगा। हाईवे के नीचे ड्रिलिंग कर पाइपलाइन बिछाना इस परियोजना का अहम तकनीकी हिस्सा होगा।





कच्चे पानी से राहत

परियोजना में दो जल शुद्धीकरण संयंत्र शामिल हैं। सोनाले में 123 और टेमघर में 53 MLD क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इस परियोजना की लागत केंद्र, राज्य और मनपा मिलकर वहन कर रहे हैं। केंद्र सरकार 142 करोड़, राज्य सरकार 156 करोड़ और भिवंडी मनपा 128 करोड़ रुपए खर्च करेगी। परियोजना पूरी होने के बाद भिवंडी में पानी की किल्लत अतीत बन सकती है।

हाइवे पर कंटेनर पलटा, लंबा जाम



■ **NBT न्यूज, वसई:** बुधवार सुबह मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर नायगांव के ससुनवघर इलाके में एक कंटेनर पलट जाने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ, जब मुंबई से गुजरात की ओर जा रहा कंटेनर असंतुलित होकर पलट गया। इसके चलते मुंबई से गुजरात जाने वाली लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जाम से परेशान कई वाहन चालक गलत दिशा में वाहन ले जाने लगे, जिससे हाइवे के दोनों ओर करीब 10 किलोमीटर तक जाम लग गया। सूचना मिलने पर हाइवे ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। कंटेनर माल से भरा होने के कारण उसे हटाने में काफी दिक्कत आई। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से कंटेनर हटाया गया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे बहाल हुआ। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि चालक को मामूली चोटें आई हैं।

ज्वेलरी चोरी का आरोपी भिवंडी से गिरफ्तार

■ **NBT न्यूज, पालघर:** पालघर जिले के विक्रमगढ़ निवासी आदिनाथ महादेव कचरे की महालक्ष्मी ज्वेलर्स से 18 लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी करने वाले आरोपी को पालघर क्राइम ब्रांच ने भिवंडी से गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद कलाम सलामद्दीन अंसारी (42) के पास से 101 ग्राम सोना बरामद हुआ है।

14 जनवरी को अज्ञात शख्स ज्वेलरी खरीदने के बहाने दुकान में आया और नौकर के सामने हाथ चालाकी से 149 ग्राम सोना चुरा कर फरार हो गया। व्यापारी आदिनाथ महादेव कचरे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर शाहबाज रूबाब (35), उसकी पत्नी यास्मीन और दोस्त रिजवान के खिलाफ दुराचार व ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार, शाहबाज ने उसे लॉज में ले जाकर नशीली दवा पिलाई, अश्लील विडियो बनाए और वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुराचार किया। बाद में आरोपी की पत्नी और दोस्त ने वीडियो कॉल कर पैसे की मांग की। पुलिस के मुताबिक, तीनों छह महीनों से युवती को परेशान कर रहे थे। मामले की जांच जारी है।

बस ने स्कूटर सवार युवक को कुचला

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** भिवंडी के एसटी स्टैंड-गायत्रीनगर रोड पर स्वैकी टॉकीज के सामने तेज रफ्तार बस ने स्कूटर सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में अंसार मोहल्ला निवासी अबूबकर अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पुजारी ट्रैवेल्स की बस को हिरासत में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर और नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के कारण संतुलन बिगड़ा। स्थानीय लोगों ने अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

PROPERTY SPECIAL OFFER

PRIME OFFICE SPACE AVAILABLE IN SOUTH MUMBAI
Fully Furnished Office Space of appx. 35,000 Sq. Fts. (Incl. 4 Independent Floors of 7,200 Sq. Fts. each) is available on Leave & License, at P. D'Mello Road, Mumbai, Maharashtra-400009.
Excellent connectivity & facilities:
- Suburban Local Train Connectivity (Western/ Central/ Harbour) at Masjid Bunder Station within walking distance;
- Direct access from Eastern Freeway & Atal Setu;
- Connectivity from Coastal Road via Carnac Bridge;
- Pay and Park facilities;
- Surrounding area with various eateries, restaurants & hotels.
Suitable for Business Centre, Back offices, Admin & Ops. teams for foreign MNC's & Large Corporate Houses.
Office Amenities: Sr. Management Cabins, Conference rooms, Wi-Fi/ LAN/ Landline, assured electricity & water supply and all other modern amenities.
Commercial terms negotiable.
Contact +919821799999/ hariiyer11@gmail.com

TRAVEL TIMES
Summer Holidays 2026 — शुद्ध शाकाहारी और जैन फूड टूर्स
बेस्ट ऑफ युरोप — WITH KITCHEN CARAVAN — Stay at: Amsterdam, Brussels, Paris, Geneva, Interlaken, Zurich, Innsbruck, Munich. १४ दिन
ग्रैंड युरोप — WITH KITCHEN CARAVAN — Stay at: Rome, Florence, Venice, Innsbruck, Zurich, Interlaken, Geneva, Paris, Brussels, Amsterdam. १८ दिन
यूएसए – २१ दिन — Stay at: Sanfransico, Lake Tahoe, Manmoth Lake, Las Vegas, LA, Niagara, Washington, New Jersey, New York, Orlando
वंडर्स ऑफ युरोप – १३ दिन — Stay at: Prague, Salzburg, Zell Am SeeVienna, Budapest
ऑस्ट्रेलिया – १३ दिन — Stay at: Sydney, Cairns, Gold Coast, Melbourne
डिस्कवर स्कैंडिनेविया – १३ दिन — Stay at: Copenhagen, Bergen, Oslo, Stockholm, Helsinki
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: Guideline
These are only official contact numbers: HEAD OFFICE: 4062 2222
98197 98849 | 98198 91904

प्रॉपर्टी — मुंबई प्रॉपर्टीज — ठाणे
AVAILABLE 1 & 2 BHK FLATS WITH CAR PARKING IN SAINATH PLAZA, POSSESSION MARCH 2026, GHANTALI ROAD, THANE WEST - 9867302981, 9867207744.
प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज — वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)
BORIVALI (W) NEW MHB COLONY, New Building, 2500 Sq.Ft (2 Office). Rent 200/- | Sell 30K per Sq.Ft. Ideal for Bank / Gym / Office. M: 9137869486
THANE (W) MANAS Residency, Nr. Tinhat Petrol Pump, 2511' Carpet Office. Rent RS.150/-, Sell 40K per Carpet Sq.Ft. Prime Spot. M 9137869486
ANDHERI (E) Sakinaka Powai, Boomerang, 11,685' BUA (3 Offices), fully furnished. Rent 100/-Sell 18K per BUA sq. ft.prime location M 91378 69486
भर्ती — भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति — चिकित्सा — चिकित्सा
REQUIRED Physician, Surgeon, Intensivist, RMOs(MBBS/ BAMS), GNM/ BSc Nurses, Receptionist, OT Assistant, Xray & Lab Technician, Accountant, Pharmacist, PRO, Ward Assistant, Aayas, Security Guards for newly renovated 20 beded Multi speciality Hospital at Kapurbawadi, ThaneW. Attractive Salary. Walk-in interview with biodata or Contact on 99300 16444, 8850343739.
अन्य रिक्तियां — सामान्य
रिक्त: फास्ट फूड हेल्पर सुबह/ शाम पार्ट-टाइम हेल्पर चाहिए. Freshers welcome. संपर्क: 9930992886/ 8080821282
सेवानिवृत्त व्यक्ति
GENUINE Opportunity with Respect & Recognition for VRS, Retired,NRI,H'wives,Bankers, Professionals.Age:45+.Salary+ PF + Incentive: 77188 35701

तकनीकी — सामान्य
REQUIRED URGENTLY — 4 Auto CAD Draughtsmans (Civil) — 3 Architects — 1 - 5 Years experience send your Resume — VISION — 93728 28306 — Email: vision_architect@yahoo.co.in
बिजनेस — वित्त
SAGUN FINANCE PVT LTD ALL TYPES LOAN, 5.8% ROI QUICK PROCESS, ALL OVER INDIA ONLY IN CRORES 9540177919 , 7982246594
यात्रा — टूर्स ऐंड ट्रैवल्स
Singapore, Dubai, Srilanka, Thailand, Ladakh, Spiti, Kerla, North East, Goa, Corporate Events. Call/W: 9869559938, HAZEL TOURS Since 2003
सेवाएं — ज्योतिष
विना बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहकलेश, उधारी बढ़ा का गारंटेड समाधान लोग कहते हैं हम करके दिखाते. 9867324766 / 8839654766
TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

व्यक्तिगत — लापता
लापता है

मेरी पत्नी श्रीमती सुष्मिता पात्रा, उम्र 32 साल, सांवला रंग, ऊंचाई 5', 23 जनवरी आधी रात से लापता है. वह एक मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं। उन्हें नवी मुंबई के न्यू पनवेल में एक रिहैबिलिटेशन सेंटर में उसे एडमिट किया गया था। वह 23 तारीख की आधी रात करीब 12 बजे अस्पताल से भाग गईं. उन्होंने वाइन रेड प्रिंटेड सलवार और वाइन रेड प्रिंटेड बेडशीट पहनी हुई थी.
अगर किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले, तो कृपया 9820427709 या अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क करें...धन्यवाद
सौमित्र पात्रा : 9820427709

नाम परिवर्तन
I,CHOUGULE Poonam Anil Wife of Chougale Anil Tukaram r/o Koparde, Malikapur, Kolhpur, M.H-415101 have changed my name from Chougule Poonam Anil to Poonam Anil Chougale vide aff.dt. 24-01-2026 No 59AB880177 at Nashik
I,REVATHI Wife of Rajarao Kanithi r/o Annamraju Nagar, Madhurawada, Visakhapatnam, A.P - 530048 have changed my name from Revathi to Kanithi Revathi vide aff.dt. 24-01-2026 No 59AB880178 at Nashik
I,PUNIMA Ghosh Mother of Pranab Kumar Ghosh r/o Churpuni, katwa, Purba Bardwan, W.B-713150 have changed my name from Punima Ghosh to Purnima Ghosh vide aff.dt. 27-01-2026 No 59AB880739 at Nashik
I,PONGI R G Wife of Shibukumar, K r/o Jaya Vilasam, Navaikulam, Thiruvananthapuram, Kerala-695603 have changed my name from Pongi R G to Ponni R G vide aff.dt. 24-01-2026 No 59AB880175 at Nashik
I,OM Prakash Singh Father of Meensh Kumar r/o Khediya Khurd, Jattari, Khair, Aligarh, U.P-202137 have changed my name from Om Prakash Singh to Omprakash vide aff.dt. 22-01-2026 No 59AB880173 at Nashik

टेंडर और नोटिस — सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
PUBLIC NOTICE
We are investigating the title of Mrs. Vinay Kumari Chopra to the immovable property described in the Schedule hereunder written. Any person having any claim or right on the same by way of inheritance, share, sale, mortgage, lease, license, gift, possession, possession of the original title deeds or otherwise is hereby required to intimate to the undersigned within 15 days from the date of publication of this notice of his such clam, if any, with all supporting documents failing which the claim, if any, of such person shall be treated as waived.
SCHEDULE OF PROPERTY
Flat No. 601, 6th floor, building known as "Sheetal", belonging to Khar Sheetal CHS Ltd., having an area of about 650 sq. ft. (carpet) situated, lying and being at Dr. Ambedkar Road, Khar, Mumbai 400 052 constructed on land bearing C.T.S. No. D/1142, in the village Chuim, Taluka Andheri in the Registration District of Mumbai Suburban, including 5 shares of Rs. 50/- each bearing serial nos. 51- 55 represented by Share Certificate No 10. Dated this 28th day of January, 2026
Reema I. Kazi, Advocate & Notary Public (Govt. of India) Unique Apt, Flat No.2, Gr. Flr, Waman Pundlik Varde Road, Bandra (W) Mumbai 400050

निविदाएं (टेंडर्स)
SEALED TENDERS INVITED FOR THE REPAIR AND PAINTING WORK OF SERENITY SHREE SAI WINGS 'A', 'D', 'E', 'F' CHS. LTD., SERENITY COMPLEX, OSHIWARA, ANDHERI (W), Mumbai - 400102. Tender forms available Society's office from Date: 30/01/2026 to 06/02/2026 between 2 PM to 6 PM Last Date of submission sealed tender 10/02/2026 between 2 pm to 6 pm Tender to be submitted at society's office cost of tender RS. 10,000/- in DD/PAY ORDER (Nonrefundable) DD/ PAY ORDER should be in the name of SERENITY SHREE SAI WINGS 'A','D','E','F' CHS. LTD.
CONTACT SOCIETY 'S OFFICE MOBILE NO. 8369385734
TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

UBI Services Ltd. — UBI Services Limited, 504-506, 5th Floor, Centrum, Wagle Estate, MIDC, Thane (West), Maharashtra - 400604.
TENDER NOTICE
The company invites sealed offers for the renewal of GMC & GPA and new Parental Mediclaim Insurance Policies for the period Mar-2026 to Mar-2027 Detailed information is available in RFP. Please visit our website www.ubisl.co.in RFP forms can be downloaded from the website - Navigate to the "Tender" page through the Quick Links section at the bottom in website.
Last Date of RFP: 13-02-2026 (6:00 PM)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केन्द्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निवल आधार पर अनर्जक आस्तियों (NPAs) के विक्रय के लिए पात्र एआरसी (ARCs)/ बैंक (Banks)/ एनबीएफसी (NBFCs)/एफआई (FIs) / एआईएफ (AIFs) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है. खातों की सूची के साथ बोली हेतु अनुरोध (RFP) का विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in/tenders&empanelment/view auction notice पर उपलब्ध है.
वर्टिकल प्रमुख (दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)
TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

SOCIAL EVENT
श्री ब्रजमंडल के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष में आयोजित
श्रीमद् ब्रजभागवत कथा
परमाराध्य पूज्य श्री मन्माध्व गौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज की अमृतवाणी से
27 जनवरी से 2 फरवरी प्रतिदिन सायं 4 से सायं 7 बजे — कथा स्थल-आज़ाद मैदान, मुंबई
|| आज की कथा || सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, पुरंजननोपाख्यान
|| पावन सानिध्य || श्री गौर गोपालदास जी जया किशोरी जी
मुख्य यजमान : श्री सुरेशचन्द्र श्यामलाल अग्रवाल — श्री योगेश एवं श्रीमती नीना अग्रवाल
दैनिक यजमान : श्री रमनलाल श्रीनाथदास अग्रवाल — श्रीमती राशी अखिल अग्रवाल — श्रीमती बरखा अजय अग्रवाल
|| भंडारा यजमान || श्री अमरीशचंद्र अग्रवाल
सभी कथाप्रेमी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश पास द्वारा
अध्यक्ष एवं ट्रस्टी: सुरेशचंद्र अग्रवाल — मानद मंत्री: प्रदीप आर. लाड़ीवाल — कोषाध्यक्ष: अनिल आर. अग्रवाल
श्री राजीव श्यामसुंदरजी अग्रवाल, थाना — सारथी रियल्टर्स-एसोसिएट्स बांद्रा, मुंबई

EDUCATION FORUM
www.treehousehighschool.com
TREE HOUSE HIGH SCHOOL
AI-Integrated Day School
with Sports Campus & Foundation Programs for NEET | JEE
A SMARTER CAMPUS. A STRONGER CHILD. A WINNING FUTURE.
AI Learning — Sports Power — Competitive Foundation Program
SPORTS IS NOT EXTRA. IT IS ESSENTIAL
ADMISSIONS OPEN FOR ACADEMIC YEAR 2026 - 27
VIRAR (W) (CBSE) (Affiliation No.: 1130629) (Nursery to Grade XII) Call: 8291116885 8291378885
VASAI (W) (ICSE) (Affiliation No.: MA268) (Nursery to Grade X) Call: 8779366179 9372504210

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

NBT स्मृति — यादों के चिराग
| जय पितृ | | जय तुलसी | | जय महाप्रभु |
वैकुंठवास

श्रीमती सुमनश्री सुमतिचन्द गोठी
जन्म : 6 अप्रैल, 1956 | स्वर्गवास : 28 जनवरी, 2026
बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती सुमनश्री सुमतिचन्द जी गोठी सरदारशहर निवासी, मुंबई प्रवासी का स्वर्गवास दिनांक 28 जनवरी, 2026 को हो गया है। अंतिम यात्रा 29 जनवरी, 2026 को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से बाणगंगा बालकेश्वर हिन्दु श्मशान भूमि जायेगी।
शोकाकुल परिवार — पति - सुमतिचंद गोठी — पुत्र-पुत्रवधू — योगेन्द्र - नीलम गोठी — पौत्र - सौरव, मुदित गोठी — पुत्री - जवाई : शीतल-अमित सुराणा — दोहिता-दोहिती — तेजस, सौम्या सुराणा
निवास स्थान : लोढ़ा कोस्टेरिया, 12वीं मंज़िल, 24 नेपियन सी रोड, मुकेश चौक, मलाबार हिल, मुंबई - 400006
पीहर पक्ष : स्व. श्री सम्पतमलजी मालीवा परिवार (सरदारशहर, जयपुर)

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

प्रार्थना सभा

श्रीमती सरोज गुप्ता
11 सितम्बर 1945 - 25 जनवरी 2026
की प्रिय स्मृति में
गुरुवार, 29 जनवरी 2026 । सायं 5:00 से 7:00 बजे तक
स्थान: वाई. बी. चव्हाण केंद्र, ऋणानुबंध हॉल, ग्राउंड फ्लोर, जनरल जगन्नाथ भोसले मार्ग, मुंबई - 400021
स्नेहपूर्वक स्मरण में,
पति — धनपतराय गुप्ता
पुत्र एवं पुत्रवधू — विवेक एवं शेफाली गुप्ता
पौत्र-पौत्रियाँ — विशेष गुप्ता — वंशिका एवं यशवर्धन अहलूवालिया
पुत्रियाँ एवं दामाद — पूनम एवं संजय मोर — दिव्या एवं अतुल गुप्ता
सूरजमल बैजनाथ, ढकालिया परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: c-suman.v@timesofindia.com Time: 01-28-2026 22:17 Color:

फटाफट खबरें

Maruti Suzuki का मुनाफा बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को दिसंबर तिमाही (FY26) के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा 4% बढ़कर 3,879 करोड़ रुपये रहा। कार कंपनी ने पिछले साल इसी अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 3,727 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी का कुल रेवेन्यू बढ़कर 49,904 करोड़ हो गया है।

औद्योगिक उत्पादन मे रेकॉर्ड

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दिसंबर 2025 में देश के औद्योगिक उत्पादन (IIP) की विकास दर 7.8% पर पहुंच गई है। यह पिछले दो साल में सबसे ज्यादा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खनन, मैन्युफैक्चरिंग और बिजली क्षेत्र के शानदार प्रदर्शन की वजह से यह तेजी देखने को मिली है। दिसंबर 2024 में औद्योगिक उत्पादन की यह विकास दर मात्र 3.7% थी।

अब पेंशन के साथ इलाज भी

पेंशन रेगुलेटर ने ट्रायल के तौर पर शुरू की है 'NPS स्वास्थ्य' स्कीम

AI Image

NBT Explainer

■ NBT रिपोर्ट: पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) ने NPS स्वास्थ्य पेंशन स्कीम शुरू की है। यह उन लोगों के लिए है जो रिटायरमेंट की बचत के साथ-साथ अपने मेडिकल खर्चों के लिए भी एक सुरक्षित फंड बनाना चाहते हैं। यह स्कीम सब्सक्राइबर्स को अस्पताल में भर्ती होने (इन-पेशेंट) और बिना भर्ती हुए इलाज (आउट-पेशेंट) के खर्चों के लिए पैसे की मदद देगी। इसमें पैसे जमा करने और निकालने के लचीले नियम दिए गए हैं, ताकि बीमारी के समय किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।

क्या है स्कीम? : यह योजना 'मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क' (MSF) के तहत काम करेगी और इसमें ग्राहकों को खुद योगदान (पैसे जमा) करना होगा। PFRDA ने एक सर्कुलर में बताया कि यह एक कॉन्ट्रीब्यूटरी पेंशन स्कीम होगी। कोई भी भारतीय नागरिक अपनी मर्जी से इस स्कीम से जुड़ सकता है। फिलहाल इस स्कीम को एक पायलट प्रोजेक्ट (ट्रायल) के तौर पर परखा जा रहा है। पेंशन फंड (PF) योजना को सीमित समय के लिए पेश करेंगे।

कौन ले सकता है? : भारत का कोई भी नागरिक इस स्कीम से जुड़ सकता है। अगर किसी के पास पहले से 'कॉमन स्कीम अकाउंट' नहीं है, तो NPS स्वास्थ्य अकाउंट के साथ उसे भी खोलना अनिवार्य होगा। ग्राहक मौजूदा नियमों के हिसाब से इस स्कीम में कितनी भी रकम जमा कर सकते हैं।

फीस और चार्ज क्या होंगे? : इस स्कीम में लगने वाली फीस और चार्ज मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क (MSF) के हिसाब से होंगे और इन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ बताया जाएगा। इन चार्ज में हेल्थ बेनिफिट एडमिनिस्ट्रेटर (HBA) को दी जाने वाली फीस भी शामिल होगी।

पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं? : जिन सब्सक्राइबर्स की उम्र 40 साल से ज्यादा है, उन्हें अपने 'कॉमन स्कीम अकाउंट' से खुद के या एम्प्लॉयर के योगदान का 30% तक हिस्सा 'NPS स्वास्थ्य अकाउंट' में ट्रांसफर करने की अनुमति होगी। हालांकि, सरकारी कर्मचारी और सरकारी कंपनियों के कर्मचारी ऐसा नहीं कर पाएंगे।

कब पैसा निकाल सकते हैं? : सब्सक्राइबर्स अपनी मेडिकल जरूरतों (ओपीडी या अस्पताल में भर्ती) को पूरा करने के लिए जब भी जरूरत हो, अपने NPS स्वास्थ्य अकाउंट से 'पार्शियल विड्रॉल' (आंशिक निकासी) कर सकते हैं।

कितना पैसा निकाला जा सकता है? : ग्राहक ने खुद जो पैसा जमा किया है, उसका 25% तक हिस्सा निकाला जा सकता है। कितनी बार पैसा निकालना है, इसकी कोई सीमा नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेटिंग पीरियड तय किया गया है। हालांकि, पहली बार पैसा तभी निकाला जा सकेगा जब अकाउंट में कम से कम 50,000 रुपये जमा हो चुके हों।

बंद कर सकते हैं? : अगर किसी गंभीर बीमारी के इलाज का बिल ग्राहक के 'NPS स्वास्थ्य अकाउंट' में मौजूद कुल रकम के 70% से ज्यादा हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में उसे स्कीम से प्री-मैच्योर एग्जिट की अनुमति होगी। इस दौरान वह पूरी रकम निकाल सकता है।

'EU से FTA में किसानों और कार उद्योग के हितों पर आंच नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

भारत ने यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में डेयरी और अधिकतर कृषि उत्पादों के मामले में कोई छूट नहीं दी है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सेब सहित इक्का-दुक्का उत्पादों में अगर कोटा आधारित रियायत दी भी गई है, तो ये ऐसे उत्पाद हैं, जो पहले से तमाम देशों से आयात हो रहे हैं और इनमें भी किसानों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं, प्रीमियम कारों के आयात में कोटा आधारित जो भी छूट दी गई है, वह कई वर्षों में दी जाएगी।

अधिकारी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल कारों के मामले में 15000 यूरो से नीचे की कारों पर ड्यूटी में कोई छूट नहीं है और भारत में टैक्स वगैरह मिलाकर इनकी रिटेल प्राइस 26-27 लाख रुपये बनती है। उन्होंने कहा कि भारत का 90% कार बाजार इससे कम दाम की कारों का है, लिहाजा उद्योग जगत को प्रोटेक्शन मिलेगा। वहीं, इलेक्ट्रिक वीहिकल्स के मामले में FTA लागू होने के पांचवें साल में ड्यूटी घटनी शुरू होगी और इसमें भी 20000 यूरो से कम की EV पर ड्यूटी नहीं घटेगी।

कारों पर अभी 110% तक ड्यूटी है। 15000 से 35000 यूरो तक की पेट्रोल-डीजल कारों पर ड्यूटी डील लागू होने के पहले साल में 35% होगी और 34000 कारों का कोटा होगा। 35000 से 50000 यूरो तक की कारों पर ड्यूटी पहले साल में 30% की जाएगी और इसमें 33000 कारों का कोटा होगा। 50000 यूरो से ऊपर की कारों पर भी ड्यूटी इसी तरह घटेगी और 34000 कारों का ही कोटा होगा। डील लागू होने के पांचवें साल तक इन सभी श्रेणियों में ड्यूटी 10% कर दी जाएगी।

वहीं, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के मुताबिक, भारत और EU के बीच हुए हालिया FTA में भारत सबसे बड़े विजेता के तौर पर उभरा है। ग्रीर ने इसे एक बड़ा रणनीतिक बदलाव बताया है और कहा है कि ऐसा दुनिया भर में जारी व्यापारिक तनाव और अमेरिका की टैक्स (टैरिफ) नीतियों की वजह से हुआ है।

सेब का मामला

सेब के बारे में अधिकारी ने कहा कि इसका तमाम देशों से सालाना करीब 5 लाख टन आयात होता ही है, लेकिन EU से सालाना 50000 टन की सीमा रखी गई है और इस पर 20% ड्यूटी लगेगी और 80 रुपये प्रति किलो से कम की इंपोर्ट प्राइस नहीं हो सकती, लिहाजा भारत में लैंडेड कॉस्ट कम से कम 96 रुपये बनेगी।

अनिल अंबानी ग्रुप की संपत्ति जब्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की 1885 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी तौर पर जब्त की है। ED ने बुधवार को बताया कि यह कदम रिलायंस होम फाइनैंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शल फाइनैंस लिमिटेड से जुड़े यस बैंक फ्रॉड केस और रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड बैंक फ्रॉड केस में उठाया गया है।

ED ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति BSES यमुना पावर लिमिटेड, BSES राजधानी पावर और मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की शेयरहोल्डिंग के रूप में है। 148 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस और मेसर्स वैल्यू कॉर्प फाइनैंस एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड से जुड़ी 143 करोड़ रुपये की प्राप्तियां भी जब्त की गई हैं। अंगराई सेतुरमण के नाम से एक घर और पुनीत गर्ग के नाम पर शेयरों और म्यूचुअल फंड्स में मौजूद चल संपत्ति भी जब्त की गई है।

'स्टार्टअप की परिभाषा का दायरा बढ़ाने पर विचार'

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार इस बार के आम बजट में स्टार्टअप्स की परिभाषा का दायरा बढ़ा सकती है। एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खासतौर से डीप टेक्नॉलजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर फोकस रखते हुए यह कदम उठाने पर विचार हो रहा है।

अधिकारी ने बताया कि डीप टेक, AI और कोऑपरेटिव्स तक परिभाषा का दायरा बढ़ाया जा सकता है, जिससे देश में इनोवेशन को बढ़ावा मिले और रोजगार के अधिक मौके बन सकें।

अभी देश में 2 लाख से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स हैं। फिलहाल DPIIT के पास स्टार्टअप के रूप में उन्हीं इकाइयों को रजिस्टर किया जाता है, जो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी या पार्टनरशिप फर्म या लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के रूप में स्थापित हुई हों और आवेदन करने तक उनके 10 साल पूरे न हुए हों। साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में उनका टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से कम होना चाहिए।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

इनोवेशन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा

सरकार डीपटेक्नॉलजी और AI में इनोवेशन बढ़ाना चाहती है। इस कदम से ज्यादा कंपनियों को रिस्क लेने और इनोवेशन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (DPIIT) के पास रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स को कई तरह की सहूलियत दी जाती है।

ग्लोबल चुनौतियों के बीच विकास के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाने की चुनौती

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को जब आम बजट पेश करेंगी, तो उनके सामने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश की तरक्की की रफ्तार बढ़ाने के उपाय करने की चुनौती होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में कुल टैक्स कलेक्शन लक्ष्य से कम रह सकने के अनुमानों के बीच सड़क, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज सहित इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के लिए ज्यादा पैसे देने की राह उन्हें निकालनी होगी।

वित्त वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर का लक्ष्य रखा गया, लेकिन फिर इसे संशोधित कर 10.18 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया और इससे 10% बढ़ोतरी के साथ पिछले बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 11.2 लाख करोड़ रुपये का कैपेक्स तय किया गया था। अगले वित्त वर्ष के लिए भी इसमें 10% बढ़ोतरी हो सकती है।

हालांकि इस वित्त वर्ष में अभी केंद्र का टोटल टैक्स रेवेन्यू लक्ष्य से कम दिख रहा है। वहीं, अगर कैपेक्स बढ़ाने के लिए ज्यादा उधारी का लक्ष्य रखा गया तो राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है। नवंबर तक केंद्र का फिस्कल डेफिसिट 9.77 लाख करोड़ रुपये का था, जो पूरे वित्त वर्ष के लिए तय लक्ष्य का 62.3% है। सालभर पहले की इसी अवधि में यह 52.5% पर था। पिछले बजट में विशुद्ध कर प्राप्तियां 23.87 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान दिया गया था।

केयरएज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा, 'इस वित्त वर्ष में कुल टैक्स कलेक्शन 3 लाख करोड़ रुपये कम रह सकता है। हालांकि RBI के डिविडेंड के चलते नेट टैक्स कलेक्शन फिलहाल अच्छा दिख रहा है।' उन्होंने कहा, 'इस वित्त वर्ष के लिए तय कैपेक्स टारगेट हासिल हो सकता है और अगले वित्त वर्ष के लिए इसे 10% बढ़ाकर 12.3 लाख करोड़ रुपये रखा जा सकता है। इस बार राजकोषीय घाटा GDP के 4.4% तक रह सकता है और वित्त वर्ष 2027 के लिए इसे 4.2-4.3% रखने का लक्ष्य दिया जा सकता है।'

क्रिसिल के चीफ इकनॉमिस्ट डी के जोशी ने कहा, 'अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में सरकारी पूंजीगत खर्च की केंद्रीय भूमिका रही है। हालांकि इन्वेस्टमेंट आधारित ग्रोथ का दायरा बढ़ाने और इसे टिकाऊ बनाने के लिए प्राइवेट कॉरपोरेट्स को बड़ी भूमिका निभानी होगी।'

चांदी 3.85 लाख रु. पहुंची, सोना 1.71 लाख के पार

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। बुधवार को देश की राजधानी में चांदी 15,000 रुपये (4.05%) की भारी उछाल के साथ 3,85,000 रुपये प्रति किलो के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। 99.9% शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी 3% महंगा होकर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 5,734 रुपये बढ़कर 1,64,635 रुपये पर पहुंच गया है। सिर्फ दो दिनों के अंदर ही सोना 10,335 रुपये महंगा हो चुका है। विदेशी बाजार में सोना 74.57 डॉलर (1.44%) चढ़कर 5,256.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। विदेशी बाजार में हाजिर चांदी 0.12% बढ़कर 112.22 डॉलर प्रति औंस रही। सोमवार को चांदी 14.42 डॉलर (14%) की छलांग लगाकर 117.73 डॉलर प्रति औंस के नए रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर निवेशकों में जबरदस्त उत्साह दिखा, जिसका असर शेयर बाजार की तेजी पर पड़ा। सेंसेक्स 487.20 अंक (0.60%) की उछाल के साथ 82,344.68 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.35 अंक (0.66%) की बढ़त के साथ 25,342.75 पर बंद हुआ। BEL के शेयर अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद करीब 9% तक उछल गए। एशियन पेंट्स के शेयरों में 4% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masalamix

यह अरिजीत के लिए एक नए दौर की शुरुआत है और मैं यह सुनने और अनुभव करने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं कि यह जीनियस अब क्या नया पेश करता है। उनके जैसे काबिल कलाकार को पारंपरिक साधनों या सेट फॉर्मूले में कैद नहीं किया जा सकता। अब और ऊंची उड़ान भरने का समय है मेरे प्यारे अरिजीत। -श्रेया घोषाल

अरिजीत मुझे हमेशा ऐसे कलाकार लगे हैं जो खुद का सफर खुद तय करते हैं। मुझे नहीं पता कि उनकी महत्वाकांक्षाएं या लक्ष्य क्या हैं। निश्चित रूप से यह खबर संगीत के कई प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी। लेकिन मुझे लगता है कि वे किसी ऐसी चीज की तलाश में हैं जो उनके लिए ज्यादा कीमती है और उसके लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। -इम्तियाज अली

'अरिजीत जैसे बड़े कलाकार को अपने लिए प्लेबैक का दायरा, सीमित लग सकता है'

म्यूजिक राइट्स मैनेजमेंट' की CEO शैरली सिंह अरिजीत के इस फैसले पर कहती हैं, 'अरिजीत ने सिर्फ प्लेबैक सिंगिंग से दूरी बनाई है। प्लेबैक सिंगिंग असल में दूसरों की मांग पर किया जाने वाला काम है। प्लेबैक सिंगिंग एक गायक को पहले से तय ढांचे के भीतर काम करना होता है, इसमें फिल्म की कहानी, संगीतकार के निर्देश, डायरेक्टर का विजन, समय की सीमा और मालिकाना हक सब कुछ शामिल होता है। बड़े से बड़े स्तर पर भी, यह दूसरों की शर्तों पर तैयार किया गया काम ही रहता है। अरिजीत जैसे बड़े कलाकार को यह प्रक्रिया रचनात्मक और संरचनागत रूप से सीमित महसूस हो सकती है। जब गाने की लय, भावना, बोल, एडिटिंग, रीमिक्स और यहां तक कि गाने का भविष्य कहीं और से कंट्रोल किया जा रहा हो, तो एक कलाकार खुद को पूरी तरह एक्सप्रेस नहीं कर पाता।

उनका यह कदम कुछ गहरी बातों की ओर इशारा है। अपनी खुद की ऐसी धुनें बनाने की इच्छा जो कलाकार से शुरू हों, उन्हीं के साथ जिएं और उन्हीं के पास रहें। जब किसी कलाकार के पास दुनिया भर में ऐसे दर्शक हों जो सिर्फ उसकी फिल्मों को नहीं, बल्कि उसकी आवाज को फॉलो करते हों, तो अगला कदम खुद का संगीत बनाना ही होता है। ज्यादातर मामलों में ऐसा देखा भी गया है। ओरिजिनल म्यूजिक कलाकार को यह तय करने की आजादी देता है कि उसे क्या कहना है, कैसे कहना है और कब रिलीज करना है। यह जीवन और संगीत दोनों की लय को वापस लाता है। कई बार एक कलाकार अपनी कला को नया आयाम देना चाहता है, लेकिन प्लेबैक में ऐसा खुले तौर पर करना संभव नहीं होता। इसके लिए उन्हें एक आजादी की जरूरत होती है, जो उन्हें खुद का संगीत तैयार करने के दौरान ही मिल सकती है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी इस तरह के बदलाव देख चुके हैं। कई कलाकार दूसरों के लिए काम करने के बजाए अपने खुद के संगीत की ओर बढ़ते हैं क्योंकि वहां मिलने वाले अधिकार और हक उनकी कला की रक्षा करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कलाकार की मर्जी के बिना गाने को बार-बार एडिट या रीपैकेज नहीं किया जाएगा। इसलिए यह फैसला कमाई या कुछ रीक्रिएट करने से जुड़ा नहीं है। यह खुद के संगीत पर नियंत्रण, स्पष्टता और लगातार कुछ क्रिएटिव करने से जुड़ा है।'

अच्छा चलता हूं

-अरिजीत ने प्लेबैक को कहा अलविदा

एक पूरी पीढ़ी की आवाज बनने वाले अरिजीत अब प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा रहे हैं। इस फैसले पर उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार सफर रहा।'

अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग (फिल्मों के लिए गाना) छोड़ने की घोषणा की है। यह फैसला उन्होंने अपने करियर के उस मुकाम पर लिया जब वह हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय गायकों में शामिल हैं और अपने करियर के पीक पर हैं। सोशल मीडिया पर फैंस के साथ यह खबर साझा करते हुए अरिजीत ने लिखा, 'मैं अबसे प्लेबैक सिंगर के रूप में कोई नया काम नहीं लूंगा। मैं इसे यहीं रोक रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा।'

अरिजीत ने साफ किया कि इस फैसले का मतलब उनके संगीत का अंत नहीं है। उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्र रूप से काम करना जारी रखेंगे और अपने पुराने असाइनमेंट्स को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, 'ईश्वर मुझ पर बहुत मेहरबान रहा है। मैं अच्छे संगीत का प्रशंसक हूं और भविष्य में कलाकार के रूप में और भी बहुत कुछ सीखूंगा और खुद करूंगा। आप सबके सहयोग के लिए फिर से शुक्रिया। मुझे अभी कुछ पुराने प्रोजेक्ट्स पूरे करने हैं, मैं उन्हें पूरा करूंगा। इसलिए, आपको इस साल कुछ गाने सुनने को मिल सकते हैं। बस इतना साफ कर दूं कि मैं संगीत बनाना बंद नहीं करूंगा।' सालों तक सुपरहिट गाने देने और ढेरों अवॉर्ड्स जीतने के बावजूद अरिजीत हमेशा चकाचौंध से दूर रहे। वे बहुत कम इंटरव्यू देते हैं और मीडिया से दूरी बनाए रखते हैं। अपनी मर्जी से लो-प्रोफाइल रहना, उनकी आवाज की तरह ही उनकी पहचान का हिस्सा है।

साल 2016 में सलमान खान के साथ हुए विवाद के बाद, हमसे बात करते हुए अरिजीत ने इंडस्ट्री में सफलता और टिके रहने के अपने नजरिए पर खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'भगवान न करे, अगर कल मुझे गाने का मौका नहीं मिला, तो मैं म्यूजिक प्रोड्यूसर बन जाऊंगा। मैं एक साधारण इंसान हूं जो गांव (जियागंज, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल) से आता है और हम जैसे गांव वाले वही करते हैं, जो हमारे मन में होता है।'

– देवारती एस सेन।और रेणुका व्यवहारे के इनपुट्स से

फैंस के लिए प्लेलिस्ट

अरिजीत सिंह की प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने की घोषणा के बाद फिल्म इंडस्ट्री और फैंस के बीच कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर कुछ भी पुष्ट नहीं है।

अपना म्यूजिक लेबल?

2023 में द म्यूजिक पॉडकास्ट को दिए इंटरव्यू में अरिजीत ने संगीत जगत में कलाकारों के साथ होने वाले आर्थिक व्यवहार पर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'यह पूरा बिजनेस कलाकारों के दम पर चलता है। अगर सबको लगता है कि यह सही नहीं है, तो कुछ तो गलत है। लोगों को इस बारे में सोचना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा था, 'या तो काम का सही पैसा दो या काम दो ही मत। आखिर में हर चीज पर मोलभाव होता है।' उन्होंने यह भी कहा कि कुछ कलाकार बहुत भावुक होते हैं और जब काम के बदले वादे से कम पैसे मिलते हैं, तब आप एक कलाकार के भीतर की कला को मार देते हैं।' कई लोगों का मानना है कि इस तरह वे अपना म्यूजिक लेबल शुरू करने की इच्छा की ओर इशारा कर रहे थे।

मेरे को लगता है कि उन्हें फिर से सोचना चाहिए। वे बहुत टैलेंटेड हैं। उनके फैंस जो उनसे प्यार करते हैं, वे इस खबर से दुखी होंगे। - रमेश तौरानी

फिल्मों की तैयारी?

एक संभावना यह भी है कि अरिजीत प्रोडक्शन की ओर रुख कर रहे हैं और नवाजुद्दीन की बेटी की डेब्यू फिल्म को सपोर्ट कर रहे हैं।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in